# दैनिक जागरण
रविवारीय

वर्ष 73 ▸ अंक 221 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 10 मई, 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत् 2083
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com




मदर्स डे आज

**44.5** फीसदी महिलाएं बच्चों और घर की जिम्मेदारियों के कारण नौकरी नहीं कर पातीं।



**01** बच्चे वाले परिवारों का ट्रेंड बढ़ रहा है भारतीय शहरों में। इसकी वजह खर्च करियर और जीवनशैली है।



**21-23** साल के बीच पहुंच गई है पहली बार मां बनने की औसत उम्र। करियर और शिक्षा हैं इसकी वजह।



**73** फीसदी तक कम हो जाती है मातृत्व के बाद महिलाओं के काम पर लौटने की संभावना।

**स्रोतः** पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे और नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे

# प. बंगाल में शुभेंदु सरकार

## अधिकारी बने पहले भाजपाई सीएम, बांग्ला में ली शपथ, दिलीप घोष समेत 5 मंत्रियों ने ली शपथ, मोदी ने मंच से किया जनता को प्रणाम

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में शनिवार को एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया, जब भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वे पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के पहले मुख्यमंत्री बन गए। कोलकाता के परेड ग्राउंड में आयोजित भव्य समारोह में सुवेंदु अधिकारी ने बांग्ला भाषा में ईश्वर के नाम पर शपथ ग्रहण की। शपथ लेने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झुककर प्रणाम किया।



सुवेंदु अधिकारी के साथ भाजपा के पांच अन्य नेताओं ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू और निषिथ प्रमाणिक शामिल हैं। सभी नेताओं ने बांग्ला में शपथ लेकर बंगाल की सांस्कृतिक पहचान को प्रमुखता देने का संदेश दिया।

शपथ ग्रहण समारोह भाजपा और एनडीए के बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। इसके अलावा एनडीए और भाजपा शासित राज्यों के करीब 20 मुख्यमंत्री भी समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी थी। भाजपा समर्थकों ने 'जय श्रीराम' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ नए मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



**मंच से घुटनों के बल झुककर जनता को किया प्रणामः** मुख्यमंत्री और मंत्रियों के शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से लोगों को संबोधित किया। भाषण के अंत में उन्होंने घुटनों के बल बैठकर बंगाल की जनता को प्रणाम किया। पीएम के इस अंदाज पर कार्यक्रम स्थल तालियों और नारों से गूंज उठा।

पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के साथ ही सुशासन, सुरक्षा और विकास के एक नवयुग का आरंभ हो गया है। पश्चिम बंगाल अब सच्चे अर्थो में 'आमार सोनार बांग्ला' बनेगा। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं पश्चिम बंगाल के नवनियुक्त मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी के नेतृत्व में यह राज्य अब अपने पुराने गौरव और वैभव को प्राप्त कर समग्र विकास, निवेश, सुशासन एवं जनकल्याण के नए-नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

\- **डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री



### मोदी ने 98 साल के कार्यकर्ता के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री मोदी मंच पर मौजूद भाजपा के 98 वर्षीय वरिष्ठ कार्यकर्ता माखनलाल सरकार के पास पहुंचे। पीएम मोदी ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। माखनलाल सरकार पश्चिम बंगाल में भाजपा और राष्ट्रवादी आंदोलन के पुराने कार्यकर्ताओं में गिने जाते हैं। 1952 में वे जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ कश्मीर आंदोलन में शामिल हुए थे।

**रोड शो करते हुए पहुंचे पीएमः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शपथ ग्रहण समारोह स्थल तक रोड शो करते हुए पहुंचे। ग्राउंड की एंट्री से मंच तक उन्होंने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता समिक भट्टाचार्य और सुवेंदु अधिकारी भी मौजूद थे।

**गुरुदेव टैगोर को दी श्रद्धांजलिः** समारोह की शुरुआत में मोदी ने मंच पर गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की। बंगाली कैलेंडर के अनुसार 'पोचिशे बोइशाख' यानी 9 मई को टैगोर की 165वीं जयंती मनाई जाती है।


**चुनावी हिंसा में मारे गए कार्यकर्ताओं के परिवारों से मिले पीएमः** शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी हिंसा में मारे गए भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों से भी मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत कार्यकर्ताओं देबाशीष मंडल, सौमित्र घोषाल और आनंद पॉल के परिजनों से बातचीत कर उन्हें सांत्वना दी।




मना रहे हैं मदर्स डे!

## संक्षिप्त खबरें

### रिटायर्ड ले. जनरल सुब्रमणि नए सीडीएस



**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के शीर्ष सैन्य नेतृत्व में बड़े बदलाव का ऐलान किया। रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को देश का नया चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन भारतीय नौसेना के अगले प्रमुख होंगे। दोनों अधिकारी 31 मई को अपना कार्यभार संभालेंगे। मौजूदा सीडीएस जनरल अनिल चौहान का कार्यकाल 30 मई को समाप्त हो रहा है। एनएस राजा सुब्रमणि करीब 39 साल की सेवा के बाद वे 31 जुलाई 2025 को वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के पद से रिटायर हुए थे। फिलहाल वे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। वहीं 1 जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन हुए स्वामीनाथन कम्युनिकेशन इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर के विशेषज्ञ माने जाते हैं।

**वाइस एडमिरल स्वामीनाथन अगले नौसेना प्रमुख**

### अनिल के एडीए समूह के 17 ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को उद्योगपति अनिल अंबानी के रिलायंस एडीए समूह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई में 17 परिसरों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े मामलों में की गई है। सीबीआई के मुताबिक, एजेंसी ने इन कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन अलग-अलग मामलों में तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों के आवासीय परिसरों के साथ उन मध्यस्थ कंपनियों के दफ्तरों में भी छापेमारी की गई, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर फंड के हेरफेर के लिए किया गया था। सीबीआई ने विशेष अदालत से शुक्रवार को तलाशी वारंट हासिल किया था। अधिकारियों का दावा है कि छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और अहम सबूत बरामद किए गए हैं।



**एलआईसी व बैंकों से जुड़े केस में सीबीआई की कार्रवाई**

### आईपीएल में आज

**चैन्नई बनाम लखनऊ**
समय : अपराह्न 3.30 बजे से

**बेंगलुरु बनाम मुंबई**
समय : रात 7.30 बजे से

प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियोहॉटस्टार पर

**परिणामः गुजरात ने राजस्थान को 77 रनों से हराया।**

## राजधानी दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट

# भाजपा मुख्यालय व सरकारी इमारतों की सुरक्षा बढ़ाई गई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आतंकी हमले की आशंका को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं। इंटेलिजेंस एजेंसियों ने संभावित आतंकी खतरे को देखते हुए राजधानी में हाई अलर्ट जारी किया है। इसके बाद भाजपा मुख्यालय और आसपास की कई सरकारी इमारतों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित राजनीतिक और सरकारी दफ्तरों को निशाना बनाया जा सकता है। एजेंसियों ने आत्मघाती हमला, कार ब्लास्ट, गोलीबारी और द्रश्यष्ठ विस्फोट जैसी संभावनाओं को लेकर चेतावनी जारी की है। अलर्ट के बाद दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त जवानों की तैनाती कर दी है। कई जगह बैरिकेडिंग की गई है और वाहनों की रैंडम चेकिंग शुरू कर दी गई है। राजधानी के प्रमुख सरकारी दफ्तरों, भाजपा मुख्यालय और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी गई है।



# विजय ने पार की 'राज्यपाल बाधा'

## संशय खत्मः आज सुबह लेंगे सीएम पद की शपथ

**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु में पिछले कई दिनों से जारी राजनीतिक अनिश्चितता आखिरकार शनिवार शाम खत्म हो गई। तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) प्रमुख और अभिनेता सी. जोसेफ विजय ने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके बाद राज्यपाल ने विजय को मुख्यमंत्री पद के लिए नामित कर दिया। विजय रविवार 10 मई को सुबह 10 बजे चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ 9 अन्य मंत्री भी शपथ ग्रहण करेंगे। यह पहली बार होगा जब अभिनेता से राजनेता बने विजय तमिलनाडु की सत्ता संभालेंगे।

234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा में टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। पार्टी ने 108 सीटें जीती थीं, लेकिन बहुमत के लिए 118 सीटों की जरूरत थी। इसके बाद कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, वीसीके और आईयूएमएल ने विजय को समर्थन दिया। विजय ने राज्यपाल को कुल 120 विधायकों के समर्थन का दावा पेश किया। हालांकि विजय ने खुद दो सीटों से जीत हासिल की थी और उन्हें एक सीट छोड़नी होगी, जिसके बाद सदन की प्रभावी संख्या 233 रह जाएगी। ऐसे में बहुमत का आंकड़ा 117 होगा और टीवीके गठबंधन के पास 121 सीटों का समर्थन है।

### चार दिनों में चौथी बार राज्यपाल से मिले विजय

सरकार गठन को लेकर विजय पिछले चार दिनों में चौथी बार राज्यपाल से मिले। इससे पहले बहुमत का आंकड़ा पूरा न होने के कारण राज्यपाल ने उन्हें इंतजार करने को कहा था। शनिवार को वीसीके और आईयूएमएल के समर्थन के बाद विजय कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, वीसीके और आईयूएमएल नेताओं के साथ लोक भवन पहुंचे और सरकार बनाने का दावा पेश किया।



### टीवीके मुख्यालय के बाहर जश्न

विजय के सरकार बनाने का दावा पेश करते ही चेन्नई में टीवीके मुख्यालय के बाहर जश्न शुरू हो गया। समर्थकों ने पटाखे फोड़े और विजय के पोस्टर लेकर नारेबाजी की। बड़ी संख्या में लोग लोक भवन के बाहर भी जमा हुए थे।

**वीसीके डीएमके गठबंधन में बनी रहेगीः** वीसीके प्रमुख थोल थिरुमावलवन ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी अब भी डीएमके-नीत गठबंधन का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति शासन से बचने और सबसे बड़ी पार्टी को वीसीके ने स्वतंत्र रूप से समर्थन दिया है।

**स्टालिन बोले- नई सरकार जारी रखे जनकल्याण योजनाएंः** तमिलनाडु के कार्यवाहक सीएम और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने नई सरकार को शुभकामनाएं दीं और कहा कि डीएमके सरकार द्वारा वंचित वर्गों के लिए शुरू की गई जनकल्याण योजनाएं नई सरकार को जारी रखना चाहिए।

**खुलासा** — पहली बार माना- ऑपरेशन सिंदूर में तैयार किए थे जेट्स

# चीन ने दी थी पाक को तकनीकी मदद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के खिलाफ हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान की मदद की थी। पहली बार चीन की ओर से सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार किया गया है कि उसने संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई थी। यह दावा चीन के सरकारी मीडिया सीसीटीवी पर प्रसारित एक इंटरव्यू में सामने आया। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, चेंगदू एयरक्राफ्ट डिजाइन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के इंजीनियर झांग हेंग ने इंटरव्यू में कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान में तैनात थी और वहां लड़ाकू विमानों व संबंधित सैन्य सिस्टम को पूरी तरह ऑपरेशनल बनाए रखने का काम कर रही थी। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य फाइटर जेट्स को युद्ध के लिए हर समय तैयार रखना था। चीनी इंजीनियर झांग हेंग ने बताया कि पाकिस्तान में सपोर्ट बेस पर लगातार फाइटर जेट्स की आवाजें और एयर रेड सायरन सुनाई देते थे। उन्होंने कहा कि मई की भीषण गर्मी में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता था, जिससे हालात बेहद कठिन हो गए थे।

भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह जुलाई 2025 में यह दावा कर चुके थे कि चीन ने ऑपरेशन सिंदूर को 'लाइव लैब' की तरह इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा था कि चीन ने अपने सैटेलाइट नेटवर्क के जरिए भारतीय सैन्य गतिविधियों की निगरानी की और पाकिस्तान को रियल टाइम इनपुट दिए।




### पाक ने इस्तेमाल किए चीन के जे-10सीई

रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान एयर फोर्स ने चीन में बने जे-10सीई फाइटर जेट का इस्तेमाल किया। यह चीन के जे-10सी मल्टीरोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट का एक्सपोर्ट वर्जन है। इन विमानों का निर्माण चीनी रक्षा कंपनी एवीआईसी की सहायक इकाई करती है।

**पाक को और आधुनिक हथियार देने की तैयारी**

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन अब पाकिस्तान को अपना पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट जे-35 बेचने पर विचार कर रहा है। रक्षा विशेषज्ञ इसे चीन की रक्षा तकनीक को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने की रणनीति से जोड़कर देख रहे हैं।



# सैन्य सम्मान के साथ कमलेश पाठक का हुआ अंतिम संस्कार

## मां भारती के लाल को हजारों नम आंखों ने दी विदाई



**जागरण, रीवा।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस भोपाल में एएसआई के पद पर पदस्थ कमलेश पाठक रीवा जिले के कुल्लू निवासी का कैंसर की लंबी बीमारी के कारण गत शुक्रवार को भोपाल में निधन हो गया था, जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को उनके गृह ग्राम कुल्लू में पूरे सैन्य सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया गया। सैनिक कमलेश पाठक के पिता मधुसूदन प्रसाद पाठक सेना में अपनी सेवाएं देकर रिटायरमेंट के बाद ग्राम कल्लू के सरपंच रहे। सैनिक कमलेश पाठक के दो पुत्र, जिसमें बड़े पुत्र राजा ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान डिप्टी सीएम के प्रतिनिधि समाजसेवी राजेश पांडे, राम प्रकाश, राम मिलन राम लखन, केदारनाथ पाठक, गोकरण, संतोष, अशोक, इंजीनियर अनिल पाठक, डॉक्टर आदित्य, मनोज, चंद्रभूषण, अनुराग, अनूप, प्रकाश, अंकित आदि परिवार जनों के साथ ही हजारों लोगों ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर मां भारती के लाल को नम आंखों से विदाई दी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस द्वारा मृतक सैनिक के पत्नी को अंतिम संस्कार हेतु एक लाख रुपए की राशि प्रदान की।

# उप मुख्यमंत्री ने प. बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी को दी बधाई



**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कोलकाता में पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री सुवेन्दु अधिकारी से आत्मीय भेंट कर उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता द्वारा दिया गया यह ऐतिहासिक जनादेश प्रदेश में विकास, सुशासन, सुरक्षा एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रति जनता के अटूट विश्वास को नई मजबूती प्रदान करता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल विकास एवं जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर होगा और राज्य प्रगति एवं समृद्धि के नए प्रतिमान स्थापित करेगा।

# कलेक्टर से चर्चा के बाद हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटे अधिकारी-कर्मचारी

## बेहतर काम करने एवं परिणाम लाने के वायदे के साथ खत्म हुई लड़ाई

जागरण, रीवा



कलेक्टर और पंचायत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच चली आ रही लड़ाई दूसरे दिन चर्चा के उपरांत खत्म हो गई। दो दिन तक तनातनी चलने के बाद समझौता हो गया। कलेक्टर ने सभी पंचायत विभाग के कर्मचारियों, अधिकारियों को शनिवार को सभागार में चर्चा के लिए बुलाया। सभागार में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी और कर्मचारियों के बीच में संवाद हुआ। बैठक में कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ ने आश्वस्त किया कि ऐसी कोई पुनरावृत्ति नहीं होगी, जिसमें किसी के मान सम्मान को ठेस पहुंचे, इसके बाद दोनों पक्षों के बीच गिले-शिकवे दूर हो गये। सभी कर्मचारियों ने कलेक्टर का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी बेहतर काम करके परिणाम लाकर दिखाएंगे। जिससे जिले की स्थिति हर मामले में अच्छी हो जाएगी। इस चर्चा के बाद ही पंचायत विभाग के कर्मचारियों की चली आ रही अनिश्चितकालीन हड़ताल भी खत्म हो गई।

गौरतलब है कि गत बुधवार को कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की बैठक बुलाई थी। बैठक में जिले भर के अधिकारियों को तलब किय गया था। प्रदेश में रीवा की स्थिति खराब होने पर सभी अधिकारियों की वन टू वन कलेक्टर ने क्लास लगाई और काम करने की नसीहत दी। इसी दौरान एक महिला अधिकारी घबराकर बेहोश हो गई। इसी घटना के बाद पंचायत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी कलेक्टर के खिलाफ लामबंद हो गए। कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर पर मानसिक प्रताड़ना और अपशब्दों के प्रयोग का आरोप लगाया गया। कमिश्नर से भी शिकायत कर ज्ञापन सौंपा गया। कलेक्टर एवं सीईओ को हटाने की मांग की गई। अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई। इसके बाद कर्मचारी, अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय के बाहर धरने पर भी बैठ गए। दो दिन हड़ताल चली। बताया गया है कि कलेक्टर ने शनिवार को प्रदर्शनकारियों को चर्चा के लिए सभागार में बुलाया। दोनों पक्षों के बीच चर्चा होने के बाद मामला खत्म हो गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गिले-शिकवे भूलकर कलेक्टर को आश्वासन दिया है कि वह पूरी इमानदारी से काम करेंगे और बेहतर परिणाम देंगे।

### असंसदीय भाषाओं का प्रयोग न करने के साथ रखीं ये मांगें

इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बैठक के दौरान अधिकारी/कर्मचारियों से अभद्र, अमर्यादित, अशोभनीय एवं असंसदीय भाषाओं का प्रयोग न करने, अधिकारी/कर्मचारियों के कार्य में वापस आने के बाद किसी को विशेष रूप से लक्षित कर कार्यवाही न किए जाने का अनुरोध, प्रगति के लिए वर्ष 2025-26 में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत समस्त अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध की गई वेतन कटौती, वेतन वृद्धि रोकने एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही के आदेश निरस्त करने। विभाग की समस्त योजनाओं अंतर्गत अल्प समय में ग्रेडिंग हेतु समस्त को निर्देशों के दबाव के कारण त्रुटियों की संभावना रहती है, जिससे रीवा व मऊगंज में जागरूक लोगों के होने के कारण अत्यधिक संख्या आरटीआई एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा विधान सभा में प्रश्न लगाए जाकर शिकायतें की जाती हैं। संविदा में पदस्थ समस्त विभागों के अमले को समीक्षा एवं भ्रमण के दौरान इस तरह की चेतावनी कि आपकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी, जैसे शब्दों पर रोक लगाई जाए। जब तक अति आवश्यक न हो तो अवकाश दिवस व कार्यालय समय पश्चात बैठक/मीटिंग न की जाए, मीटिंग बुलाए जाने के पूर्व पर्याप्त समय दिया जाए। जनपद स्तर पर वित्तीय, तकनीकी एवं स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तर से राज्य स्तर पर समन्वय कर सीधे राज्य स्तर पर बात करने के लिए न कहा जाए तथा मीटिंग के माध्यम से जो ग्रामीण विकास विभाग की छवि खराब की गई है, उसका खंडन किया जाए। मांगों के दौरान नरेगा योजना में विगत नवंबर 2025 से लेकर भुगतान, सामग्री भुगतान, अधिकारी, कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं हुआ है, ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी हम सब कार्य करते हुए जिले को प्रदेश स्तर पर सम्मान जनक पोजीशन में रखने हेतु कड़ी मेहनत करने के लिए संकल्पित हैं।

# कचरे से पटा नया बस स्टैण्ड में कई दिनों से नहीं उठा

## होटल वाले भी फेंक रहे कचरा, दिन भर लगा रहता है आवारा मवेशियों का जमघट




**जागरण, रीवा।** शहर के समान बस स्टैंड के समीप अघोषित कचरा डंप प्वाइंट बन चुका है, यहां क्विंटलों कचरा एकत्रित करके रखा गया है, जिसका काफी समय से उठाव नहीं हुआ। आसपास का कचरा तो यहां डाला ही जाता है, जहां कचरा एकत्रित किया जाता है वहीं एक निजी होटल है, उसका कचरा लोग ऊपर से ही यहां फेंक देते हैं। जिससे कचरा बढ़ता जा रहा है, कचरे के कारण यहां दिनभर आवारा मवेशियों का जमघट लगा रहता है, जो दिन भर कचरा तो बिखेरते हैं, साथ ही आसपास से निकलने वाले लोगों को कभी भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

समान बस स्टैंड निगम द्वारा ठेके पर दिया गया है, यहां के कुछेक दुकानदारों ने बताया कि ठेकेदार नियमित सफाई नहीं करवाता, दुकानदारों को अपने व्यय पर राशि एकत्रित करके सफाई कर्मी बुलवाकर सफाई करवाना पड़ती है, पुलिस थाने के बगल से कचरा डाल दिया जाता है जो कई दिनों तक पड़ा बदबू मारता रहता है, साथ ही यहां डाले जाने वाले कचरे के कारण आवारा मवेशियों ने अपना स्थाई अड्डा बना लिया है, जो बस स्टैंड आने- वाले यात्रियों पर झपटते हैं, जिससे लोगों को भागना पड़ता है, दुकानदारों का कहना है कि ठेकेदार नियमित सफाई नहीं करवाता तो उस पर निगम को कार्यवाही की जाना चाहिए साथ ही यहां गंदगी फैलाने वाले होटल संचालक व स्टाफ पर भी जुर्माना ठोकना चाहिए, जिससे यहां कचरा फेंकना बंद होगा, अन्यथा ऐसा तो आगे भी चलता रहेगा और यहां से गंदगी कभी साफ नहीं होगी।

# बिजली के खंभों में बरसात में फैली बेलें अभी भी झूल रहीं

## बिजली कंपनी ने हटाने तक की जहमत नहीं उठाई



**जागरण, रीवा।** गत वर्षाकाल में शहर में लगे बिजली के खंभों में बरसाती बेलें फैल गई थीं जो वर्तमान में सूख चुकी हैं और खंभों पर ही झूल रही हैं, बिजली वितरण कंपनी ने वर्षाकाल के बाद से आज तक खंभों पर झूल रहीं बेलों को हटवाने की जहमत नहीं उठाई। शहर के बाहरी क्षेत्रों में इस प्रकार की लापरवाही देखने को मिले तो उन क्षेत्रों में बिजली कंपनी के कर्मचारियों का कम ही जाना-आना होता है, किन्तु शहर के बीच इस प्रकार की लापरवाही बरतना, अपना दायित्व बखूबी न निभाने की श्रेणी में आता है।

शहर के बजरंग नगर, इंदिरा नगर, नेहरू नगर में बिजली के खंभों पर सूख चुकी बेलें झूलकर खतरे को आमंत्रण दे रही हैं। लोगों ने बताया कि आए दिन झूलती खरपतवार के कारण फॉल्ट होते रहते हैं, तार आपस में टकराने से चिंगारी निकलती है, जिससे सड़क से निकलने वाले लोगों को खतरा बना रहता है, कई बार स्पार्किंग होने से तार भी टूट जाते हैं, जिससे मोहल्ले के लोगों को बिजली बंद होने तक निकलने वाले लोगों को सतर्क करना पड़ता है। झूल रही बेलों के साथ ही पेड़ों की टहनियां तारों घेरे हैं इनसे भी बिजली फॉल्ट होती है, कर्मचारी फॉल्ट तो सुधार जाते हैं किन्तु फॉल्ट क्यों हुआ, इसकी तह तक जाने का प्रयास नहीं करते।

# लक्ष्मण बाग इंडस्ट्रियल एरिया की सड़क पर चलना किसी करतब से कम नहीं

## दलदल से पटी वार्ड 44 की सड़कें, पैदल चलने वालों के साथ फिसल रहे वाहन



**जागरण, रीवा।** शहर के वार्ड क्रमांक 44 गोल क्वार्टर के पीछे स्थित इंडस्ट्रियल एरिया की सड़कें गर्मी के सीजन में भी दलदल, कीचड़ से पटी हैं, जिसमें पैदल निकलने वालों को भी परेशानी हो रही है, वहीं दो पहिया वाहन फिसल रहे हैं तो चार पहिया वाहन भी दलदल के कारण रैलकर सड़क छोड़ देते हैं, जिससे पूरे वार्ड के लोग परेशान हो रहे हैं। वार्ड के पूर्व पार्षद नीरज पटेल ने बताया कि वार्ड की सड़कों की स्थिति बहुत ही खराब है, गर्मी में ये हालात हैं तो बरसात में क्या होगा? लोग कैसे आना-जाना करेंगे। कीचड़ और दलदल से पटी सड़कों के कारण आवश्यक कार्य होने पर ही लोग घरों से निकलते हैं, बाकी समय अपने घरों में ही कैद रहने को मजबूर हैं, खेलने के लिए वार्ड के बच्चे बाहर नहीं निकल पाते, वार्डवासी सुबह-शाम सैर करने, टहलने भी नहीं निकल पाते, दलदल भरी सड़कों पर वाहन चलाने के साथ ही पैदल चलना भी किसी करतब से कम नहीं है। वर्षाकाल के पूर्व यदि सड़क निर्माण हो जाए तो संभवतः लोगों को राहत मिलेगी अन्यथा बरसात में लोगों का घरों से निकलना दूभर हो जाएगा।

### पाइप लाइन, सीवर लाइन दोनों डल चुकी, फिर भी नहीं बना रहे

वार्ड के रहवासियों ने बताया कि वार्ड में पेयजल पाइप लाइन बदलने के साथ ही सीवर लाइन भी डल चुकी है, जिसको जोड़ भी दिया गया है, अब लोगों को सड़क बनने का इंतजार है, किन्तु पेयजल पाइप लाइन व सीवर लाइन डालने वाले ठेकेदार सड़क खोदकर चले गए और दोबारा लौटकर नहीं आए, निगम के जिम्मेदार भी इधर झांकने को तैयार नहीं, ऐसे में वर्षाकाल में तो बहुत ही दिक्कत आएगी, क्योंकि इसके आगे तोपखाना, सिन्धी कॉलोनी होने के साथ ही आवास योजना के घर भी बने हैं, सभी लोगों को इसी मार्ग से होकर निकलना पड़ता है।

# पर्ची काउंटर में वीआईपी ट्रीटमेंट से परेशान हो रहे मरीज

### लंबी लाइन के बीच चहेतों को पहले दिया जाता है प्रवेश

**रीवा।** एसजीएमएच की पुरानी ओपीडी के पर्ची काउंटर में मरीजों की लंबी कतार लग रही है। मौसम के बदलाव के बाद मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। यहां एक तो काउंटर व लाइन के लिए जगह कम होने से मरीजों व उनके परिजनों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं इन लंबी कतारों के बीच पर्ची काउंटर में बैठे कर्मचारी व्हीआईपी ट्रीटमेंट देने लगते हैं, जिससे और ज्यादा परेशानी बढ़ जाती है। सिफारशी लोगों व अपने जान-पहचान वालों को पर्ची काउंटर में बैठे कर्मचारी पहले पर्ची बनाने लगते हैं। इतना ही नहीं वह इस दौरान उनके साथ इतना व्यस्त हो जाते हैं कि लंबी कतार में खड़े मरीजों को भुला दिया जाता है। जो पर्ची दो मिनट में कटती है उसमें 5 से 7 मिनट का समय एक व्यक्ति पर लगा दिया जाता है, जिससे लंबी कतार में लगे मरीजों को काफी इंतजार करना पड़ता है। एसजीएमएच की पुरानी ओपीडी में इस बात को लेकर विवाद भी होते हैं। बीच में पर्ची को लेकर ही एक महिला और आपरेटर के बीच हुए विवाद से हड़कंप मच गया था। इसके बाद भी सुधार नहीं किया गया। फोन की व्यस्तता और वीआईपी ट्रीटमेंट से मरीज व परिजन और ज्यादा परेशान हो जाते हैं।

# लोक अदालत में आपसी सुलह से किया गया प्रकरणों का निराकरण



## 1480 प्रकरणों का निराकरण कर पारित किया गया 18.69 करोड़ रुपये का अवार्ड

**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर जिला न्यायालय सहित जिले भर की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत के माध्यम से जिले भर में दोनो पक्षों की सहमति से 1480 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 18.69 करोड़ रुपये से अधिक का अवार्ड पारित किया गया। इसके अलावा नगर निगम एवं जिले के अन्य निकायों में भी लोक अदालत का आयोजन संपत्तिकर एवं जलकर सहित अन्य करों की बकाया राशि जमा करने पर छूट का लाभ प्रदान किया गया। लोक अदालत के प्रति पक्षकारों में विशेष उत्साह देखा गया। जिला अदालत परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश महीन प्रधान प्रधान द्वारा नवीन न्यायालय भवन के कांफ्रेंस हाल में दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बाताया कि नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते के तहत प्रकरण निराकरण हेतु जिला एवं तहसील न्यायालयों में कुल 47 खंडपीठों का गठन किया गया जिसमें प्रीलिटिगेशन के 2424 प्रकरण में 831 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 11385456 राशि का अवार्ड पारित किया गया एवं 1157 लंबित प्रकरणों में 649 प्रकरणों के निराकरण किया गया और 175515346 रुपए का अवार्ड करते हुए उक्त प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। इस तरह कुल 1480 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं 186900802 रुपये के अवार्ड पारित किए गए। लोक अदालत में दिनभर न्यायाधीश गण प्रकरणों के निराकरण में लगे रहे। इसके अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता शिवेन्द्र उपाध्याय, सह सचिव अनिल तिवारी, रितेश गुप्ता, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा, डिफेंस कौसिल के अधिवक्ता सुरेन्द सिंह, मंजूर आमद मंसूरी, आनंद पाण्डेय आरती तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### नेशनल लोक अदालत में निर्णित प्रकरणों का विवरण

| प्रकरण ही प्रकृति | निराकृत प्रकरणों की संख्या | समझौता राशि |
|---|---|---|
| दांडिक प्रकरण | 206 | 278000 |
| चेक बाउंस प्रकरण | 99 | 14525626 |
| मोटर क्लेम प्रकरण | 40 | 22162348 |
| ट्रैफिक चालाना | 41 | 12500 |
| आर्थिक प्रकरण | 03 | 1650639 |
| लैण्ड एक्यूजीशन | 01 | 80000 |
| सिविल प्रकरण | 27 | 270000 |
| आर्बिटेशन | 03 | 129544989 |
| परिवारिक विवाद प्रकरण | 19 | 430000 |
| विद्युत लंबित प्रकरण | 163 | 2251767 |
| उपभोक्ता फोरम | 06 | 3891677 |
| प्लीबार्गेनिंग | 08 | 0 |
| अन्य लंबित प्रकरण | 33 | 417800 |
| विद्युत प्रकरण प्रीलिटिगेशन | 380 | 4958307 |
| बैंक प्रीलिटिगेशन प्रकरण | 102 | 5415401 |
| जल कर के प्रीलिटिगेशन | 328 | 877902 |
| अन्य प्री-लिटिगेशन प्रकरण | 15 | 58945 |
| दूरभाष | 06 | 77901 |
| **कुल** | **1480** | **186900802** |

# दिग्गज कंपनियों में युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर

**रीवा।** मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन आगामी 20 मई को युवाओं के लिए एक युवा संगम यानी रोजगार, स्वरोजगार एवं और अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित करने जा रहा है। मनगवां बस्ती, इलाहाबाद रोड पर स्थित श्री कृष्णा फार्मेसी कॉलेज में इस एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि मेले में शामिल होने के लिए रीवा जिले के इच्छुक आवेदक 20 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 20 बड़ी कंपनियाँ और नियोजक हिस्सा ले रहे हैं। इनमें टाटा मोटर्स गुजरात, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक गुजरात, जेबिल सर्किट रंजनगांव, फोर्स मोटर्स, टीवीएस इलेक्ट्रॉनिक्स बेंगलुरु, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, अमेज़न वेयरहाउस पुणे और डिक्सन टेक्नोलॉजीज जैसी कई अन्य नामी कंपनियाँ शामिल हैं। इसके अलावा एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस और रीवा की स्थानीय कंपनियाँ जैसे प्रभा बायोप्लांट्स और प्रगतिशील बायोटेक भी युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान करेंगी। मेले में चयनित होने वाले उम्मीदवारों को उनकी योग्यता और पद के आधार पर 7 हजार रुपये से लेकर 35 हजार रुपये तक का मासिक वेतन व भत्ते दिए जाएंगे। मेले में भाग लेने के लिए 8वीं, 10वीं, 12वीं पास अभ्यर्थियों के साथ-साथ स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई के सभी ट्रेड में उत्तीर्ण छात्र और डिप्लोमाधारी युवा आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों की आयु सीमा 18 से 28 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है।

# जनगणना कार्य में कोई बहानेबाजी स्वीकार नहीं की जाएगी : अक्षत जैन

**रीवा।** भारत की जनगणना 2027 अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की समीक्षा के दौरान प्रमुख नगर जनगणना अधिकारी एवं निगम आयुक्त अक्षत जैन द्वारा जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों एवं प्रगणकों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता, अनियमित उपस्थिति अथवा कार्य में बहानेबाजी स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रमुख नगर जनगणना अधिकारी ने कहा कि कुछ कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से कार्य नहीं किए जाने तथा निर्धारित दायित्वों का गंभीरता से पालन नहीं करने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। ऐसे प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रेषित किया जा रहा है। उन्होंने सभी सुपरवाइजर, प्रगणक एवं संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे जनगणना कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ संपादित करें तथा प्रतिदिन निर्धारित प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की कोताही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।




## डाक विभाग में डायरेक्ट एजेंटों का होगा चयन

**रीवा।** भारत सरकार द्वारा भारतीय डाक विभाग में डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए डायरेक्ट सेल्स एजेंट (इनसेंटिव आधारित) के चयन के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में अधीक्षक डाकघर रीवा संभाग ने बताया कि चयन प्रक्रिया के लिए साक्षात्कार 20 मई तक संचालित किए जाएंगे। साक्षात्कार का समय सुबह 11.30 बजे रखा गया है। इच्छुक आवेदक अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय अधीक्षक डाकघर रीवा संभाग सिरमौर चौराहा द्वितीय तल में निर्धारित समय में उपस्थित हो सकते हैं।




# प्रपोगंडा निकली सिंगरौली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष की नियुक्ति





### जिसके हस्ताक्षर से नियुक्त पत्र जारी हुआ, उस नाम का कोई अधिकारी नहीं

### सोशल मीडिया में वायरल हुआ नियुक्त पत्र फर्जी निकला

जागरण, रीवा

प्रदेश के निगम एवं मंडलों में नियुक्त के लिए राजनीतिक स्तर पर फर्जीवाड़ा एवं प्रपोगंडा भी प्रारंभ हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल ऐसे ही एक नियुक्ति आदेश के बाद सिंगरौली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में भाजपा नेता वीरेंद्र गोयल को बधाइयां मिलने लगी। उन्होंने भी मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर नियुक्त संघ की बधाइयां प्राप्त की और मुंह में मीठा किया। उन्होंने इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया में वायरल कर दी। दूसरी तरफ राज्य शासन द्वारा पहले से नियुक्त दिलीप शाह को जब इसकी जानकारी हुई तो हुए राजधानी पहुंचे और नियुक्त के संबंध में पड़ताल की तो पता चला कि कोई नियुक्ति आदेश जारी ही नहीं हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल नियुक्ति आदेश ही फर्जी हैं। किसी के द्वारा यह प्रपोगंडा रचा गया है। जिसके हस्ताक्षर से यह नियुक्ति पत्र जारी हुआ, वह अब वायरल हो रहा है, उस नाम का कोई अधिकारी ही वल्लभ भवन में पदस्थ नहीं है।

राज्य शासन द्वारा अपने स्तर पर जब इसकी पड़ताल कराई गई तो यह आदेश ही फर्जी निकला। जिस ढंग से यह आदेश जारी किया गया है, वर्तमान में इस तरह का आदेश जारी ही नहीं होता। वर्तमान में अब डिजिटल हस्ताक्षर से नियुक्ति आदेश जारी किए जा रहे हैं। इसके साथ ही तो वायरल आदेश में किसी को प्रतिलिपि नहीं भेजी गई है। जिससे प्रतीत होता है कि उक्त फर्जी आदेश के माध्यम से किसी ने श्री गोयल को तरीके से शिकार बनाया है।

### पार्टी की हुई किरकिरी : दिलीप शाह

राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अप्रैल 2023 में नियुक्त किये गये सिंगरौली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिलीप शाह ने सोशल मीडिया पर वायरल तथाकथित अध्यक्ष संबंधी आदेश पर टिप्पणी करते हुए कहा कि किसी शरारती तत्व द्वारा यह फर्जी आदेश जारी किया गया है। यह श्री गोयल के साथ किया गया भद्दा मजाक है। श्री गोयल भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं, इससे उनके साथ-साथ पार्टी की भी किरकिरी हुई है। उन्होंने बताया कि उक्त आदेश की जानकारी होने पर उन्होंने भी अपने स्तर पर पता लगाया है। यह आदेश राज्य शासन द्वारा जारी ही नहीं किया गया है।

### अजय कुमार सिंह नाम के कोई अवर सचिव नहीं

सिंगरौली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष की नियुक्ति नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के अवर सचिव अजय कुमार सिंह के हस्ताक्षर से 1 मई 2026 को जारी की गई है। सूत्रों के अनुसार राज्य शासन द्वारा कराई गई पड़ताल में उक्त विभाग में अजय कुमार सिंह नाम के कोई अवर सचिव नियुक्त नहीं है। यह नियुक्ति केवल सोशल मीडिया की उपज बताई जा रही है। भाजपा नेता वीरेंद्र गोयल ने भी स्वीकार किया कि राज्य शासन द्वारा नियुक्त संबंधी कोई आदेश उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि लोगों ने हमें बधाई दी, जिसे हमने स्वीकार कर लिया। रही बात नियुक्ति की, तो यह राज्य शासन जाने की किसको कहां नियुक्त किया गया है।

## तेज रफ्तार कार का फटा टायर, आधा दर्जन घायल



**रीवा।** कार से मैहर बच्चे का मुंडन संस्कार कराने जा रहा परिवार शनिवार को हादसे का शिकार हो गया। रीवा के गुढ़ से माँ शारदा माता मंदिर जाने परिवार के लोग निकले थे। बताया गया कि जैसे ही कार सवार अमरपाटन के पास पहुंचे कार का टायर फट गया और तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के दौरान वाहन में सवार बच्चे सहित करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए जिन्हें हाईवे पेट्रोलिंग टीम व 108 एम्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए सिविल अस्पताल अमरपाटन लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद 6 घायलों को गंभीर हालत में संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया, जहां चिकित्सकों द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है।

### विन्ध्य क्षेत्र में पहली बार हुआ स्किन डोनेशन

## पूर्व डीपीओ ने पति की मौत के बाद कराया दान

### लोगों में अंगदान के प्रति बढ़ी जागरुकता, उप मुख्यमंत्री का प्रयास हो रहा सफल

**जागरण, रीवा।** विन्ध्य क्षेत्र में पहली बार स्किन का डोनेशन किया गया। श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय अन्तर्गत संजय गांधी अस्पताल में गत दिनों दिवंगत व्यक्ति के शरीर से उनके परिजनों ने स्किन डोनेट कराई। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गत मई माह में स्किन बैंक के शुभारंभ अवसर पर लोगों से आह्वान किया था कि अपने निकटतम दिवंगत परिजनों का अंगदान करें जिससे अन्य मरीजों के लिए अंग उपयोग में आ सकें। उप मुख्यमंत्री की पहल का सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं और लोगों में अंगदान के प्रति जागरुकता बढ़ी है। स्किन बैंक के शुभारंभ के चार माह में ही स्किन दान का निर्णय लोगों में अंगदान से संबंधित जागरुकता का प्रमाण है। गत दिनों तोपखाना महाजन टोला रीवा निवासी शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय का देहांत हो गया था। रीवा की पूर्व जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग प्रतिभा पाण्डेय, जो वर्तमान में महिला एवं बाल विकास विभाग कटनी में जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं, उन्होंने अपने स्व. पति श्री पाण्डेय की स्किन को डोनेट करने की इच्छा व्यक्त की। श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में सर्जन डॉ सौरभ सक्सेना और डॉ अजय पाठक की टीम ने स्व.पाण्डेय के शरीर की स्किन हार्वेस्टिंग करके स्किन बैंक में प्रिजर्व की गई। इस प्रिजर्व की हुई स्किन को माइक्रो बायॅलाजिकल एण्ड बायोकेमिकल टेस्ट के पश्चात प्रोसेसिंग कर आवश्यकतानुसार अन्य गंभीर या ज्यादा जले हुए मरीज में लगाई जा सकेगी और इससे गंभीर जले हुए मरीजों की जान बच सकेगी। स्व.शिवेन्द्र पाण्डेय की स्किन के अतिरिक्त उनके परिजनों ने उनकी कार्निया का भी दान किया है।

### 6 घंटे की है प्रोसेस

विभागाध्यक्ष डॉ.सौरभ सक्सेना ने बताया कि दुर्घटना या बीमारी से व्यक्ति की मृत्यु के चार से छः घंटे के समय में स्किन हार्वेस्टिंग कर मृत व्यक्ति का शरीर परिजनों को सौंपा दिया जाता है। श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय में स्किन डोनेशन व ऑर्गन डोनेशन से संबंधित जागरुकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के स्किन बैंक में दानदाताओं से प्राप्त स्किन को छः माह से दो साल तक सुरक्षित रखा जा सकता है तथा आवश्यकतानुसार इसे बिना किसी जोखिम के जरूरतमंद मरीजों के उपयोग में लाया जा सकता है।

## हाईवे की जद में आ रहे 10 मकानों में चला बुल्डोजर



**रीवा।** एमपीआरडीसी की जमीन पर बने मकानों को शनिवार को प्रशासन के साथ पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जमींदोज कर दिया। जेसीबी से दस घरों को ध्वस्त किया गया है। इस कार्यवाही के दौरान मकानों में निवासरत लोगों ने पूरी कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए विरोध भी जताया। विरोध के बीच हाइवे में स्थित एमपीआरडीसी की जमीन पर बने मकानों को जमींदोज कर कार्यवाही पूरी की गई। जानकारी के मुताबिक रायपुर कर्चुलियान हाईवे मार्ग स्थित कोष्टा में एमपीआरडीसी द्वारा पूर्व में अधिग्रहित जमीनों का मुआवजा लेने के बाद भी लोगों ने घर बना रखा था। हालाकि यह कार्यवाही बीते डेढ़ वर्ष से लंबित चल रही थी, मकानों को चिन्हित कर पूर्व में नोटिस भी दी गई थी जिसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका था। बताया गया कि शनिवार को 10 कच्चे और पक्के मकानों का उतना हिस्सा ढहाया गया जो एमपीआरडीसी की जद में थे। हालांकि इस कार्यवाही के दौरान स्थाानीय लोगों का विरोध भी झेलना पड़ा है। लोगों ने कहा कि यह कार्यवाही दबंगों के इशारे में और अन्यायपूर्ण की गई है। पीड़ितों ने बताया कि जितनी जमीनी हाईवे में फंसती है, उससे कहीं ज्यादा दूरी पर बने मकानों को ढहाया गया है। इसके अलावा पीड़ितों ने बिना किसी सूचना और नोटिस के घरों को गिराने का आरोप लगाया। फिलहाल विरोध के बीच पुलिस और प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

## घर के सामने खड़ी कवि की कार चुरा ले गए बदमाश

### समान थाना क्षेत्र के आचार्य नगर की घटना



**जागरण, रीवा।** शहर में चोर मंडली की सक्रियता हर आम और खास आदमी के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। ताजा घटनाक्रम समान थाना क्षेत्र के आचार्य नगर में सामने आया जहां कवि की कार को अज्ञात चोर चुरा ले गए। बताया गया कि सुप्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य कवि उमेश मिश्र विहान की कार घर के बाहर खड़ी थी, जिसे अज्ञात चोरों ने देर रात पार कर दी। घटना ने एक बार फिर शहर की सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि गश्त पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुक्रवार सुबह जब परिवार के लोगों की नजर बाहर पड़ी तो कार गायब थी। पहले आसपास तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पीड़ित तत्काल समान थाने पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आचार्य नगर जैसे व्यवस्थित और आबादी वाले क्षेत्र में इस तरह की वारदात होना यह दर्शाता है कि चोरों को पुलिस का कोई भय नहीं रह गया है। लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर सख्त निगरानी की मांग की है। सूत्रों की मानें तो पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और वाहन चोर गिरोहों के पुराने रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। हालांकि खबर लिखे जाने तक चोरी गई कार का कोई सुराग नहीं मिल सका था।

### नियमों को ताक पर रख बेखौफ दौड़ रहे शहर में ऑटो

**रीवा।** शहर में पदस्थ हुए नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक गुरुकरण सिंह ने शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही अपराधों पर नियंत्रण को प्राथमिकता दी है। शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है, जिसका सबसे बड़ा कारण शहर में संचालित होने वाले ऑटो, ई-रिक्शा इसके पचास फीसदी जिम्मेदार हैं, बाकी के पचास फीसदी में दोपहिया, चार पहिया सहित नो पार्किंग में खड़े वाहन, भारी वाहन आदि शामिल हैं।

यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने सबसे पहले ऑटो, ई-रिक्शा संचालकों पर अंकुश लगाना अनिवार्यता है, कोई भी ऑटो, ई-रिक्शा कभी निर्धारित किए गए स्टैंडों में खड़े नहीं किए जाते, क्षमता से अधिक सवारियां ढोते हैं, इसके बाद भी सड़क में रेंगते हुए सवारियां खोजते चलते रहते हैं, पीछे आने वाले वाहनों को साइड नहीं देते। जिनका आज तक ओवरलोड का चालान नहीं काटा गया, बीच सड़क पर ऑटो, ई-रिक्शा खड़े करके सवारियों को पुकारते रहते हैं, इनके पीछे आने वाले वाहन चालक हॉर्न बजाते रहते हैं, यहां तक कि एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड को भी निकलने की जगह नहीं देकर शहर में लगने वाले जाम का कारण बन रहे हैं।

## अस्थि वार्ड में मरीजों के लिए स्ट्रेचर और वार्ड बॉय तक नहीं मिलते



### पहले परिजन ढूंढते हैं फिर खुद धकेल कर ले भी जाते हैं


**जागरण, रीवा।** संजय गांधी अस्पताल में वार्ड बॉय की कमी नहीं फिर भी मरीजों को किसी वार्ड में अथवाा जांच आदि के लिए ले जाने के लिए यहां सदैव ही वार्ड बॉय का अभाव रहता है, यहां स्थित अस्थि वार्ड में मरीजों को ले जाने के लिए पहले परिजनों को स्ट्रेचर खोजना पड़ता है, उसके बाद परिवार वाले ही स्ट्रेचर धकेलकर मरीज को वार्ड तक ले जाते हैं, यहां प्लास्टर चढ़ने के बाद मरीजों को ले जाने के लिए फिर स्ट्रेचर खोजना पड़ता है, अस्थि वार्ड में वार्ड बॉय नदारद रहते हैं, जिससे यहां आने वाले मरीज और परिवार वालों की फजीहत हो जाती है, कई लोग पहली बार अस्पताल आते हैं ऐसे में उन्हें कौन सा डॉक्टर कहां बैठता है, कौन सा वार्ड कहां है नहीं पता होता ऐसे में स्ट्रेचर पर मरीज को लिए चक्कर काटते रहते हैं।

### डॉक्टरों के घर अथवा निजी क्लीनिकों में दे रहे सेवाएं

विभागीय सूत्रों की मानें तो यहां पदस्थ अधिकतर वार्ड बॉय डॉक्टरों के घर पर ड्यूटी करते हैं, कई डॉक्टर मरीजों की घर पर ही जांच कर उपचार करते हैं, यहां वार्ड बॉय मरीजों का नंबर लगाने का कार्य करते हैं, वहीं कुछ वार्ड बॉय यहां अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के बाद शहर में संचालित निजी क्लीनिकों में अपनी सेवाएं देने पहुंच जाते हैं, अस्पताल के अधिकारी भी वार्ड बॉय द्वारा उठाए जा रहे दोहरे लाभ से अनभिज्ञ नहीं, किन्तु कार्रवाई करने को तैयार नहीं।

## माधवगढ़ से रीवा आ रही सूत्र सेवा बस पलटी





### कई यात्री फंसे बस में, फंसे यात्रियों को निकालने का कार्य शुरू

**जागरण, रीवा।** माधवगढ़ से रीवा आ रही सूत्र सेवा बस बीच रास्ते में रात्रि 12 बजे के करीब संतुलन बिगड़ने से पलट गई, बस पलटते ही बस में सवार यात्रियों की चीख, पुकार मच गई, सड़क पर जा रहे वाहन चालकों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, पुलिस मौके पर पहुंची और मार्चा संभाला, समाचार लिखे जाने तक कई यात्री बस में फंसे थे जिन्हें बस से निकाला जा रहा है, कितने यात्री घायल हुए हैं फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिल पाई।



प्रेम चतुर मनुष्य के लिए नहीं, वह तो शिशु से सरल हृदयों की वस्तु है।
- जयशंकर प्रसाद



# जनता का मूड भांपने में विफल क्यों हो रहे राजनीतिक विश्लेषक ?

● अवतांश चित्रांश ●

> अधिकांश विश्लेषक इस बात पर हैरान हैं कि जब मुकाबला कड़ा था, तो भाजपा जीत कैसे गई ? सवाल यह है कि यह तथाकथित `कड़ी टक्कर' सिर्फ भाजपा-विरोधी विश्लेषकों और वरिष्ठ पत्रकारों को ही क्यों दिखाई देती है ?




भारत में चुनाव विश्लेषण और नतीजों का आकलन इस कदर आधारहीन और तथ्यहीन होता जा रहा है कि निकट भविष्य में इसके सुधरने की उम्मीद कम ही दिखती है। इसकी एक वजह खुद भाजपा की रणनीति है, जिसने समाज को स्पष्ट खांचों में बांट दिया है। दूसरी वजह गैर-भाजपा दल हैं, जो यह समझने को तैयार नहीं हैं कि वे भाजपा की रणनीति में फंस चुके हैं।

अब पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों की बात करें, जिनके बाद अधिकांश विश्लेषक इस बात पर हैरान हैं कि जब मुकाबला कड़ा था, तो भाजपा जीत कैसे गई? सवाल यह है कि यह तथाकथित 'कड़ी टक्कर' सिर्फ भाजपा-विरोधी विश्लेषकों और वरिष्ठ पत्रकारों को ही क्यों दिखाई देती है? हमें जैसे कुछ विश्लेषकों को यह टक्कर क्यों नहीं दिखती? जब मैंने इस सवाल का जवाब खोजने की कोशिश की, तो पाया कि भाजपा ने यदि 'अंधभक्तों' की एक फौज तैयार की है, तो गैर-भाजपा दलों ने 'अंधविरोधियों' की एक फौज खड़ी कर दी है। फर्क इतना है कि अंधभक्त अपने नेतृत्व की स्पष्ट रणनीति पर चलते हैं, जबकि अंधविरोधियों के पास कोई स्पष्ट दिशा नहीं है। उदाहरण के तौर पर, उन्हें यह तक स्पष्ट नहीं होता कि दिल्ली में राघव चड्ढा का समर्थन करें, अरविंद केजरीवाल का, ममता बनर्जी की सरकार की सराहना करें या फिर इंडिया गठबंधन के अंतर्गत कम्युनिस्ट दलों का।

असम, केरल और तमिलनाडु की राजनीति में भी गैर-भाजपा दल अक्सर इसी अंधविरोधी मानसिकता के तहत काम करते दिखे—मानो उनका एकमात्र लक्ष्य भाजपा को हराना हो, लेकिन कैसे हराना है, इस पर स्पष्ट रणनीति का अभाव है। सिर्फ चुनाव के समय 'कड़ी टक्कर' या 'क्लोज मुकाबले' की थ्योरी देने के बजाय विश्लेषकों को यह भी समझना होगा कि भाजपा चुनावों से पहले संगठन स्तर पर व्यापक काम करती है, और पिछले वर्षों में उसके संगठन में क्या बदलाव हुए हैं।

उदाहरण के लिए, तमिलनाडु में डीएमके सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल और एआईएडीएमके के आंतरिक बिखराव को देखें, तो स्पष्ट होता है कि द्रविड़ राजनीति नए विकल्प की तलाश में थी। भाजपा पारंपरिक रूप से सवर्ण मूड वाली पार्टी रही है, इसलिए उसे इस राज्य में विकल्प बनने में समय लगेगा। लेकिन कांग्रेस खुद विकल्प बनने के बजाय भाजपा-विरोध तक सीमित रही। इसी बीच, पिछड़े वर्ग से आने वाले तमिल सुपरस्टार विजय ने एक नया विकल्प प्रस्तुत किया, जिसे जनता ने स्वीकार भी किया। कांग्रेस विकल्प बनने की जगह भाजपा के अंधविरोधियों जैसी रणनीति में फंसी रही और डीएमके एआईएडीएमके जैसे दगे कारतूसों के बीच भाजपा हराओ मुहिम पर लगी रही। केरल में दस साल से चली आ रही लेफ्ट सरकार को दम तोड़ना ही था, सो कांग्रेस ने उसे रिप्लेस कर दिया। बंगाल में भी भाजपा के अंधविरोधियों को ममता के सिवाय कुछ नहीं दिख रहा था। जुझारु ममता की शख्सियत को पिछले 12 साल से ढो रहे लोग इस बात से मुंह चुराते रहें कि सरकार में रहकर संघर्ष नहीं किया जाता है। जनता की सेवा की जाती है, नीतियों से समाज का निर्माण किया जाता है। इसी भ्रम के कारण चुनाव परिणाम आने के बाद अंधविरोधी विश्लेषक चौंक जाते हैं। दूसरी ओर, अंधभक्त इसे नरेंद्र मोदी और अमित शाह की 'मास्टर स्ट्रोक' रणनीति बताते हैं, जबकि विरोधी पक्ष धनबल, पुलिस, ईवीएम या अन्य संस्थाओं पर सवाल उठाने लगता है।

इस अंधभक्ति और अंधविरोध के बीच चुनावी विश्लेषण और आकलन की पूरी प्रक्रिया ही चौपट हो गई है। उदाहरण के तौर पर, तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीति का कोई ठोस विकल्प नहीं है। ऐसे में स्टालिन ने ब्राह्मण-विरोध की पृष्ठभूमि पर चुनावी विमर्श खड़ा किया, जो कई लोगों को उबाऊ लगा। टीवीके इस द्रविड़ राजनीति में एक ताजा, नया चेहरा बनकर उभरी। क्या ये सच नहीं कि तमिलनाडु में किसी भी दल ने एक भी ब्राह्मण को विधानसभा का उम्मीदवार नहीं बनाया था। ऐसे में यदि कुछ वर्ग नए विकल्प की ओर झुकते हैं, तो इसमें आश्चर्य की क्या बात है?

इसी तरह, 2001 से 2006 तक भाजपा के साथ गठबंधन में रहने वाली तृणमूल कांग्रेस ने 2009 और 2011 में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सरकार बनाई थी—तब भी लोग चौंके थे। लेकिन यह मानने को तैयार नहीं हैं कि 2021 में भाजपा 77 सीटें जीतकर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी, और वहां से आगे बढ़ने के पीछे उसके संगठनात्मक विस्तार और टीएमसी के समर्थकों और ममता का भाजपा का अंधविरोध रहा है। यदि ममता बनर्जी भाजपा की रणनीति में न फंसतीं और हिंदू-मुस्लिम संतुलन की राजनीति साधती, तो संभवतः भाजपा के अंधविरोधी विश्लेषकों और पत्रकारों को ईवीएम, एसआईआर या सीआरपीएफ जैसे मुद्दों का सहारा न लेना पड़ता।

# बंगाल जीत की जय-जयकार ने मुझे 'भक्त' करार दे दिया



> अपने सभी लोकलुभावन वादों के बावजूद, ममता बनर्जी एक और पैदल चलने वाली राजनीतिज्ञ बन गई। जबकि राजनीति मे दीदी से बेहतर निर्दयी और कपटी कोई ना था. यहां तक कि बीजेपी भी नहीं ।

● शोभा डे ●

यह सप्ताह बड़ी असफलताओं और असफलताओं से भरा रहा, क्योंकि ममता बनर्जी की टीएमसी को लुटेरी भाजपा ने पूरी तरह से हरा दिया, आखिरी मिनट में ड्रामा हुआ जब दीदी अपने बेहद प्यार से पाले गए भबानीपुर निर्वाचन क्षेत्र में मतगणना केंद्रों पर पहुंचीं और जब तक संभव हो सका बाद में होने वाले अपरिहार्य अपमान को रोकते हुए अपने चेहरे पर साहस बनाए रखा ।

अमूल डेयरी ब्रांड अपने 'टेस्ट ऑफ विक्ट्री' विज्ञापन के साथ विजेताओं को बधाई देने में सबसे तेज था। इसमें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दाहिने हाथ में कमल पकड़े हुए और बाएं हाथ से विजय के लिए वी का चिन्ह बनाते हुए एक कैरिकेचर दिखाया गया है, जबकि विज्ञापन के शीर्षक में संक्षेप में कहा गया है: 'बंगाल जनता पार्टी'।

जहाँ तक मेरी बात है, मैंने चुनाव के फैसले पर टिप्पणी करते हुए एक त्वरित इंस्टा रील शूट की, जिसमें मैंने मतदाताओं, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल की महिलाओं को बधाई दी, जिन्होंने एक बड़ी महिला नेता को उसके सुरक्षित स्थान से बाहर कर दिया। मै कोई दिखावा नहीं करूंगी , मुझे ममता को जाते हुए देखकर खुशी हुई! उसके पंद्रह वर्षों के अराजक, आत्मकेंद्रित और निरंकुश शासन ने उसके सबसे उत्साही समर्थकों के दिलों को कठोर कर दिया था, जो अतीत में उसकी कसम खाते थे।

### ममता से वो मुलाकात

लाभग 15 साल पहले पश्चिम बंगाल की सशक्त महिला के साथ अपनी करीबी और व्यक्तिगत मुलाकात की याद आज भी ताजा है । टेलीग्राफ अखबार ने मुझे उनके अभियान को कवर करने और उनके साथ पूरा दिन बिताने की जिम्मेदारी सौंपी, जब वह मारुति वैन में कोलकाता में चारों ओर घूमती थीं और जब भी उन्हें भीड़ दिखती थी, तो रुककर जोरदार भाषण देती थीं।

ऊर्जा से भरपूर इस छोटी सी महिला को आग उगलते हुए देखना दिलचस्प था वह कफ सिरप की एक छोटी बोतल से बार-बार घूंट लेते हुए, गाँवों में घूम रही थी ।उनके अंतिम पड़ाव पर जनसभा के लिए एक मंच बनाया गया था और एक बड़ी भीड़ उनका इंतजार कर रही थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि मैं मंच पर उनके साथ जाऊं, और उत्साह से मुझे 'बंगाल की बहू' के रूप में संबोधित किया। मैंने भी ' बहु' की भूमिका निभाई और 'बौमा' के प्यार को शर्मीले ढंग से स्वीकार किया। ममता और मेरी आपस में अच्छी बनती थी । मुझे दृढ़ निश्चयी, तर्कशील, बकवास न करने वाली महिलाएं पसंद हैं। मुझे अच्छा लगा कि कैसे उन्होंने मुझे मेरी अधकचरी बांग्ला के लिए डांटा और मुझे अपने भाषा कौशल को सुधारने के लिए और अधिक मेहनत करने की सलाह दी। 'आपके बच्चों को बांग्ला अवश्य सीखनी चाहिए,' उसने सख्ती से कहा, जब हम एक साथ तस्वीरें खिंचवा रहे थे। मैंने गंभीरतापूर्वक घर जाकर बांग्ला को अपने अगले प्रोजेक्ट के रूप में लेने का वादा किया।

### सहस्रदल कमल खिलें

टीएमसी की हार के बाद मैंने जो रील पोस्ट की, उसमें पीएम मोदी का यह कहते हुए हवाला दिया कि पश्चिम बंगाल में कमल खिल गया है। मैंने कहा, 'एक हजार कमल खिलने दो। 'दुर्भाग्य से, राज्य को उसके पुराने गौरव को बहाल करने के अपने सभी शुरुआती उत्साह और भावुक वादों के बावजूद, ममता जल्द ही भटक गईं और एक और पैदल चलने वाली राजनेता बन गईं - बेपरवाह और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी हुई। शायद आज दीदी से ज्यादा निर्दयी और कपटी कोई नहीं , यहां तक कि बीजेपी भी नहीं। हालांकि इस पोस्ट के बाद मुझे ट्रोलिंग झेलनी पड़ी। उन्मे से एक कमेन्ट पर मुझे जवाब देने की इच्छा हुई , जिसने कहा की 'देखो... मैं हमेशा से जानता था कि तुम एक कट्टर भक्त हो ,' मैं जवाब देना चाहता था - हां, निश्चित रूप से मैं एक प्रामाणिक, कार्ड धारक भक्त हूं। खुद पर ऐसा भरोसा रखने वाली भक्त जो डगमगाये नहीं। कभी नहीं। लेकिन मैंने खुद से कहा: जाने दो, कट्टर आलोचक स्पष्टीकरण देने लायक नहीं होते । इस समय केवल एक संकीर्ण सोच वाला मूर्ख ही ऐतिहासिक जीत को स्वीकार न करके मतलबी ओछेपन का सहारा लेगा। इस महत्वपूर्ण चुनाव के आँकड़ों को कोई नहीं बदल सकता। सच तो यह है कि बंगाल के मतदाताओं ने अपने कल्याण और प्रगति के लिए जो चाहते थे उसे निष्पक्षता और लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शित किया। किसी को भी अपरिवर्तनीय आख्यान, सत्ता परिवर्तन, नई राजनीतिक व्यवस्था को चुनौती देने का अधिकार नहीं है। मैंने नागरिकों के भाग्य का निर्धारण करने की शक्ति का लगातार समर्थन किया है। अगर यह मुझे भक्त बनाता है, तो यही सही। प्रोस्टीट्यूट', 'चुडैल', 'लिबटार्ड' और 'पाकिस्तानी एजेंट' का लेबल लगने के बाद, एक 'क्लोजेट भक्त' का लेबल आकर्षक लगता है!

> पूर्वी बंगाल में मंगल काव्य कथात्मक साधन बन गए जिसके माध्यम से पश्चिमी बंगाल में हिंदू पहचान का पुनर्निर्माण किया गया, खासकर भागीरथी नदी के पश्चिम में रार क्षेत्र में। ये ग्रन्थ केवल भक्तिपरक नहीं थे। वे सांस्कृतिक बातचीत के कार्य थे, जिससे हिंदू धर्म को स्थानीय प्रथाओ को अपनाने का बल मिला ।

● देवदत्त पटनायक ●



# बंगाल में मंगल काव्यों ने पुनर्स्थापित किया हिंदू धर्म को

कहानियाँ संस्कृति को आकार देती हैं। मंगल काव्य इसका एक उदाहरण है। वे लोक कथाएँ हैं जो पंद्रहवीं और अठारहवीं शताब्दी के बीच बंगाल में उभरीं। यह बंगाल में मुस्लिम शासन स्थापित होने के बाद का समय था, जब पुराने बौद्ध संस्थानों का पतन हो गया था, ब्राह्मणवादी हिंदू धर्म खुद को पुनर्गठित करने के लिए संघर्ष कर रहा था, और इस्लाम तेजी से विस्तार कर रहा था, खासकर पूर्वी बंगाल में मंगल काव्य कथात्मक साधन बन गए जिसके माध्यम से पश्चिमी बंगाल में हिंदू पहचान का पुनर्निर्माण किया गया, खासकर भागीरथी नदी के पश्चिम में रार क्षेत्र में। रार भौगोलिक रूप से पूर्वी बंगाल के उपजाऊ जलोढ़ मैदानों से अलग था। इसकी पहचान लैटेराइट मिट्टी, जंगलों, दलदलों और दामोदर और अन्य नदियों द्वारा आकार दिए गए अस्थिर नदी चैनलों द्वारा की गई थी। मध्यकाल के अंत तक, यह विरल रूप से बसा हुआ था। शिकार, मछली पकड़ना, पशुचारण और झूम खेती का बोलबाला था। कई निवासी सीमांत जातियों और स्वदेशी समुदायों से थे जो सांप, महामारी , जंगल, उर्वरता और न्याय के स्थानीय देवताओं की पूजा करते थे। ये वे क्षेत्र थे जिनकी ब्राह्मणवादी अभिजात वर्ग ने उपेक्षा की थी और सूफी मिशनरियों ने इनसे सक्रिय संपर्क स्थापित किया था।

### मंगल काव्यों में लोक देवता

मंगल काव्य एक रचनात्मक प्रतिक्रिया थी। ग्रामीण ब्राह्मणों द्वारा बंगाली में रचित और गाँव की प्रष्ठभूमि में प्रदर्शित वे काव्य शास्त्रीय देवताओं पर केंद्रित नहीं थे। इसके बजाय, उन्होंने मनसा, चंडी और धर्म जैसे लोक देवताओं को केंद्र में रखा। ये ग्रन्थ केवल भक्तिपरक नहीं थे। वे सांस्कृतिक बातचीत के कार्य थे, जिससे हिंदू धर्म को स्थानीय प्रथाओ को अपनाने का बल मिला । मनसा मंगल इसे स्पष्ट रूप से दर्शाता है। बंगाल की व्यापारिक, नदी की दुनिया में स्थापित, यह साँपों की देवी मनसा और विशेष रूप से शिव को समर्पित एक धनी व्यापारी चंद सदागर के बीच संघर्ष का वर्णन करता है। मनसा की पूजा करने से चंद के इनकार को कुलीन धार्मिक अहंकार के रूप में चित्रित किया गया है। मनसा ने जवाबी कार्रवाई की: जहाज डूब गए, बेटे सर्पदंश से मर गए, और घर-परिवार शोक में डूब गया। कथा विशेष रूप से महिलाओं की पीड़ा पर आधारित है, जिसका समापन बेहुला की अपने मृत पति के शरीर के साथ दैवीय क्षेत्र की खतरनाक नदी यात्रा में हुआ। केवल जब चंद अनिच्छा से मनसा को स्वीकार करता है तभी समृद्धि लौटती है।

### चंडी मंगल और धर्म मंगल में सामाजिक परिवर्तन

चंडी मंगल वन सीमाओं और नए बसे कृषि क्षेत्रों में प्रकट होता है। देवी चंडी एक वन शिकारी कालाकेट्टू को राजा बना देती है, उसे क्षेत्र और वैधता प्रदान करती है।यह कथा सामाजिक परिवर्तन की तुलना में नैतिक सुधार के बारे में है। धर्म मंगल अधिक राजनीतिक है। धर्म के देवता, जिनकी पूजा बड़े पैमाने पर 'निम्न' जातियों द्वारा की जाती है, शून्य पुराण जैसी प्रारंभिक रचनाओं में ब्राह्मणवादी प्रभुत्व के विरोधी के रूप में दिखाई देते हैं। यहां तक ??कि हिंदू देवता भी मुस्लिम योद्धाओं का रूप धारण करते हैं। ये प्रसंग ब्राह्मणवादी उत्पीड़न के विरुद्ध आक्रोश की यादें संजोए हुए हैं। यह स्वर मुस्लिम शासन के शुरुआती चरण से मेल खाता है, जब निचली जातियां इस्लाम को सामाजिक स्तर पर लाने वाला मानती थीं।

**पश्चिमी बंगाल में हिंदू पुनर्गठन** : बाद के धर्म मंगल ग्रंथों ने इस अभिविन्यास को उलट दिया। धर्म के देवता धीरे-धीरे हिंदू ब्रह्मांड विज्ञान में समाहित हो गए ।उनके अनुयायी मुसलमानों के ख़िलाफ़ खड़े हो गए ।जो देवता कभी हिंदू देवताओं का मज़ाक उड़ाते थे, वे उनके सहयोगी बन जाते हैं। यह पश्चिमी बंगाल में हिंदू पुनर्गठन की सफलता का प्रतीक है। हिंदू पहचान को बनाए रखने के लिए लोक धर्म को ही फिर से लिखा गया है।

मंगल काव्यों ने अपने देवताओं, व्यवसायों और आकांक्षाओं का त्याग करके उस वैधता की आपूर्ति की। इसलिए मंगल काव्य परिधीय साहित्य नहीं थे। वे पारिस्थितिकी, भूगोल और सामाजिक परिवर्तन द्वारा आकारित धार्मिक रणनीति के उपकरण थे। अपमान, पीड़ा, बातचीत और मेल-मिलाप की भावनात्मक रूप से आवेशित कहानियों के माध्यम से, उन्होंने लोक देवताओं को हिंदू देवताओं में बदल दिया, और निम्नवर्गीय उपासकों को हिंदुओं में बदल दिया। पश्चिमी बंगाल इस्लाम का विरोध करके हिंदू नहीं बना रहा, बल्कि हिंदू धर्म को पुनर्स्थापित करके ही हिंदू बना रहा।

● प्रदीप मेगजीन ●

# कपिल देव : गोल्फ में भी हरफनमौला

उन्माद से भरी भीड़ और इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट के बहरा कर देने वाले कर्कश शोर से दूर, एक गोल्फ़ कोर्स की अपनी एक अलग ही लय होती है। शांत, ठहरी हुई ऐसी सुरम्य जगह, जो आत्म-मंथन करने को भी मुफीद है। यह ध्यान एकाग्रता की वह जगह है, जो शारीरिक कौशल और सधे मन की परीक्षा लेती है। यहां का ऊंचा-नीचा इलाका, तालाब, पेड़, सपाट मैदान और रेशमी हरी दूब न सिर्फ़ देखने में सुंदर होती है बल्कि ये खेल और खुद पर महारत हासिल करने में भी मददगार हैं। कोई हैरानी नहीं कि कपिल देव को क्रिकेट जगत से संन्यास लेने के बाद-यही वह दुनिया है जिसने उन्हें अपने सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक का ताज पहनाया-गोल्फ़ में कहीं ज़्यादा सौम्य स्वागत करने वाला सान्निध्य मिला।

कपिल ने 15 सालों तक क्रिकेट के मैदान को अपने कौशल, ऊर्जा और जुनून से रोशन किए रखा, जो भारत के खेल इतिहास में अविस्मरणीय था। उन्होंने अपनी हरफ़नमौला प्रतिभा का प्रदर्शन जोशीले और चाहने वाले प्रशंसकों के सामने किया। शोरभरी तारीफ़ों के माहौल में वे सार्वजनिक जगहों पर शांत एवं निजी लम्हों के अहसास को तरस चुके थे। वर्ष 1994 में जब उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा तो वे शांति की तलाश में थे, एक ऐसी जगह जहां सुकून हो और भीड़ के घेराव से मुक्त।

67 साल की उम्र में शायद कपिल में अपने जवानी जैसा जोश और फुर्ती भले ही न हो, लेकिन काम और गोल्फ़ के प्रति उनका पुराना जुनून और ऊर्जा रत्तीभर भी कम नहीं हुई है। सिर पर बीचों-बीच बंटे सफेद-काले बालों का स्टाइल उनकी करिश्माई शख्सियत को और गरिमापूर्ण अंदाज़ देता है। समय की रवानगी उनके चेहरे पर बन गई सिलवटों और नपे-तुले, नरम किंतु दृढ़ता से बोले गए उनके शब्दों में साफ़ झलकती है, उम्र के साथ परिपक्व हुआ एक व्यक्तित्व।

अपने विशाल दो-मंज़िला दफ़्तर के एक कक्ष में बैठे हुए—जो गोल्फ़ की भाषा में दिल्ली के मशहूर इंडिया गेट से महज़ एक 'टी-शॉट' (लगभग 300 मीटर) की दूरी पर है—कपिल अपनी उस अग्रगामी सोच पर कायम हैं, जो परी-कथा जैसे उनके शानदार सफ़र को लगातार आगे बढ़ाने में मार्गदर्शक रही। 'इस कमरे में चारों ओर देखिए, आपको क्रिकेट से जुड़ी एक भी तस्वीर या यादगार चीज़ नहीं मिलेगी'। क्रिकेट अब उनकी ज़िंदगी में महज एक छोटा-सा बिंदु बनकर रह गया है; ग्रेटर नोएडा स्थित 300 बिस्तरों वाले सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल का गौरवशाली मालिक होने के अलावा और गोल्फ आज उनकी पूंजी है, उनका अधिकांश समय इनमें व्यतीत होता है। उन्हीं के शब्दों में—'मैं ऐसा ही हूं। चाहे यह कंचे खेलना रहा हो, पतंगबाज़ी या क्रिकेट, एक बार जब मैं किसी चीज़ से दूर हो जाता हूं, तो मैं फिर से उसकी ओर लौटना पसंद नहीं करता।'

भारत का प्रतिनिधित्व करते समय, उन्होंने कभी गोल्फ़ खेलने के बारे में सोचा तक नहीं था—यहां तक कि तब भी नहीं, जब वे दिल्ली के एक गोल्फ़ कोर्स में महान गैरी सोबर्स के साथ गए थे। संन्यास के बाद, एक दोस्त ने उन्हें सुझाया कि प्रशंसकों की दखल देती नज़रों से दूर रहने के लिए गोल्फ़ कोर्स सबसे मुफीद रहेगा। पर पहले ही दिन, दिल्ली गोल्फ़ क्लब के पहले ही होल पर ही, सैकड़ों लोग आन जुटे। उनसे कहा गया कि वे फिक्र न करें। जैसे-जैसे वे आगे बढ़े, किसी ने पीछा नहीं किया, किसी ने उन्हें घेरा नहीं। उन्हें अपनी ज़िंदगी का अगला मुकाम मिल गया था। एक साल के भीतर ही, उनका 'हैंडिकैप' आठ हो गया था—क्रिकेट की भाषा में इसका मतलब यह होगा कि रणजी ट्रॉफ़ी खेलने लायक महारत पा लेना।

उन्हें इस खेल से प्यार हो गया था। तीन साल के अंदर ही, उनका हैंडिकैप घटकर दो पर आ गया था; इसका मतलब था कि उनकी योग्यता एक पेशेवर गोल्फ़र बनने के लिए काफी है। क्रिकेट की भाषा में कहें तो, भारत की राष्ट्रीय टीम में होने या आईपीएल का एक स्टार खिलाड़ी बनने जितना खेल कौशल पा लेना। एक ऐसे इंसान के लिए जिसने गोल्फ को उम्र के बाद वाले पड़ाव में खेलना शुरू किया हो, यह एक अविश्वसनीय उपलब्धि थी। उन्होंने एक बार फिर से साबित किया कि प्रतिभा किसी भी सीमा में नहीं बंधती।

कपिल ने अपनी गोल्फ़ स्विंग्स के साथ लगभग पवित्र रिश्ता बना लिया है। उनके करिश्मे, लोकप्रियता और गोल्फ़ के प्रति उनके गहरे प्रेम ने उन्हें 'प्रोफेशनल गोल्फ़ इंडियन टूअर' के बोर्ड की लगभग सर्वसम्मत पसंद बना दिया, और उन्हें इस संस्था के प्रबंधन मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अध्यक्ष के तौर पर अपने एक साल से कुछ ही अधिक कार्यकाल में ही, वे और ज्यादा प्रायोजकों को प्रतियोगिता से जोड़ने में सफल रहे हैं। इससे प्रतियोगिता को विस्तार करने में मदद मिली है और सालाना दी जाने वाली पुरस्कार राशि में भी भारी बढ़ोतरी हुई है, विगत का 20-25 करोड़ रुपये इनाम बढ़कर 35 करोड़ रुपये से भी ज़्यादा हो गया है। इस पुरस्कार राशि को और बढ़ाने की योजनाएं भी चल रही हैं, ताकि दुनियाभर के बेहतरीन खिलाड़ी भारत आकर खेलने के लिए आकर्षित हों; कपिल देव आज भी ज़मीन से जुड़े और मिलनसार इंसान बने हुए हैं; वे गोल्फ़ कोर्स पर बिताए जाने वाले अपने पलों का भरपूर आनंद लेते हैं, जहां उनका हैंडिकैप आज भी पांच के आसपास है। आज अगर चाहें तो यह उपलब्धि एक प्रोफेशनल गोल्फर के रूप में भाग लेने में उनके चयन के लिए पर्याप्त है। वे कृतज्ञता सहित स्वीकार करते हैं कि हरी घास के मैदान में उनकी यह दूसरी पारी काफ़ी पारितोषिक, सुखद और जीवन को समृद्ध बनाने वाला अनुभव रही है।



> कपिल जैसे इंसान के लिए, जिसने गोल्फ को उम्र के बाद वाले पड़ाव में खेलना शुरू किया हो, गोल्फ में हासिल उपलब्धि अविश्वसनीय है। उन्होंने साबित किया कि प्रतिभा किसी भी सीमा में नहीं बंधती।

# जिले में पीटीआई की कमी, मात्र 6 के भरोसे खेल गतिविधियां

## आयोजनों में हर वर्ष होती है समस्या, विभाग नहीं दे रहा ध्यान




जागरण,रीवा

स्कूल शिक्षा विभाग में खेल शिक्षकों और खेल मैदानों की कमी है। इसलिए विभाग को आयोजन कराने के लिए खेल एसोसिएशन या फिर सेवानिवृत्त पीटीआई व अधिकारियों का सहारा लेना पड़ रहा है। टीम चयन को लेकर शिक्षा विभाग गंभीरता से नजर नहीं रख पाता है। ट्रायल में एसोसिएशन के पदाधिकारी और कोच का दखल रहता है, इसलिए चयन ट्रायल को लेकर भी कई बार सवाल खड़े होते रहते हैं। वर्तमान में स्कूल विभाग के पास मात्र 6 पीटीआई ही जिले भर में हैं, जबकि जिले में 70 पद पीटीआई के हैं। भर्ती नहीं होने से इन पदों पर नियुक्ति नहीं हो सकी और इन्हीं के भरोसे जिले भर की खेल गतिविधियां आयोजित की जाती है। जाहिर सी बात है कि यह 6 पीटीआई बिना बाहरी मदद के आयोजन नहीं करा सकते हैं। कई खेल ऐसे है जिनके एक्सपर्ट शिक्षा विभाग के पास नहीं है। इसलिए कई खेलों आयोजन के लिए एसोसिएशन के एक्सपर्ट का सहारा लेना पड़ता है। वहीं स्कूल शिक्षा के पास मैदान भी नहीं है, इसलिए टूर्नामेंटों के आयोजन के लिए भी प्राइवेट स्कूलों के भरोसे रहना पड़ता है।

### 30 पीटीआई संभाग को मिलेंगे

बताया गया कि अभी प्रदेश स्तर पर पीटीआई की भर्ती की गई है, जिसमें 30 पीटीआई रीवा संभाग के लिए निर्धारित किए गए हैं। आवेदक इनमें च्वॉइस कर अपनी पोस्टिंग रीवा करा सकते हैं। हालांकि अब इन 30 पीटीआई में रीवा जिले में कितने पीटीआई भेजे जाएंगे, इसको लेकर अभी कोई आदेश नहीं दिया गया है।

जिले में कई पीटीआई सेवानिवृत्ति हो गए हैं, प्रदेश स्तर से संभाग में 30 पीटीआई की पोस्टिंग की जानी है, जिसमें रीवा जिले में भी पीटीआई आएंगे।
**चंदन सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी रीवा।**

### सेवा निवृत्त अधिकारी-पीटीआई जुटे

बता दें कि जिले की खेल गतिविधियों को जिंदा रखने के लिए जिले में पूर्व में पदस्थ रहे क्रीड़ा अधिकारी ओपी द्विवेदी, संभागीय क्रीड़ा अधिकारी आईपी तिवारी, पीटीआई जीवेन्द्र सिंह, रमेश सिंह, शिष्टधर शर्मा सहित कई पीटीआई सेवा में जुटे हुए हैं। ये खेल गतिविधियों के आयोजन में निःशुल्क सेवा देने का काम कर रहे हैं और शायद यही वजह है कि कुछ खेल गतिविधियों में रीवा का प्रदर्शन भी सराहनीय रहता है। इनके द्वारा मैदान में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने का काम भी किया जा रहा है।

### बाहरी कोचों की दखल भी

कई खेलों के एक्सपर्ट स्कूल शिक्षा विभाग के पास नहीं है, इसके अलावा स्कूलों में खेलों का प्रशिक्षण भी नहीं दिया जाता है। इसलिए छात्र एसोसिएशन में जाकर प्रशिक्षण लेते हैं और जब चयन ट्रायल होती है तो एसोसिएशन में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी ही भाग लेते हैं। और टीम में शामिल होने की संभावना अधिक रहती है। क्योंकि आयोजन में एसोसिएशन के कोच की भी मदद ली जाती है। नजर रखने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग सिर्फ खानापूर्ति के लिए कमेटी बनाता है।

# वेटरनरी कॉलेज को अब तक नहीं मिला स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स




**जागरण, रीवा।** शासकीय पशु विज्ञान एवं पशु चिकित्सा महाविद्यालय को अब तक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स नहीं मिल पाया। नानाजी देशमुख वेटरनरी विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति ने इस बाबत कॉलेज प्रबंधन को आश्वासन दिया था, जिस पर फिलहाल कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके अतिरिक्त तत्कालीन कुलपति ने कॉलेज की बाउण्ड्रीवाल तथा नवीन ऑडिटोरियम के लिए भी सहमति दी थी। तब वार्षिक निरीक्षण में गत वर्ष आये कुलपति ने स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, ऑडिटोरियम व बाउण्ड्रीवाल के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा था।

**जबलपुर विवि के दफ्तर में धूल खा रहे प्रस्ताव**

इसके उपरांत कॉलेज प्रबंधन ने विश्वविद्यालय के पास विधिवत प्रस्ताव बनाकर भेजा, जो अब तक विश्वविद्यालय के दफ्तरों में धूल फांक रहा है। करीब छः वर्ष बीतने के बाद भी इन बिंदुओं पर विश्वविद्यालय की तरफ से कोई सार्थक कार्यवाही नहीं हुई। इतना ही नहीं, कॉलेज प्रबंधन ने परिसर में पोस्ट ऑफिस व राष्ट्रीयकृत बैंक खुलवाने की मांग भी रखी थी, जिस पर अब तक कोई विचार विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जा सका। यहां ऑडिटोरियम की मांग भी लंबे समय से चल रही है। यह मांग भी अब तक पूरी नहीं हुई।

### जमीनों में भी अतिक्रमण

कॉलेज परिसर के चारों तरफ दीवार खड़ी न हो पाना भी एक बड़ी समस्या है। इसके अतिरिक्त कॉलेज के एक छोर में खाली पड़ी जमीन में नगर निगम ने मृत पशुओं को फेंकने के लिए जबरन आरक्षित कर लिया है। इस तरह के बेजा के अतिक्रमण को रोकने में अब तक कॉलेज प्रबंधन असफल रहा। इस कारण भी कॉलेज का विकास फिलहाल अवरुद्ध ही कहा जा सकता है।

### 19 वर्ष पूर्व हुई थी स्थापना

गौरतलब है कि तकरीबन 19 वर्ष पूर्व जिले में स्थापित हुए वेटरनरी कॉलेज का विकास अब भी अधूरा है। हालांकि कॉलेज को मुख्य भवन, हॉस्टल, शिक्षक-कर्मचारी आवास, प्रयोगशाला व कुछ अन्य सुविधाएं मिल गई हैं, फिर भी कॉलेज परिसर में बहुत सी सुविधाओं का होना शेष है, जिसकी मांग काफी समय से कॉलेज प्रबंधन द्वारा की जा रही है।

# 12वीं की परीक्षा में 92 छात्र रहे अनुपस्थित

**रीवा।** एमपी बोर्ड की द्वितीय परीक्षा में शनिवार को 12वीं में तीन विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। रसायन शास्त्र, इतिहास व व्यावसायिक अध्ययन की परीक्षा में कुल 92 छात्र अनुपस्थित रहे। बताया गया कि रीवा व मऊगंज जिले के 22 केन्द्रों में 3608 छात्रों को उपस्थित होना था, जिसमें 3516 छात्र ही उपस्थित रहे। वहीं हाई स्कूल में उर्दू विषय की परीक्षा में सभी छात्र उपस्थित रहे। शनिवार को डीईओ द्वारा रायपुर व सिरमौर के कई विद्यालयों में परीक्षा का निरीक्षण किया गया जहां शांति पूर्वक परीक्षा चलती मिली।

# आमजनों का दर्द पहचानने वाले कलेक्टर के कार्यों की सराहना

**रीवा।** विन्ध्य के आमजनों की समस्याओं को पहचान कर उनके दर्द को दूर करने उनके ऑसू पोंछने के लिये रीवा कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सिंह सूर्यवंशी के साहसिक प्रयासों की मानवाधिकार रक्षा मंच के अध्यक्ष नारायण डिगवानी एड. ने खुलकर सराहना की है। श्री डिगवानी ने कहा कि रीवा जिले में राजस्व प्रकरणो के निराकरण की दिशा में विभागीय चुस्ती लाने उठाये गये कदमों से अवश्य ही न्याय मिलने की दिशा में हालात सुधरेंगे। नजूल विभाग में विगत कई वर्षों से धारणाधिकार के अन्तर्गत आवेदन पत्रों के निराकरण में भी तेजी आयेगी। जिले भर से आने वाले पीड़ित आमजनों को अपने प्रकरणों की जानकारी प्राप्त हो पायेगी, अपनी सीटों पर अनुपस्थित रहने वाले शासकीय कर्मचारियों की कर्तव्य निष्ठा में सुधार होगा तो प्रकरणों की पेंडेंसी में अभूतपूर्व सुधार आयेगा। अभी तक हालात सही थे कि सालों तक फाइलें निजी स्वार्थों के चलते दबाकर रखी जाती थीं, लेकिन अब ऐसा नही होगा, क्योकि आम जनता के दर्द को पहचानने वाले अधिकारी का नियंत्रण अवश्य ही फलदायी होगा।

# रेल मंत्री से रीवा-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन एवं पार्थिव देह परिवहन व्यवस्था हेतु गौरव ने किया आग्रह

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिला सकारात्मक आश्वासन



**रीवा।** पूर्व राष्ट्रीय मंत्री, भाजपा युवा मोर्चा गौरव तिवारी ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर विंध्य क्षेत्र की दो प्रमुख जनहित मांगें रखीं। श्री तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश के विंध्य क्षेत्र, विशेषकर रीवा संभाग के हजारों नागरिक रोजगार, शिक्षा एवं व्यवसाय के लिए प्रतिदिन छत्तीसगढ़ के दुर्ग, भिलाई व रायपुर जाते हैं। वर्तमान में रीवा से दुर्ग के बीच कोई सीधी रेल सेवा उपलब्ध न होने से यात्रियों को अत्यंत असुविधा होती है। उन्होंने 'रीवा-दुर्ग एक्सप्रेस' नाम से नियमित ट्रेन शीघ्र प्रारंभ करने का अनुरोध किया। रेल मंत्री ने इस मांग पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। श्री गौरव तिवारी ने दूसरा महत्वपूर्ण जनहित विषय रखते हुए कहा कि अनेक परिवारों को अपने दिवंगत परिजनों की पार्थिव देह को दूरस्थ शहरों से गृह नगर तक लाने में आर्थिक व व्यवस्थागत कठिनाई होती है। उन्होंने आग्रह किया कि भारतीय रेलवे द्वारा यात्री ट्रेनों के माध्यम से मेट्रो शहरों से छोटे शहरों/कस्बों तक मृत स्वजनों के शवों का न्यूनतम खर्च में सम्मानजनक एवं सुविधाजनक परिवहन सुनिश्चित करने की व्यवस्था शुरू की जाए। गौरव तिवारी ने कहा कि रीवा-दुर्ग ट्रेन से विंध्य और छत्तीसगढ़ के औद्योगिक व शैक्षणिक क्षेत्रों के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा। वहीं, पार्थिव देह परिवहन की व्यवस्था शोक-संतप्त परिवारों के लिए बड़ी राहत होगी। उन्होंने जनहित के इन विषयों पर सकारात्मक आश्वासन के लिए रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया।

# राज्यपाल सम्मान मिलने पर विन्ध्य गौरवान्वित

## हिन्दू धर्म परिषद ने हर्ष व्यक्त कर दी बधाइयां




**रीवा।** विन्ध्य के जाने-माने तीन वरिष्ठ समाज सेवियों को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर भोपाल में राज्यपाल द्वारा सबकी सेवाओं के निमित्त सम्मान प्रदान कर विन्ध्य को जो गौरवान्वित किया है। इसके लिये हिन्दू धर्म परिषद ने अपनी हार्दिक बधाई प्रेषित की है। रीवा रेडक्रास के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, हिन्दू धर्म परिषद के मार्गदर्शक एवं स्व. उमा परौहा चैरिटेबिल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. के.के.परौहा, लायंस क्लब के चेयरमैन अतुल जैन को सम्मान मिलने से समूचे विन्ध्य में हर्ष की लहर व्यक्त है। हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी अध्यक्ष ऋषिशंकर मिश्रा, मार्गदर्शक डॉ. सी.बी.शुक्ला, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. राहुल मिश्रा, डी.पी.सिंह परिहार, संरक्षक अवधेश श्रीवास्तव, संयोजक सुमित माँजवानी, सह संयोजक उमेश कुशवाहा, महिला अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह, संरक्षक रश्मि शुक्ला, रिदम म्यूजिकल ग्रुप के डॉ. विनोद तिवारी, उपाध्यक्ष अवनीश शर्मा, महासचिव पियूष मिश्रा के साथ अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय मोहन तिवारी, अखंड हिन्दू सनातन समिति के अध्यक्ष राजेश साहनी ज्योतिर्विद ने खुशी जाहिर करते हुये राज्यपाल को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# ब्रीथिंग एवं बोट हैंडलिंग का विशेष प्रशिक्षण दिया



**जागरण, रीवा।** संभागीय सेनानी से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में जिला सेनानी मीनाक्षी चौहान के नेतृत्व में करहिया मण्डी घाट पर तीन दिवसीय बाढ़ से बचाव व तैराकी प्रशिक्षण शुरू किय गया है। प्रशिक्षण के दूसरे दिवस कमाण्डेंट मीनाक्षी चौहान के निर्देशानुसार प्लाटून कमांडर विकास कुमार पाण्डेय द्वारा जिला इकाई की एसडीईआरएफ टीम व सीडीवी को तैराकी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जवानों को तैराकी की विभिन्न तकनीकों जैसे हेड टो चिन टो एवं ड्राय रेस्क्यू जैसी महत्वपूर्ण जीवन रक्षक बचाव तरकीब का अभ्यास कराया गया, जिससे किसी भी प्रकार की जल आपात की स्थिति के दौरान बचाव कार्य सुगमतापूर्वक करने में पूर्णतः सक्षम हो सके। स्वीमिंग अभ्यास के दौरान जवानों को ब्रीथिंग (श्वसन नियंत्रण) एवं बोट हैंडलिंग का विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही स्थानीय तैराकों को चिन्हित कर उन्हें भी रेस्क्यू की विधाएं सिखाने की शुरुआत की।

# मानस भवन में 17 मई से शुरू होगी श्रीमद्भागवत कथा

**जागरण, रीवा।** मानस मंडल प्रबंध समिति की संपन्न हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि 17 से 24 मई तक प्रस्तावित श्रीमद् भागवत कथा भव्य एवं वृहद स्तर पर आयोजित की जाएगी जिसमें 108 यजमानों को श्रीमद् भागवत कथा सुनवाने का संकल्प लिया गया था। मानस मंडल के सभी सदस्यों एवं रीवा के जिज्ञासु कथा प्रेमी भक्तों से इस कथा में जजमान बनाकर कथा सुनने एवं अपना पूर्ण सहयोग देने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता मानस मंडल अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे ने की एवं संचालन आयोजन समिति के सचिव पियूषेंद्र त्रिवेदी पीयूष द्वारा किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष संदीप सिंह बघेल एवं अशोक तिवारी, कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, सह सचिव राम सुशील गुप्ता, प्रचार सचिव शिव शंकर दीक्षित, वरिष्ठ सदस्य डॉ. एच के पांडे, डॉ. विमल दुबे, आरबी द्विवेदी, विनोद कुमार श्रीवास्तव, रमेश कुमार सोनी, अवधेश श्रीवास्तव, अजय पांडे एड. ने भी अपने विचार व्यक्त किये। रिसोर्स पर कई सदस्यों ने यजमान बनने की इच्छा प्रकट की और अपने संपर्क के कई लोगों को भी यजमान बनाने हेतु कहा। अभी तक लगभग 21 यजमान बन चुके हैं। यजमान बनने के इच्छुक लोग आयोजन समिति के सचिव पी के त्रिवेदी अथवा मानस मंडल के प्रचार सचिव शिव शंकर दीक्षित से सम्पर्क करें। समिति ने सभी लोगों से तन मन धन से अपना सहयोग प्रदान करने की अपील की।

# पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह ने बीके निर्मला बहन से की आत्मीय भेंट



**रीवा।** रीवा रियासत के महाराजा एवं पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह ने ब्रह्माकुमारीज़ भोपाल जोन डायरेक्टर राजयोगिनी बीके निर्मला बहन से आत्मीय एवं भेंट कर उनके स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं।

इस अवसर पर बीके निर्मला बहन ने महाराज पुष्पराज सिंह को विशेष आत्मिक स्नेह एवं प्रेम प्रदान करते हुए अपने जीवन के अमूल्य आध्यात्मिक अनुभव साझा किए। पुष्पराज सिंह ने द्वादश ज्योर्तिलिंगम रथ यात्रा की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर यात्रा के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रेम, शांति, सद्भावना और आध्यात्मिक जागृति का राष्ट्रीय अभियान है, जो भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर रीवा सेवा केंद्र की संचालिका बीके लता बहन, बीके नेहा दीदी, बीके प्रकाश, बीके प्रमोद, बीके विजय देव, बीके सुभाष सहित ब्रह्माकुमारीज़ परिवार उपस्थित रहा।

# समाज में उल्लेखनीय योगदान हेतु किरण सेवा संस्थान का सम्मान

## समाजहित में रही प्रेरणादायी पहल



**रीवा।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी रीवा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु किरण सेवा संस्थान को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह वरिष्ठ समाजसेवी जयंत खन्ना, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, राजेन्द्र पाण्डेय, एसडीएम सुनील दुबे एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। किरण सेवा संस्थान की ओर से संस्थान के सचिव डॉ. अभय मिश्रा ने यह सम्मान ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह सम्मान केवल संस्थान का नहीं, बल्कि समाज सेवा से जुड़े प्रत्येक कार्यकर्ता, सहयोगी एवं उन सभी लोगों का सम्मान है जो मानव सेवा को अपना कर्तव्य मानते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान भविष्य में भी सिकल सेल जागरुकता, स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण सहायता एवं जनहित कार्यों के माध्यम से समाज के जरूरतमंद लोगों तक निरंतर सेवाएँ पहुँचाने का कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने किरण सेवा संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाजहित में प्रेरणादायी पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अभिभावकों ने लगाई थ्री-लेग रेस और किया एरोबिक डांस

## स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में चल रहा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर



**रीवा।** खेल और युवा कल्याण विभाग के तात्वाधान में कलेक्टर/पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में फैमली इन्गेजमेंन्ट, सोसायटी इन्गेजमेंन्ट, सामाजिक जागरुकता के तहत अभिभावकों का मनोरंजनात्मक खेल थ्री-लेग रेस, टेलपुल, एरोबिक डॉस का आयोजन किया गया जिसमें थ्री- लेग में प्रथम -प्राची सिंह, द्वितीय दीप शिखा, टेलपुल में प्रथम- अनन्या सिंह, द्वितीय कमाक्षी सिंह, तृतीय अनाया शुक्ला रहीं। यह ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (आरोह 2026) का आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में किया जा रहा है।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (आरोह 2026) ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के युवाओं को खेल को सर्व सुलभ बनाने के उद्देश्य से निम्नानुसार खेलों को शामिल किया गया है,जिसमें बास्केटबॉल, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स एवं सरदार पटेल जेपी स्कूल, वालीबॉल, टीआरएस कॉलेज, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, चिरहुला कॉलोनी , कबड्डी- सरस्वती स्कूल निराला नगर रीवा, टी.आरएस कॉलेज रीवा, कराते- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स रीवा, कला मंदिर, महिला सेल्फ डिफेन्स- पाण्डेन टोलो, पुलिस लाइन, एथलेटिक्स- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, टी.आरएस कॉलेज रीवा, फुटबॉल- एसएएफ ग्राउण्ड रीवा, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स रीवा, टी.आरएस कॉलेज, ताईक्कांडो- स्पोट्स कॉम्पलेक्स रीवा, मार्तण्ड स्कूल क्र-03, टेबल-टेनिस- मेडिकल कॉलेज, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, हैण्डबॉल- एनसीसी ग्राउण्ड, अगडाल, तीरंदाजी- महाराजा पब्लिक स्कूल, बॉक्सिंग- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, खो-खो- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, एनसीसी ग्राउण्ड, मॉडल स्कूल, क्रिकेट- एपीएस खेल मैदान, वेटलिफ्टिंग- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, बैडमिन्टन- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, वेंकट क्लब, शतरंज- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, वुशू- दून पब्लिक स्कूल। ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखण्डवार रायपुर कर्चुलियान में फुटबॉल, कबड्डी- ज्योति सिंह, ब्लॉक सिरमौर में कबड्डी एवं खो-खो, वंदना सिंह, ब्लॉक गंगेव में वालीबॉल एवं एथलेटिक्स विकास कुमार सोनी, ब्लॉक जवा में वालीबॉल एवं एथलेटिक्स नीरज कुमार द्विवेदी, ब्लॉक हनुमना में वालीबॉल एवं फुटबॉल पुष्पादेवी पटेल, ब्लॉक रीवा में फुटबॉल एवं कबड्डी दिलीप सिंह, ब्लॉक त्योंथर में वालीबॉल एवं एथलेटिक्स प्रतिभा खरे, ब्लॉक मऊगंज में फुटबॉल एवं कराते अमर पासी, ब्लॉक नईगढ़ी आरजे खॉन एवं विक्रम दीपांकर से संपर्क कर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित होने हेतु संम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एम.के धौलपुरी, संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी द्वारा खिलाडियों से आग्रह किया गया है, प्रातः 05:30 से 07:30 बजे तक नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (आरोह 2026) में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को दिये गये लिंक पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक होगा, पंजीयन कराने में कोई समस्या आती है तो श्री सौरभ के मोबाइल नंबर 7566665437 व श्री भूपेन्द्र के मोबाइल नंबर 9109043870 पर संपर्क कर सकते हैं।

# आस्था, संस्कार और श्रद्धा का संगम बना खंधो धाम



**रीवा।** सभापति वन स्थायी समिति निर्मला संजीव द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं ग्राम वन समिति बांसा की देखरेख में कमलकिशोर द्विवेदी के द्वारा अपने सुपुत्र एवं भतीजे का विधि-विधान के साथ संस्कार सम्पन्न कराया गया। यह शुभ संस्कार केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि खंधो धाम की बढ़ती हुई धार्मिक पहचान और सनातन संस्कृति के विस्तार का प्रतीक बन गया। इस अवसर पर निर्मला संजीव द्विवेदी ने कहा कि खंधो धाम अब केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि धार्मिक एवं सामाजिक संस्कारों की नई पहचान बनता जा रहा है। संगठन और सहयोग से खंधो धाम इसी प्रकार उन्नति, श्रद्धा और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ता रहेगा।

# 20 प्रतिशत काम कर रहे फेफड़े के मरीज का इलाज कर बचाई जान

## डॉ. तारिक कमाल ने फिर किया कमाल



**रीवा।** विंध्य हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तारिक कमाल ने बताया कि मरीज सौम्या गुप्ता जब हमारी क्लीनिक में दिखाने आई तो उसको सांस लेने में काफी ज्यादा दिक्कत हो रही थी, परिजनों के अनुसार 15 दिन से बुखार आ रहा था पेट में ज्यादा दर्द हो रहा था। सारी चीजों को देखते हुए मरीज की तुरंत सारी जांच करवाई। जांच में पता चला कि मरीज का फेफड़ा सिर्फ 20 प्रतिशत ही काम कर रहा था, इसके साथ ही उसके लिवर में भी इन्फेक्शन पहुंच चुका था, पेट में पानी आ गया था एवं लिवर में बहुत सूजन थी। तुरंत मरीज को रीवा के विंध्य अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। बच्ची को नॉन इनवेसिव वेंटीलेटर पे रखा गया। डॉक्टर तारिक कमाल ने क्रिटिकल केयर यूनिट की एक टीम बनाई जिसमें डॉक्टर निशांत कुमार जैन लिवर रोग एवं गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर सौरभ पाण्डेय चेस्ट फिजिशियन सहित डॉक्टर तारिक कमाल शिशु रोग विशेषज्ञ ने बच्ची का इलाज शुरू किया और लगभग 17 दिनों तक अपनी निगरानी में बच्ची के इलाज पश्चात सफलता हाथ लगी। बच्ची अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है और अपने घर जाने के लिए तैयार है। डॉक्टर तारिक कमाल और विंध्य हॉस्पिटल की टीम एक बार फिर एक बच्ची को नया जीवन प्राप्त करने मे मददगार साबित हुए हैं। बच्ची के माता-पिता ने डॉक्टर, अस्पताल प्रबंधन सभी स्टाफ का आभार व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### एडिशनल डीसीपी के गोपनीय प्रतिवेदन पर हटे टीआई कोतवाली

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कोतवाली थाना प्रभारी काशीराम कुशवाह को थाने से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया है। टीआई ने सीएम के मशाल जुलूस में लापरवाही बरती थी। इस संबंध में उन्हें एक दिन पहले से अवगत कराया गया था। कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति न के बराबर रही और उनके द्वारा कोई काम नहीं किए गए। एडिशनल डीसीपी शालिनी दीक्षित के गोपनीय प्रतिवेदन पर टीआई कोतवाली को हटाया गया है। इस संबंध में डीसीपी जोन-थ्री आयुष गुप्ता ने शुक्रवार दो आदेश जारी किया है। उन्हें पुलिस लाइन भेजा है। एडिशनल डीसीपी जोन-थ्री भोपाल ने 29 अप्रैल को अपने पत्र के माध्यम से बताया कि दिनांक 28 अप्रैल को थाना कोतवाली क्षेत्र में निकाले जाने वाले मुख्यमंत्री, मप्र शासन के प्रस्तावित मशाल जुलूस मार्ग के दौरान निरीक्षक काशीराम कुशवाह थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा जुलूस मार्ग में किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की गई। न ही मार्ग में खड़े वाहनों को हटाने का कोई प्रयास किया गया। इनकी उक्त महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान सक्रिय उपस्थिति एवं थाना प्रभारी के रूप में दायित्व निर्वहन का अभाव था। एडिशनल डीसीपी के इस गोपनीय प्रतिवेदन पर डीसीपी ने सख्त प्रतिक्रिया करते हुए निरीक्षक काशीराम कुशवाह थाना प्रभार कोतवाली भोपाल के तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन भेजा है। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार का कहना है कि यदि कोई भी थाना प्रभारी अपने काम को लेकर सजग नहीं है और लापरवाही करता है तो उसे तत्काल हटाया जाएगा। उसके काम के आधार पर ही आंकलन किया जाएगा। दूसरे को मौका दिया जाएगा। कोतवाली टीआई की काम के प्रति लापरवाही सामने आई, इस पर उन्हें थाने से हटाया गया है। काम के प्रति किसी की भी लापरवाही बरती नहीं जाएगी। अभी टूआईसी के पास थाने की जिम्मेदारी है।

### 3000 किमी उड़कर एमपी से उज्बेकिस्तान पहुंचा गिद्ध

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** दुर्लभ प्रजाति का सिनेरियस गिद्ध मप्र से लगभग 3000 किलोमीटर की लंबी यात्रा कर उज्बेकिस्तान पहुंच गया है।



19 दिसंबर 2025 को विदिशा जिले के सिरोंज क्षेत्र से एक घायल सिनेरियस गिद्ध का रेस्क्यू किया गया था। इसके बाद इसका भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क और केरवा स्थित वल्चर कंजर्वेशन ब्रीडिंग सेंटर में उपचार किया गया। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद 23 फरवरी को इसे रायसेन जिले के हलाली डैम में स्थित इसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। गिद्ध की गतिविधियों पर तरीके से नजर रखने के लिए इसकी जीपीएस ट्रैकिंग की गई। लगभग एक महीने तक हलाली डैम के पास रहने के बाद यह पक्षी 10 अप्रैल को रवाना हुआ। इस दौरान राजस्थान के रास्ते पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमाओं को लांघते हुए यह 4 मई को उज्बेकिस्तान पहुंच गया।

### चेकिंग में लापरवाही, सब इंस्पेक्टर समेत 5 सस्पेंड

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** वाहन चेकिंग के दौरान गंभीर लापरवाही बरतने पर पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने सब इंस्पेक्टर समेत पांच पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। कार्रवाई शनिवार रात टीटी नगर थाना क्षेत्र के जवाहर चौक चेकिंग पॉइंट पर की गई। आदेश के अनुसार, सब इंस्पेक्टर नर्मदा प्रसाद उइके, प्रधान आरक्षक भूपेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश मिश्रा, जलील खान और कमलेश लोधी की ड्यूटी वाहन चेकिंग के लिए लगाई गई थी। निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारी चेकिंग पॉइंट से गायब मिले। कोई मोबाइल पर व्यस्त था तो कोई इधर-उधर घूमता और बाइक पर बैठा मिला। इसे ड्यूटी के प्रति गंभीर लापरवाही और कर्तव्यहीनता मानते हुए सभी को निलंबित कर रक्षित केंद्र अटैच किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मच गया है।

# ज्यादा जीएसटी देकर भी तंग रहेगा एमपी का हाथ, केंद्र से कम मिलेंगे 1875 करोड़

## 42140 के बजाय 45072 करोड़ की वसूली, पिछले साल से 7 फीसदी ज्यादा किया कलेक्शन

**मुख्य संवाददाता भोपाल।** मप्र ने 31 मार्च को खत्म हुए वित्त वर्ष 2025-26 में एक नया मुकाम हासिल किया है। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) का टारगेट 42,140 करोड़ रुपये रखा था। यह लक्ष्य पिछले वर्ष से करीब 12 प्रतिशत अधिक था। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीईसी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार राज्य ने इस लक्ष्य को पार कर लिया। पिछले वित्त वर्ष में कुल जीएसटी कलेक्शन बढ़कर 45,072 करोड़ रुपये हो गया जो टारगेट से लगभग 7 फीसदी अधिक रहा। जीएसटी के अफसरों के अनुसार औद्योगिक गतिविधियों में सुधार टैक्स अनुपालन बढ़ने और लोगों की खरीद क्षमता में इजाफे के कारण जीएसटी में यह इजाफा हुआ है। हालांकि अगर मार्च 2026 के आंकड़ों को देखें तो इस माह में जीएसटी अनुमान से कम हासिल हुआ। इसका कारण अमेरिका ईरान युद्ध को बताया जा रहा है।

**इस तरह होता है केंद्र राज्य के बीच रकम का बंटवारा:** जब किसी राज्य के भीतर सामान बेचा जाता है तो टैक्स का आधा आधा हिस्सा केंद्र और प्रदेश सरकार को मिलता है। इसके अलावा जब सामान एक राज्य से दूसरे राच्य भेजा जाता है तो केंद्र सरकार टैक्स वसूलकर बाद में एक हिस्सा उस राच्य को देती है जहां सामान बेचा गया। इसके अलावा केंद्रीय करों के पूल में से राच्यों की हिस्सेदारी का फैसला वित्त आयोग करता है। वर्तमान में केंद्रीय करों का लगभग 41 फीसदी हिस्सा राज्यों के बीच वितरित किया जाता है। जीएसटी लागू करते समय राच्यों के राजस्व में 14 फीसदी की सालाना वृद्धि न होने पर केंद्र सरकार ने 5 साल तक नुकसान की भरपाई की घोषणा की थी। यह क्षतिपूर्ति जून 2022 में खत्म हो गई लेकिन कोरोना काल के दौरान प्रदेशों के कर्ज को चुकाने के लिए मुआवजा उपकर मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा उन राज्यों को अधिक पैसा मिलता है जहां गरीबों की संख्या अधिक होती है। वहीं प्रदेशों की जरूरतों प्रशासनिक खर्चों पर्यावरण संरक्षण और जनसंख्या नियंत्रण वाले राज्यों को ज्यादा रकम दी जाती है।

### केंद्र के आगे फिर फैलाने होंगे हाथ



टैक्स के हिस्से में कटौती के कारण विकास योजनाओं को पूरा करने में परेशानी आ सकती है। इसके लिए एक बार फिर प्रदेश सरकार को केंद्र से आर्थिक मदद मांगनी होगी। विकास कार्यों या अन्य प्रयोजनो के लिए सरकार वित्तीय मदद का प्रस्ताव तैयार कर केंद्र को दे सकती है, हालांकि इस पर फैसला दिल्ली से ही होगा। फिलहाल एमपी सरकार के सामने 2028 में उज्जैन में होने वाला सिंहस्थ कुंभ भी एक बडी चुनौती है। पिछले दिनों ही सरकार ने 20,000 करोड़ का विशेष पैकेज देने की मांग केंद्र से की थी, जिसे मंजूरी नहीं मिली। फिलहाल प्रदेश सरकार लगभग सवा चार लाख करोड़ के कर्ज में है।

### देश के जीएसटी में 8.3 फीसदी की ग्रोथ, टॉप सिक्स में मप्र नहीं

पिछले वित्त वर्ष में देश में कुल 22.27 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह हुआ जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.3 प्रतिशत अधिक है। इसमें सबसे बड़ा योगदान महाराष्ट्र कर्नाटक गुजरात और तमिलनाडु जैसे बड़े राच्यों का रहा। अगर टैक्स कलेक्शन की बात करें तो इस साल महाराष्ट्र ने एक बार फिर बाजी मारी। इस राच्य का कुल जीएसटी संग्रह 3 लाख 59 हजार 855 करोड़ रुपये रहा। इसके बाद कर्नाटक ने 1 लाख 59 हजार 564 करोड़ गुजरात ने 1 लाख 36 हजार 748 करोड़ तमिलनाडु ने 1 लाख 31 हजार 115 करोड़ उत्तर प्रदेश ने 1 लाख 12 हजार 212 करोड़ और फिर हरियाणा ने 1 लाख 19 हजार 362 करोड़ का रेवेन्यू हासिल किया। विशेषज्ञों के अनुसार राच्य सरकार के लिए जीएसटी कर राजस्व का सबसे बड़ा जरिया है क्योंकि उसे खुद के कर संग्रहण की लगभग 39 फीसदी रकम केंद्र सरकार से मिलती है।

### पिछले साल से कम राशि मिलने के आसार

भले ही एमपी ने जीएसटी के कलेक्शन में नया रिकॉर्ड बनाया हो फिर भी उसके खाते में केंद्र से मिलने वाली राशि कम हो जाएगी। केंद्र के नियमों के अनुसार जीएसटी को दो अलग अलग टुकड़ों में वसूला जाता है इसमें एसजीएसटी (वह हिस्सा जो राज्य में वसूला जाता है) और आईजीएसटी (इंटीग्रेटेड जीएसटी जो दूसरे राच्यों से आने वाले सामान पर वसूला जाता है) शामिल होते हैं। केंद्र के नियम के अनुसार इस शेयर में से एसजीएसटी को प्रदेश का हिस्सा माना जाता है। जीएसटी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार एमपी से कुल 45,072 करोड़ का कलेक्शन हुआ है इसमें राच्य सरकार का एसजीएसटी का हिस्सा 14,642 करोड़ है। इसके अलावा रिफंड और इंटर स्टेट ट्रेडिंग के साथ केंद्र सरकार अपना हिस्सा काटकर लगभग 20 हजार करोड़ रुपये एमपी को देगी।

#### इनका कहना है

"जीएसटी के रेवेन्यू से प्रदेश को मिलने वाला रिफंड केंद्र सरकार तय करती है। अगर प्रदेश सरकार अपनी कोई विशेष मांग केंद्र के सामने रखेगी तो जीएसटी काउंसिल और केंद्र क्षतिपूर्ति की अतिरिक्त राशि दे सकती है।

■ **सीए मयूर गर्ग**, टैक्स कंसल्टेंट

### प्रमुख सचिव सहित तीन अधिकारियों के विरुद्ध जमानती वारंट

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने पूर्व आदेश का पालन न होने को लेकर दायर अवमानना मामले को सख्ती से लिया है। कोर्ट ने मामले में एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, आयुक्त दिलीप कुमार सिंह और जिला उद्योग केंद्र रीवा के जनरल मैनेजर राहुल दुबे के विरुद्ध 25-25 हजार रुपये के जमानती वारंट जारी किए हैं। न्यायालय ने भोपाल और रीवा एसपी को वारंट तामील कराने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 15 मई को निर्धारित की है। यह अवमानना का मामला मामला जिला उद्योग केंद्र रीवा में पदस्थ असिस्टेंट मैनेजर जयप्रकाश तिवारी की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि वह मैनेजर पद पर प्रमोशन पाने के पात्र थे, लेकिन विभाग की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा था, जिस पर उन्होंने हाई कोर्ट की शरण ली थी।

# गुना के औद्योगिक विकास को लगेंगे पंख भेरुंदा में पीएम ग्रामीण सड़क-4 का शुभारंभ

## सीएम आज 2962 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे भूमि पूजन, शिवराज व केंद्रीय मंत्री सिंधिया रहेंगे मौजूद

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को प्रदेश में 2962 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण करेंगे। एक तरफ गुना को अंबूजा सीमेंट की नई यूनिट स्थापना के लिए भूमिपूजन करेंगे। अडानी समूह की इस फैक्टरी से औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। साथ ही रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। वहीं प्रदेश की 963 बसाहटों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क परियोजना-4 के तहत पक्की सड़क का जाल बिछाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुना में 1059 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाली अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री (अडानी समूह) का शिलान्यास करेंगे। अंबुजा कांक्रीट नार्थ प्रा.लि. द्वारा गुना से 5 किमी दूर मावन में 32 हैक्टेयर भूमि पर स्थापित की जा रही है। यह सीमेंट प्रोजेक्ट जिले के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। परियोजना से प्रतिवर्ष 2 गुणा 2 मिलियन टन प्रतिवर्ष का उत्पादन होगा। इसकी स्थापना से लगभग 500 लोगों को प्रत्यक्ष एवं 1000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। साथ ही शासन को प्रतिवर्ष लगभग 160 करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व की प्राप्त होगी। इसके अलावा करीब 130 करोड़ रुपये की लागत के 144 विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत भी शामिल होंगे।



### मेले सांस्कृतिक एकता के आधारः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मालवा उत्सव केवल एक मेला नहीं, बल्कि मेल-मिलाप, आत्मीयता और सांस्कृतिक एकता का मंच है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष आयोजित होने वाला यह उत्सव आज अपनी रजत जयंती मना रहा है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न राज्यों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से देश की सांस्कृतिक विविधता को एकता के सूत्र में पिरो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को इंदौर में लोक संस्कृति मंच द्वारा आयोजित मालवा उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मालवा उत्सव के उत्साहपूर्ण माहौल का उल्लेख करते हुए कहा कि भांगड़ा, गरबा और अन्य लोक नृत्यों की प्रस्तुतियों ने ऐसा वातावरण बना दिया मानो स्वर्ग धरती पर उतर आया हो।

### 1763 करोड़ की लागत से बनेंगी 2117 किमी लंबी सड़कें

मुख्यमंत्री और केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान सीहोर के भैरूंदा से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं पीएम जनमन योजना का शुभारंभ करेंगे। इस परियोजा में 1763 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 2117 किलोमीटर लंबी 963 सड़कों का निर्माण प्रदेश में होगा। प्रदेश की 987 बसाहटों को बेहतर सड़क संपर्क सुविधा मिल जाएगी। सीहोर जिले में 165 करोड़ रुपये की लागत से 84 बसाहटों के बीच 209 किलोमीटर लंबी 81 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान सहित हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, असम, उड़ीसा, गुजरात, हरियाणा, बिहार, उत्तरप्रदेश, तमिलनाडु, जम्मू कश्मीर, मेघालय, राजस्थान, अंडमान निकोबार, लद्दाख, पुदुचेरी, सिक्किम और त्रिपुरा राज्यों के प्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल होंगे।

# समुदाय की महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ेंगी अल्पसंख्यक महिलाएं

## पटवारी ने लांच किया प्रोजेक्ट, 160 महिलाओं का अलग कैडर



**जागरण, भोपाल।** अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के बीच अपनी पैठ बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने एक नया कैडर तैयार किया है। कांग्रेस ने प्रदेश भर में 160 महिलाओं को चिंहित कर प्रोजेक्ट एम शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी सभी महिलाएं अब सेवादल की तरह गतिविधियां चलाते हुए अपने समुदाय की अल्प संख्यक महिलाओं को ही टारगेट बनाएंगी। लगातार संपर्क कर महिलाओं को राजनीति में लाकर कांग्रेस से जोड़ेंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ करते बौद्ध, सिख, ईसाई, जैन एवं मुस्लिम एवं अन्य अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं से महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व निर्माण, राजनीतिक भागीदारी एवं सामाजिक चुनौतियों पर चर्चा कर कार्ययोजना समझाई। हाशिए से नेतृत्व तक का नारा देते हुए अल्पसंख्यक महिलाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ाई जाएगी। प्रोजेक्ट में चुनी गईं ये महिलाएं पार्टी के धरना, प्रदर्शन व रैलियों से दूर रहकर चुपचाप अपने टारगेट पर सक्रिय रहेंगी। यह अपने क्षेत्र व समुदाय की महिलाओं से लगातार संपर्क करते रहेंगी। कांग्रेस की सोच है कि राजनीति में चुनिंदा परिवारों की महिलाएं ही सक्रियता दिखा पाती हैं। हमें हर वर्ग, समुदाय की महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ने व राजनीतिक भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। घर-घर संपर्क कर महिलाओं को समझाएंगी कि कांग्रेस एक धर्मनिरपेक्ष दल है। भाजपा की विचारधारा में अल्पसंख्यक वर्ग के लोग खुद को सहज महसूस नहीं करते। कांग्रेस अल्पसंख्यक महिलाओं को एक ऐसा मंच दे रही है, जहां वे नेतृत्व क्षमता दिखा सकती हैं। कार्यक्रम में संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले, प्रशिक्षण विभाग प्रभारी महेंद्र जोशी तथा मतदाता सूची की सह-प्रभारी आरिफा खान, सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# प्रदेश के सरकारी विश्राम गृहों से कलेक्टर एसडीएम का अघोषित कब्जा हुआ खत्म

## लोक निर्माण विभाग के पास लौटा बुकिंग का अधिकार, आदेश जारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में अब सरकारी विश्राम गृहों में ठहरने के लिए कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदारों की परमिशन की जरूरत नहीं होगी। सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए रेस्ट हाउस के कमरों के आरक्षण यानी बुकिंग का अधिकार प्रशासनिक अफसरों से छीनकर वापस लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों को सौंप दिया है। विभाग के उप सचिव एआर सिंह द्वारा जारी आदेश के बाद अब कलेक्टर और एसडीएम का इन गेस्ट हाउसों पर एकाधिकार खत्म हो गया है। लंबे समय से यह शिकायतें मिल रही थीं कि प्रदेश के जिलों, शहरों और खासकर पर्यटन स्थलों पर बने इन रेस्ट हाउसों पर जिला प्रशासन का अघोषित कब्जा रहता था और कलेक्टर, एसडीएम एवं तहसीलदार ही तय करते थे कि कमरा किसे मिलेगा और किसे नहीं। कई बार विभाग के ही अफसरों को वहां जगह नहीं मिल पाती थी, क्योंकि प्रशासन इन कमरों को अपने खास मेहमानों के नाम पर ब्लॉक कर देता था।




### स्टेट गेस्ट हाउस सत्कार अधिकारी कलेक्टर के पास

जिलों में प्रशासनिक अफसरों के इस रवैये से होने वाली परेशानी को देखते हुए सरकार ने अब बुकिंग की कमान प्रोफेशनल ढंग से बांटी है। राजधानी भोपाल में आए दिन वीवीआईपी का आगमन होता है, इसलिए यहां स्थित सबसे बड़े स्टेट गेस्ट हाउस की बुकिंग का अधिकार सीधे राज्य सत्कार अधिकारी को दे दिया गया है। इसके अलावा प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर स्थित सर्किट हाउस की बुकिंग कलेक्टर के पास ही यथावत रहेगी। विभाग के भोपाल स्थित सभी रेस्ट हाउस में बुकिंग का अधिकार अब मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारी के पास रहेगा, जबकि अन्य जिलों, शहरों और कस्बों में स्थित रेस्ट हाउस की जिम्मेदारी जिले के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (कार्यपालन यंत्री) की रहेगी। गौरतलब है कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के कुल 478 रेस्ट हाउस और सर्किट हाउस हैं। इनमें लगभग 50 सर्किट हाउस और शेष रेस्ट हाउस हैं। इनमें से 34 को पर्यटन विभाग को ट्रांसफर भी किया जा रहा है।

### विजय शाह पर सुप्रीम फटकार ने बढ़ाई चिंता

# अभियोजन की बजाय नया कानूनी रास्ता ढूंढ सकती है सरकार

**जागरण, भोपाल।** सार्वजनिक माफी मांगने के बाद लंबी चुप्पी ओढ़कर बैठे मंत्री विजय शाह के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक बार फिर दिखाई गई सख्ती ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। शीर्ष अदालत के निशाने से खुद को तो बचाना ही है, सरकार अपने आदिवासी चेहरे पर भी दाग नहीं रहने देना चाहती। इसी के चलते अदालत द्वारा दी गई टाइम लिमिट में सरकार एक बार फिर कानूनी राय लेकर नया रास्ता अपना सकती है, ताकि सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी से भी बचा जा सके। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर प्रदेश के आदिमजाति कल्याण मंत्री विजय शाह की विवादित टिप्पणी के मामले में सुनवाई की गई थी। इसमें राज्य सरकार द्वारा मंत्री शाह पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने में आनाकानी पर अदालत ने खासी नाराजगी जताई। अदालत ने 19 जनवरी को दिए आदेश में मंजूरी के लिए शासन को दो सप्ताह का समय दिया था। मगर सरकार ने शीर्ष अदालत के आदेश को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया था। साथ ही मंत्री शाह को भी सरकार सेफ मानने लगी थी। बजट सत्र के अलावा विशेष सत्र में भी मंत्री शाह पुराने अंदाज में नजर आ रहे थे। शाह पूर्व में अपने बयान कई बार माफी भी मांग चुके हैं। इससे सरकार को भी मानकर चल रही थी कि उसकी युक्ति काम आ गई है और कानूनी टीम अब शाह को कठघरे से बाहर निकाल लेगी। मगर शुक्रवार को अदालत ने न केवल शाह की आदत पर खुलकर टिप्पणी की, बल्कि सरकार के रवैये को भी उचित नहीं मानते हुए पानी सिर से ऊपर बता दिया। इससे सरकार की चिंता तो बढ़ गई है। शनिवार को भी अदालत के आदेश की प्रति न मिलने से राज्य शासन ने राहत की सांस ले ली, लेकिन अब राज्य शासन हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठ सकती। हालांकि सारे विकल्पों पर चिंतन के दौर शुक्रवार से ही शुरू हो गए हैं। महाधिवक्ता की टीम के अलावा पार्टी से जुड़े वरिष्ठ विधि विशेषज्ञों और अधिवक्ताओं से नए आदेश के मायने समझे जा रहे हैं और अब ऐसी स्थिति में उठाए जाने वाले कदमों पर भी राय ली जा सकती है। अभियोजन की मंजूरी से बचने के लिए नए सिरे से सरकार का पक्ष रखा जा सकता है। वैसे भी शाह को लेकर पहले ही दिन से रक्षात्मक रवैया सरकार अपनाकर चल रही है। शाह को उनके हाल पर छोड़कर सरकार आदिवासियों की नाराजगी नहीं उठाना चाहेगी। आदिवासी बाहुल सीटों को लेकर सत्तापक्ष की स्थिति लगातार डावाडोल होती रही है। यही वजह है कि आदेश की प्रति मिलने के पहले ही आला अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। विधि विशेषज्ञों की राय पर अदालत की समय सीमा में रिपोर्ट तो पेश करना ही पड़ेगी। ऐसे में सामान्य प्रशासन, गृह, विधि सहित सभी जिन विभाग अपनी ओर से जरूरी कार्रवाई पूरी करके रखेंगे। अभियोजन को लेकर अंतिम निर्णय अदालत के रवैये को देखकर ही लिया जाएगा।



# संक्रामक रोगों से निपटने में मरीजों का डाटा अहम

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम अंतर्गत 9 मई को स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सम्मिलित निजी अस्पतालों को संक्रामक रोगों की निगरानी के लिए आवश्यक रिपोर्टिंग फॉर्म की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ मनीष शर्मा, नर्सिंग होम एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ संजय गुप्ता, वरिष्ठतम चिकित्सक डॉ अनूप हजेला, पब्लिक हेल्थ फिजिशियन डॉ चंद्रकांत मोघे, सहायक संचालक एनएबीएच डॉ. नवीन चौधरी, भारतीय गुणवत्ता परिषद के सलाहकार जगत पटेल, डॉ श्रव्या सालम, राज्य एपिडेमियोलॉजिस्ट, जापाईगो संस्था से डॉ ज्योति बनवारी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ कामिनी मेहरा द्वारा सम्बोधित किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ मनीष शर्मा ने कहा कि भोपाल जैसे बड़े शहरों में शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं के साथ साथ निजी क्षेत्रों की स्वास्थ्य संस्थाएं भी बड़े पैमाने पर सेवाएं दे रही हैं। संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए प्राइवेट सेक्टर द्वारा रिपोर्ट किया जाना बेहद जरूरी है। डॉ शर्मा ने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए अनमोल पोर्टल पर प्रविष्टियों की जानकारी साझा की। कार्यशाला में सम्मिलित विषय विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई कि समय पर सरकार को साझा की गई जानकारी से बीमारियों की रोकथाम, चेतावनी, आउटब्रेक मैनेजमेंट आसानी से किया जा सकता है।



**नवाचार** प्रदेश के सभी 66 जिला स्तरीय हेल्प डेस्क पर सातों दिन सेवा, मातृ-शिशु मृत्यु दर रोकने में कारगर

# प्रदेश की सुमन हेल्प डेस्क नवाचार के लिए बनी देश में मॉडल

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश के सुमन हेल्प डेस्क एवं इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को देश में नवाचार के लिए मॉडल माना गया है। यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा आयोजित 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन (नेशनल समिट ऑन इनोवेशंस एंड बेस्ट प्रैक्टिसेज) में नवाचार एवं सर्वोत्तम कार्य-पद्धति के रूप में सराहा गया है। आईसीसीसी पूर्व से ही 24 घंटे सातों दिवस कार्यरत था, जबकि जिला स्तरीय हेल्प डेस्क कार्यालयीन समय में संचालित होते थे। इस व्यवस्था के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए मई 2026 से प्रदेश के सभी 66 जिला स्तरीय हेल्प डेस्क को भी सातों दिन संचालित किया जा रहा है। राज्य में प्रारंभिक रूप से 57 स्वास्थ्य संस्थाओं से शुरू हुई यह व्यवस्था अब विस्तारित होकर 55 जिला चिकित्सालयों, 10 शासकीय मेडिकल कॉलेजों तथा 01 एम्स भोपाल तक पहुंच चुकी है।



### हर जिले में सक्रिय सुमन हेल्प डेस्क

प्रदेश के प्रत्येक जिले में सुमन हेल्प डेस्क स्थापित की गई है, जहां दो टेली-कॉलर एवं एक सुपरवाइजर नियुक्त हैं। हेल्प डेस्क का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को सभी निर्धारित स्वास्थ्य सेवाएं समय पर, निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण रूप से उपलब्ध हों। लाभार्थी को स्वास्थ्य सेवाओं में देरी या असुविधा पर हेल्प डेस्क द्वारा संबंधित स्वास्थ्यकर्मी, एएनएम, सीएचओ अथवा अन्य मैदानी अमले से समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाता है। शिकायतों का समयबद्ध निवारण इस प्रणाली की प्रमुख विशेषता है।


### हाई-टेक निगरानी व्यवस्था

सुमन हेल्प डेस्क व्यवस्था राज्य स्तरीय सुमन इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आइसीसीसी) से जुड़ी हुई है। कंट्रोल सेंटर से सेवाओं की सतत निगरानी, रिपोर्टिंग एवं समन्वय किया जा रहा है। यह कमांड सेंटर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी और तकनीक-आधारित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### 104 टोल फ्री सेवा से लोगों को पहुंच रही मदद

104 टोल फ्री नंबर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं परिवारों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, शिकायत निवारण, शासकीय योजनाओं की जानकारी तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) सेवाओं की जानकारी, सोनोग्राफी एवं आवश्यक जांच के लिए परामर्श, आईएफए एवं कैल्शियम अनुपूरण संबंधी मार्गदर्शन, बर्थ वेटिंग होम में भर्ती के लिए प्रेरित करना, उच्च जोखिम गर्भावस्था (हाई रिस्क प्रेगनेंसी) की सतत निगरानी, नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य ट्रैकिंग आदि सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। सुमन हेल्प डेस्क से लाखों गर्भवती महिलाओं, उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली माताओं एवं नवजात शिशुओं की नियमित निगरानी की जा रही है। हेल्प डेस्क द्वारा समय-समय पर जागरूकता संदेश, स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक जानकारी भी साझा की जाती है, जिससे सुरक्षित प्रसव एवं नवजात देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| क्लासेन (हैदराबाद) | 494 |
| अभिषेक (हैदराबाद) | 475 |
| केएल राहुल (दिल्ली) | 468 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| रबाडा (गुजरात) | 18 |
| भुवनेश्वर (बेंगलुरू) | 17 |
| अंशुल कंबोज (चेन्नई) | 17 |



## बाउंड्री मीटर

979 छक्के

1597 चौके

101 अर्धशतक



जोफ्रा आर्चर ने अपने पहले ओवर में कुल 11 गेंदें डालीं, जिसमें चार वाइड और एक नो-बॉल शामिल रही। इस ओवर में 18 रन खर्च किए।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 14 | 0.737 |
| गुजरात | 11 | 7 | 4 | 14 | -0.228 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 | 0.571 |
| बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 12 | 1.234 |
| राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 12 | 0.082 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | 0.151 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 | -0.169 |
| दिल्ली | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.154 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.649 |
| लखनऊ | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.934 |

### मैच 52: गुजरात ने राजस्थान को उसके घर में 77 रन से हराया, अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया

# सबसे बड़ी जीत के साथ गुजरात टॉप-2 में



प्लेयर ऑफ द मैच
राशिद खान
04 विकेट

जेएनएन, जयपुर

कप्तान शुभमन गिल की 84 रन की विस्फोटक पारी और साई सुदर्शन के शानदार अर्धशतक के बाद राशिद खान (33 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के कमाल से गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के 52वें मैच में शनिवार को राजस्थान रॉयल्स को 77 रन से शिकस्त देकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। टाइटंस ने मौजूदा सत्र का अपना सबसे बड़ा स्कोर चार विकेट पर 229 रन बनाने के बाद रॉयल्स की पारी को 16.3 ओवर में 152 रन पर समेटकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस बड़ी जीत से टाइटंस की टीम अपना नेट रन रेट सुधारने में सफल रही। टीम की यह 11 मैचों में सातवीं जीत है और वह 14 अंक के साथ तालिका में पांचवें से दूसरे स्थान पर पहुंच गई। रॉयल्स इतने ही मैचों में पांचवीं हार के बाद 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गई है। वहीं आईपीएल में गुजरात की यह रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने 2022 में पुणे में लखनऊ को 62 रन से शिकस्त दी थी। राशिद को गेंदबाजी में जेसन होल्डर (12 रन पर तीन विकेट) और कागिसो रबाडा (33 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। रॉयल्स के लिए रवींद्र जडेजा ने 25 गेंदों में 38, वैभव सूर्यवंशी ने 16 गेंदों में 36 और ध्रुव जुरेल ने 10 गेंदों में 24 रन का योगदान दिया। सिराज और रबाडा ने ही पूरे पावरप्ले में गेंदबाजी की और वे बिना बदलाव के लगातार चार आईपीएल मैचों में पावरप्ले में गेंदबाजी करने वाली पहली जोड़ी बने। 2008 में मनप्रीत गोनी और अल्बी मोर्कल ने सीएसके के लिए 2019 में हरभजन सिंह और दीपक चाहर ने भी सीएसके के लिए लगातार तीन मैचों में ऐसा किया था।

## वैभव सूर्यवंशी के तेज 100 छक्के पूरे

लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्यवंशी ने शुरुआती दो ओवरों में सिराज और रबाडा के खिलाफ छक्के जड़कर रॉयल्स को तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने सिराज के खिलाफ तीसरे ओवर में भी तीन चौके जड़े, लेकिन इस अनुभवी गेंदबाज की बाउंसर पर हवा में शॉट खेल बैठे और अरशद खान ने आसान कैच पूरा किया। सूर्यवंशी ने टी-20 में अपने 100 छक्के पूरे किए। वह सबसे कम 29 पारियों और सबसे कम 514 गेंदों में 100 टी-20 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। यशस्वी जायसवाल (तीन) अगले ओवर में ही रबाडा की गेंद पर कैच दे बैठे। इन विकेटों का हालांकि जुरेल पर कोई असर नहीं हुआ और उन्होंने सिराज के खिलाफ तीन छक्के और एक चौका जड़कर पांचवें ओवर से 22 रन बटोरे। रबाडा ने हालांकि दूसरे छोर से शिमरोन हेटमायर (छह) को सस्ते में चलता कर रॉयल्स को तीसरा झटका दिया। जडेजा ने क्रीज पर आते ही छक्का और चौका जड़ा, जिससे पावरप्ले में राजस्थान ने तीन विकेट पर 78 रन बना लिए।

- साई सुदर्शन-शुभमन गिल ने पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 82 रन जोड़े। यह गुजरात का संयुक्त रूप से सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है।
- गिल-सुदर्शन ने पहले विकेट के लिए 118 रनों की साझेदारी निभाई। यह दोनों की नौवीं शतकीय साझेदारी रही। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली और क्रिस गेल की जोड़ी की बराबरी कर ली। इस सूची में सिर्फ कोहली और एबी डिविलियर्स की जोड़ी उनसे आगे है, जिन्होंने 10 बार शतकीय साझेदारी निभाई है।
- बतौर ओपनिंग जोड़ी गिल और सुदर्शन ने छठी बार 100 से ज्यादा रन जोड़े। उन्होंने डेविड वॉर्नर-शिखर धवन और अभिषेक शर्मा-ट्रेविस हेड की जोड़ी की बराबरी कर ली। आईपीएल में किसी भी टीम के लिए सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारी करने वाली सलामी जोड़ियों में अब यह जोड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई है।
- गुजरात का यह आईपीएल इतिहास में चौथा सबसे बड़ा स्कोर है, जबकि पहली पारी के आधार पर टीम का तीसरा सर्वोच्च स्कोर रहा।

## स्कोर बोर्ड

**गुजरात टाइटंसः 229/4 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन का. आर्चर बो. यश | 55 | 36 | 6 | 2 |
| शुभमन गिल का. तुषार बो. बृजेश | 84 | 44 | 9 | 3 |
| जॉस बटलर का. फरेरा बो. जडेजा | 13 | 10 | 9 | 1 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 37 | 20 | 2 | 3 |
| होल्डर का. यशस्वी बो. बृजेश | 7 | 7 | 1 | 0 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 14 | 4 | 0 | 2 |

**अतिरिक्तः** 19, **कुलः** 20 ओवर में चार विकेट पर 229 रन, **विकेट पतनः** 1-118, 2-150, 3-185, 4-205, **गेंदबाजीः** आर्चर 3-0-46-0, तुषार देशपांडे 4-0-52-0, बृजेश शर्मा 4-0-47-2, यश पुंजा 4-0-37-1, जडेजा 4-0-34-1, फरेरा 1-0-11-0.

**राजस्थान रॉयल्सः 152/10 (16.3 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का. सिंधू बो. रबाडा | 3 | 4 | 0 | 0 |
| सूर्यवंशी का. अरशद बो. सिराज | 36 | 16 | 3 | 3 |
| ध्रुव जुरेल बो. राशिद | 24 | 10 | 1 | 3 |
| हेटमायर का. होल्डर बो. रबाडा | 6 | 7 | 1 | 0 |
| जडेजा पगाबाधा बो. राशिद | 38 | 25 | 3 | 2 |
| डॉनोवन फरेरा बो. राशिद | 4 | 2 | 1 | 0 |
| शुभम दुबे बो. राशिद | 15 | 14 | 1 | 1 |
| शानका का. गिल बो. होल्डर | 16 | 11 | 2 | 0 |
| आर्चर का. बटलर बो. होल्डर | 5 | 6 | 1 | 0 |
| देशपांडे का. सुंदर बो. होल्डर | 1 | 3 | 0 | 0 |
| बृजेश शर्मा नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 3, **कुलः** 16.3 ओवर में 152 रन पर सभी आउट, **विकेट पतनः** 1-38, 2-40, 3-68, 4-87, 5-91, 6-115, 7-136, 8-141, 9-151, 10-152, **गेंदबाजीः** सिराज 4-0-55-1, कगिसो रबाडा 3-0-33-2, साई किशोर 1-0-8-0, राशिद खान 4-0-33-4, वॉशिंगटन सुंदर 2-0-10-0, जेसन होल्डर 2.3-0-12-3.

### डबल हेडर आजः दिन में सीएसके की भिड़ंत लखनऊ से, शाम को आरसीबी का सामना मुंबई से

# प्लेऑफ की उम्मीद जीवंत रखने उतरेगी सीएसके

जेएनएन, चेन्नई

आईपीएल 2026 के एक और डबल हेडर के पहले मैच में रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स अपने घर में लखनऊ सुपर जाएंट्स को होस्ट करने के लिए तैयार है। पिछले मैच में घर पर मिली जीत के बाद लखनऊ का आत्मविश्वास जरूर बढ़ा होगा, लेकिन सीएसके भी शानदार लय में चल रही है। अंकतालिका में सबसे निचले पायदान पर मौजूद लखनऊ के लिए प्लेऑफ के दरवाजे लगभग बंद हो चुके हैं, लेकिन छठे स्थान पर काबिज सीएसके के लिए एक भी हार उनका काम बिगाड़ सकती है। महेंद्र सिंह धोनी टूर्नामेंट शुरू होने से पहले लगी पिंडली की चोट के कारण अभी तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। उन्होंने हालांकि नेट पर अभ्यास किया है, लेकिन उन्हें अभी तक अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली है।



**हेड टू हेड :** दोनों टीमों के बीच आईपीएल में अब तक छह मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें लखनऊ ने तीन और सीएसके ने दो मैच जीते हैं, जबकि एक मुकाबला बेनतीजा रहा। चेन्नई में दोनों टीमें दो बार आमने सामने आई हैं और यहां दोनों ने एक-एक मैच जीता है। पिछले सीजन सीएसके ने मुकाबला अपने नाम किया था, लेकिन 2024 में चेन्नई में हुई आखिरी भिड़ंत में लखनऊ ने जीत दर्ज की थी।

- इस सीजन में 17वें से 20वें ओवर के बीच सीएसके के बल्लेबाजों ने लगातार तेज रन बनाए हैं। जेमी ओवर्टन का स्ट्राइक रेट 154, शिवम दुबे का 176 और कार्तिक शर्मा का 171 रहा है। वहीं तीनों बल्लेबाज हर तीन से चार गेंद में एक बाउंड्री लगाने में सफल रहे हैं।

## मुंबई बनाम आरसीबीः रायपुर में रोहित-विराट की नजरें रिकॉर्ड पर

**रायपुर, जेएनएन।** डबल हेडर के दूसरे मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की भिड़ंत मुंबई इंडियंस से होगी। आरसीबी ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी और अपने पहले चार मैच जीते थे। तब उसके लिए प्लेऑफ में प्रवेश महज एक औपचारिकता लग रहा था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। मौजूदा चैंपियन टीम अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच हार गई है, जिससे उसके समीकरण बिगड़ गए हैं। आरसीबी अभी 10 मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है और वह प्लेऑफ में पहुंचने का मजबूत दावेदार है। वहीं मुंबई 10 मैचों में तीन जीत के साथ नौवें नंबर पर काबिज है। रोहित शर्मा और विराट कोहली रायपुर में अपना 278वां आईपीएल मैच खेलेंगे और इस मामले में महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी कर लेंगे। आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड फिलहाल धोनी के नाम है, जिन्होंने 278 मुकाबले खेले हैं। रोहित और विराट अभी 277 मैचों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जबकि रवींद्र जडेजा 264 मैचों के साथ चौथे नंबर पर हैं।





**हेड टू हेडः** मुंबई का आरसीबी पर पलड़ा भारी रहा है, लेकिन पिछले कुछ सीजन में आरसीबी ने शानदार वापसी की है। 2021 के बाद से आरसीबी ने आठ में से छह मुकाबले जीते हैं।

# अब्बास के पांच विकेट, डेब्यू मैच में अजान का अर्धशतक

### बांग्लादेश के पहली पारी में 413 रन, पाक का स्कोर 179/1

**ढाका, जेएनएन।** तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास और सलामी बल्लेबाज अजान अवैस के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन स्टंप तक एक विकेट पर 179 रन बना लिए। बांग्लादेश ने दूसरे दिन की शुरुआत चार विकेट पर 301 रन से की। लेकिन अब्बास के 92 रन देकर पांच विकेट के शानदार प्रदर्शन से मेजबान टीम 413 रन पर ऑल आउट हो गई। अजान ने इस मैच से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की है। वह 85 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं, जिससे पाकिस्तान की टीम अच्छी शुरूआत करने में सफल रही। वहीं उनके साथ पदार्पण करने वाले दूसरे खिलाड़ी अब्दुल्ला फजल 37 रन बनाकर खेल रहे हैं।



## क्रिकेटर यशस्वी और शेफाली को नाडा का नोटिस



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल और शेफाली वर्मा को पिछले साल निर्धारित डोप परीक्षण के लिए उपलब्ध न होने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने नोटिस जारी किया है। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) का हिस्सा रहे दोनों खिलाड़ियों ने परीक्षण के लिए उपलब्ध नहीं रहने के कारण नहीं बताए हैं। इस कारण उन्हें नोटिस जारी किए गए। सूत्रों के अनुसार संबंधित खिलाड़ियों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं और इसकी सूचना बीसीसीआई और आईसीसी को भी दे दी गई है। नाडा ने हालांकि गोपनीयता का हवाला देते हुए इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## मैदान से हटकर

### फर्नांडीस और 'बनी' शॉ साल के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुने गए

मैनचेस्टर यूनाइटेड के कप्तान ब्रूनो फर्नांडीस को फुटबॉल कवर करने वाले पत्रकारों ने इंग्लैंड में खेलने वाले खिलाड़ियों में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुना, जबकि मैनचेस्टर सिटी की स्ट्राइकर खादिजा 'बनी' शॉ ने दूसरी बार महिलाओं का पुरस्कार जीता। इंग्लैंड में फुटबॉल का सत्र, जबकि अंतिम दौर में चल रहा है, तब फर्नांडीस ने फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन द्वारा दिए जाने वाला यह पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने इस सत्र में मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से 19 गोल करने में मदद की, जो कि रिकॉर्ड से सिर्फ एक कम है। उन्होंने टीम को चैंपियंस लीग में जगह दिलाने में भी मदद की। पुर्तगाल के इस मिडफील्डर ने आर्सेनल के डेक्लान राइस और मैनचेस्टर सिटी के एर्लिंग हालैंड को पीछे छोड़ा। वह 2010 में वायने रूनी के बाद यह पुरस्कार जीतने वाले मैनचेस्टर यूनाइटेड के पहले खिलाड़ी हैं। यह पुरस्कार 1947 से दिया जा रहा है और इस प्रकार यह दुनिया का सबसे पुराना व्यक्तिगत फुटबॉल पुरस्कार है। (जेएनएन)





- शॉ ने आर्सेनल की एलेशिया रूसो और चेल्सी की लॉरेन जेम्स को पीछे छोड़कर यह पुरस्कार जीता। उन्होंने 21 मैचों में सबसे अधिक 19 गोल करके मैनचेस्टर सिटी को 10 साल में पहली बार महिला सुपर लीग का खिताब दिलाया। शॉ ने 2024 में भी यह पुरस्कार हासिल किया था।

# शतरंजः गुकेश जीत के साथ ब्लिट्ज वर्ग में पांचवें स्थान पर

**वारसॉ (पोलैंड), जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने ब्लिट्ज वर्ग में खराब शुरुआत के बाद वापसी करते हुए सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के नौवें दौर में पोलैंड के जान क्रिस्तोफ डुडा पर शानदार जीत दर्ज की। गुकेश ने रैपिड वर्ग में 18 में से नौ अंक जुटाए। उन्होंने शुरुआती नौ ब्लिट्ज दौर से चार और अंक हासिल किए, जिससे टूर्नामेंट के आधे चरण में उनके 27 में से 13 अंक हो गए हैं। अमेरिका के हैंस मोके नीमन पहले दिन के खराब प्रदर्शन के बावजूद तालिका में शीर्ष पर बरकरार हैं। नीमन 16.5 अंक से हमवतन वेस्ली सो से आधा अंक आगे हैं। वहीं अमेरिका के तीसरे खिलाड़ी फैबियानो कारुआना स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के साथ 15-15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं, जबकि गुकेश दो अंक पीछे अगले स्थान पर हैं। फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा और मैक्सिम वाचियर लाग्रेव 12.5 अंक लेकर डुडा के साथ छठे स्थान पर हैं।





## आर्चरी वर्ल्ड कपः जाधव ने दिलाया भारत को पहला पदक

**शंघाई, जेएनएन।** विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के मौजूदा चैंपियन साहिल जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में पुरुष कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यह विश्व कप में उनका पहला पदक भी है। महाराष्ट्र के 25 वर्षीय तीरंदाज जाधव ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में डेनमार्क के मार्टिन डैम्सबो को 147-144 से हराकर मौजूदा टूर्नामेंट में भारत का पहला पदक हासिल किया। भारत ने इस पदक के साथ कंपाउंड वर्ग में अपने अभियान का भी समापन किया। इस वर्ग में भारत के अन्य खिलाड़ी पदक जीतने में नाकाम रहे थे। भारत अब रविवार को प्रतियोगिता के समापन दिवस पर रिकर्व स्पर्धा में दो और पदक जीतने की कोशिश करेगा। भारतीय महिला टीम स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेगी। इसके अलावा सिमरनजीत कौर सेमीफाइनल से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

# विनेश फोगाट को नोटिस, 26 जून तक घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेल सकती

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विनेश फोगाट पर अनुशासनहीनता और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए शनिवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया और यूडब्ल्यूडब्ल्यू के डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास से वापसी के लिए छह महीने का अनिवार्य नोटिस नहीं देने के कारण 26 जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंटों में उनके भाग लेने पर रोक लगा दी। 15 पेज के नोटिस में डब्ल्यूएफआई ने आरोप लगाया कि विनेश के आचरण से देश को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है, भारतीय कुश्ती की छवि खराब हुई है, डब्ल्यूएफआई संविधान के प्रावधानों, यूडब्ल्यूडब्ल्यू अंतरराष्ट्रीय कुश्ती के नियमों और डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन हुआ है। महासंघ ने उनसे चार प्रमुख आरोपों पर सफाई मांगी है, जिसमें 2024 पेरिस ओलंपिक से अयोग्य करार दिए जाने, डोपिंग रोधी नियमों के तहत ठौर ठिकाना बताने में कथित तौर पर नाकाम रहने और आईओए द्वारा नियुक्त तत्कालीन तदर्थ समिति द्वारा मार्च 2024 में कराए गए ट्रायल में दो भार वर्गों में भाग लेना शामिल है। महासंघ ने साफ तौर पर कहा है कि वह इस साल 26 जून तक किसी घरेलू टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकती, जिसमें गोंडा में 10 से 12 मई तक होने वाला राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट शामिल है।



## खेल एक नजर

### एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 30 देश के खिलाड़ी लेंगे भाग

**अहमदाबाद, जेएनएन।** भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने शनिवार को बताया कि विश्व और ओलंपिक पदक विजेताओं सहित 30 देशों के खिलाड़ी 11 से 17 मई तक गांधीनगर में आयोजित होने वाली 2026 एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि भारत की स्टार भारोत्तोलक और ओलंपिक रजत पदक विजेता साइखोम मीराबाई चानू चोट के कारण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएंगी। इस आयोजन में भारत सहित 28 एशियाई देशों के भारोत्तोलक हिस्सा लेंगे। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाड़ी भी अतिथि देश के तौर पर प्रतियोगिता में चुनौती पेश करेंगे। यह महाद्वीपीय चैंपियनशिप गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन एंड एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित की जाएगी और यह ग्लासगो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालिफायर के रूप में भी काम करेगी।

## सिटी स्पोर्ट्स

# मध्यप्रदेश के सूरज ने लगाया स्वर्ण और रजत पर निशाना

### 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश निशानेबाजी अकादमी के खिलाड़ी सूरज शर्मा ने 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह स्मृति चैम्पियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक पर निशाना लगाया। चैंपियनशिप में सूरज ने जूनियर पुरुष वर्ग की स्पर्धा में 28 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं हरियाणा के समीर गुलिया ने 27 अंक के साथ रजत पदक जीता, जबकि चंडीगढ़ के यूनिश होलिंडर ने 20 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। रेलवे के ओलंपियन अनीश भानवाला ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। वहीं सूरज ने 28 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया, जबकि पंजाब के विजयवीर सिद्धू ने शूटऑफ के बाद 25 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।



# भोपाल लेपर्ड्स ने शुरू की एमपीएल की तैयार

**भोपाल, खेप्र।** गत विजेता भोपाल लेपर्ड्स ने आगामी मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग 2026 सीजन के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। भोपाल लेपर्ड्स के खिलाड़ी श्रुस्बरी इंटरनेशनल स्कूल के फ्लडलाइट क्रिकेट ग्राउंड और जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी की हाई परफॉर्मेंस सुविधाओं पर अभ्यास कर रहे हैं। कैंप में खिलाड़ियों की फिटनेस, मैच सिमुलेशन, स्किल डेवलपमेंट और टीम कॉम्बिनेशन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इससे पहले अप्रैल 2026 में आयोजित एमपीएल 2026 ऑक्शन में फ्रेंचाइजी ने अपनी चैम्पियन टीम के चार प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन किया था। टीम की कमान स्टार खिलाड़ी अरशद खान के पास है, जो इस समय आईपीएल में गुजरात टाइटंस टीम का मुख्य हिस्सा है। टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में विस्फोटक बल्लेबाज अनिकेत वर्मा है, जो वर्तमान में आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम के हेड कोच बृजेश तोमर के मार्गदर्शन में खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं।



# समद के शतक से जीती भोपाल क्रिकेट अकादमी

**भोपाल, खेप्र।** भोपाल क्रिकेट अकादमी ने 14वें स्व. अरविंद चतुर्वेदी क्रिकेट टूर्नामेंट 'रमेश शर्मा गुड्डू भैया ट्रॉफी' में अंकुर क्रिकेट अकादमी को 37 रन से शिकस्त दी। ओल्ड कैंपियन मैदान पर भोपाल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 284 रन बनाए। समद ने 119 रन की शतकीय पारी खेली। हर्ष साहू ने 30 रन बनाए। अंकुर अकादमी की ओर से रुद्र प्रताप और अमित शुक्ला ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अकीरा क्रिकेट अकादमी 247 रन बना पाई। उसके लिए कप्तान हर्श मनवानी की 133 रन की शतकीय पारी बेकार गई। आर्यन सिंह राजपूत (53) ने अर्धशतक जड़ा। भोपाल क्रिकेट अकादमी के हर्ष भट्ट ने तीन, जबकि सचिन और समद ने 2-2 विकेट लिए।



# पंजाब सरकार के मंत्री अरोड़ा मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार

## शेल कंपनियों के जरिए 157.12 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप, चंडीगढ़ से दिल्ली ले गई ईडी

**चंडीगढ़, जेएनएन।** केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के मंत्री संजीव अरोड़ा को मनी लॉन्ड्रिंग के केस में गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार सुबह हुई रेड के वक्त वह चंडीगढ़ के सेक्टर 2 स्थित अपनी सरकारी कोठी पर ही थे। इसके बाद करीब 10 घंटे की पूछताछ की गई। जिसके बाद शाम करीब 5 बजे ईडी की टीम चंडीगढ़ और हरियाणा नंबर की गाड़ियों में उन्हें दिल्ली ले गई। आगे की पूछताछ उनसे दिल्ली में ही होगी। उनकी रात ईडी के लॉकअप में बीतेगी।

ईडी ने शनिवार सुबह ही मंत्री अरोड़ा के चंडीगढ़, दिल्ली और गुरुग्राम के 5 ठिकानों में छापे मारे थे। ईडी ने खुलासा किया कि अरोड़ा ने अपनी फर्मों के जरिए मोबाइल खरीद की करीब 157.12 करोड़ रुपए की फर्जी बिक्री और शेल कंपनियों के माध्यम से फर्जी एक्सपोर्ट किए। इसके अलावा दुबई से भारत में अवैध रकम की राउंड-ट्रिपिंग के लिए इन सामानों के एक्सपोर्ट का इस्तेमाल किया। फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) और एक्सपोर्ट पर जीएसटी रिफंड तथा ड्यूटी ड्रॉबैक लेने के लिए दिल्ली की गैर-मौजूद फर्मों से कई फर्जी जीएसटी खरीद बिल हासिल किए गए।



### ईडी के जाल में ऐसे फंसे

ईडी सूत्रों के मुताबिक 157.12 करोड़ रुपए के फर्जी एक्सपोर्ट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड और मंत्री संजीव अरोड़ा से जुड़ी संस्थाओं के बैंक खातों, डीमैट होल्डिंग्स और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया गया है। यह अटैचमेंट के आदेश 19 अप्रैल को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), और आयकर अधिनियम के तहत जारी किए थे। यह कार्रवाई 17 अप्रैल को गुरुग्राम के उद्योग विहार स्थित हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड के परिसर, उसके प्रमुख शेयरधारक मेसर्स फाइंडोक फिनवेस्ट के कार्यालयों और संजीव अरोड़ा, काव्या अरोड़ा, हेमंत सूद और चंद्र शेखर से जुड़े स्थानों पर की गई तलाशी और जब्ती कार्रवाई के बाद की।

### पार्टी तोड़ने की कोशिश: केजरीवाल



मंत्री पर रेड के तुरंत बाद आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मोदी राज में एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। पंजाब के लोगों के साथ पीएम मोदी धक्का कर रहे हैं। ईडी को पार्टी तोड़ने में लगाया है, किसी मनी लॉन्ड्रिंग को पकड़ने के लिए नहीं।

### यह भारत जलाओ पार्टी: मान



सीएम भगवंत मान ने कहा, ईडी रेड का मकसद ब्लैक मनी पकड़ना नहीं बल्कि भाजपा ज्वाइन कराना है। कुछ दिन पहले अशोक मित्तल के घर रेड की। 2 दिन रेड चली, तीसरे दिन मित्तल ने भाजपा ज्वाइन कर ली। भाजपा का असली मतलब भारत जलाओ पार्टी है।

### यह सबसे बड़ी लूट: राघव चड्ढा



सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि पंजाब को रंगला बनाने का सपना दिखाकर आप ने कंगला बनाने का काम किया है। लोगों ने पंजाब को चलाने का मेंडेट दिया था, लूटने का नहीं। हमने पहले ही कहा था कि यह भ्रष्ट लोगों की पार्टी बन गई है। तब हमें चुप करा दिया।

## 'अग्नि' ने हिंद महासागर में एकसाथ भेदे कई लक्ष्य

**बेंगलुरु, जेएनएन।** भारत ने अपनी सामरिक और रक्षा क्षमता को नई ऊंचाई देते हुए एमआईआरवी तकनीक से लैस एडवांस अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा किए गए इस परीक्षण में मिसाइल ने हिंद महासागर क्षेत्र में मौजूद कई अलग-अलग लक्ष्यों को सटीकता के साथ भेदा। डीआरडीओ के अनुसार, अग्नि मिसाइल ने उड़ान के दौरान कई पेलोड्स को सफलतापूर्वक अलग किया और हिंद महासागर क्षेत्र में तय किए गए अलग-अलग टारगेट्स को निशाना बनाया। इससे भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में और मजबूती से शामिल हो गया है, जिनके पास अत्याधुनिक एमआईआरवी क्षमता मौजूद है।

**क्या है एमआईआरवी तकनीक :** इस परीक्षण की सबसे बड़ी खासियत एमआईआरवी यानी मल्टिपल इंडेपेंडेटली टारगेटेड री एंट्री व्हीकल तकनीक रही। इस तकनीक की मदद से एक ही मिसाइल कई पेलोड लेकर अलग-अलग दिशाओं में स्थित लक्ष्यों पर हमला कर सकती है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, यह तकनीक भारत की रणनीतिक ताकत को काफी मजबूत बनाती है और आधुनिक युद्ध की जरूरतों के लिहाज से बेहद अहम मानी जाती है।

अग्नि मिसाइल की यह नई क्षमता देश की सुरक्षा तैयारियों में 'अभूतपूर्व ताकत' जोड़ेगी और बदलते वैश्विक सुरक्षा खतरों से निपटने में भारत को रणनीतिक बढ़त दिलाएगी।

**- राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री

## अमेरिका व ईरान अगले हफ्ते फिर इस्लामाबाद में कर सकते हैं बातचीत

### ट्रंप बोले- ईरान के जवाब का इंतजार; तेहरान ने न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकने की मांग ठुकराई



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने को लेकर अगले हफ्ते पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में फिर बातचीत शुरू हो सकती है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देश मध्यस्थों के जरिए एक समझौता ड्राफ्ट पर काम कर रहे हैं, जिससे एक महीने तक चलने वाली औपचारिक वार्ता का रास्ता खुल सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका की तरफ से प्रस्तावित 14 बिंदुओं वाले ड्राफ्ट में ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज स्ट्रेट में तनाव कम करने और ईरान के एनरिच्ड यूरेनियम भंडार को किसी दूसरे देश भेजने जैसे मुद्दे शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें ईरान की तरफ से जल्द जवाब मिलने की उम्मीद है। अगर बातचीत आगे बढ़ी तो सीजफायर को और लंबा किया जा सकता है। साथ ही अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम या हाईली एनरिच्ड यूरेनियम पर कोई समझौता नहीं करेगा।

**ईरान की चेतावनी: होर्मुज में दखल दिया तो जंग फिर शुरू होगी:** ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि अगर उसने होर्मुज स्ट्रेट में फिर दखल दिया तो क्षेत्र में दोबारा युद्ध शुरू हो सकता है। इधर, यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि उसने 70 से ज्यादा जहाजों को ईरानी बंदरगाहों तक पहुंचने या वहां से निकलने से रोका। अमेरिका के मुताबिक इन जहाजों में 13 अरब डॉलर से ज्यादा कीमत का तेल ले जाने की क्षमता थी।

### 9 जंग रुकवा चुका, अब रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराना चाहता हूं: ट्रंप

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि वे अब तक 9 अंतरराष्ट्रीय संघर्ष खत्म कराने में भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अब उनकी कोशिश रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने की है और वे इसे अपनी 10वीं शांति पहल बनाना चाहते हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, व्हाइट हाउस से वर्जीनिया रवाना होने से पहले ट्रंप ने कहा कि यह युद्ध द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे खतरनाक संघर्ष बन गया है और हर महीने हजारों सैनिक मारे जा रहे हैं। इस बीच ट्रंप ने सोशल मीडिया पर 9 से 11 मई तक रूस और यूक्रेन के बीच 3 दिन के सीजफायर का ऐलान किया है। साथ ही दोनों पक्ष 1000-1000 कैदियों की अदला-बदली भी करेंगे। उन्होंने दावा किया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने उनकी अपील पर सीजफायर के लिए सहमति दी है। उन्होंने संकेत दिए कि अगर हालात ठीक रहे तो इस अस्थायी युद्धविराम को आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

**रूस -यूक्रेन के बीच 9 से 11 तक सीजफायर का ऐलान**

## जातिवादी बयान पर सीजेआई का खंडन



**नई दिल्ली, जेएनएन।** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने सोशल मीडिया पर उनके नाम से वायरल कथित जातिवादी बयान का कड़ा खंडन करते हुए इसे पूरी तरह फर्जी और दुर्भावनापूर्ण बताया है। उन्होंने साफ कहा कि इस तरह के बयान से न्यायपालिका में जनता के विश्वास को कमजोर करने की सुनियोजित साजिश है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही टिप्पणी का उनसे कोई संबंध नहीं है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने अपने बयान में कहा कि उनके नाम से प्रसारित टिप्पणी 'मनगढ़ंत, घृणित, ओछी और दुर्भावनापूर्ण' है। उन्होंने इस तरह की गतिविधियों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर समाज में भ्रम और अविश्वास फैलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी भ्रामक सामग्री पर बिना सत्यापन भरोसा न करें। चीफ जस्टिस ने कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। ऐसे फर्जी और भड़काऊ संदेश समाज में विभाजन पैदा करने के साथ-साथ न्यायिक संस्थाओं की साख को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

### ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्रोफाइल बदला

## पूर्व सीएम की जगह 15वीं, 16वीं, 17वीं विधानसभा का सीएम लिखा




**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बदलते ही पूर्व सीएम ममता बनर्जी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्रोफाइल बदल दिया। उन्होंने बायो में लिखा, 'फाउंडर चेयरपर्सन ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस और 15वीं, 16वीं, 17वीं विधानसभा की मुख्यमंत्री।' इससे पहले उनके बायो में फाउंडर चेयरपर्सन ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस, ऑनरेबल चीफ मिनिस्टर, वेस्ट बंगाल लिखा था। बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बावजूद ममता ने मुख्यमंत्री पद छोड़ने से इनकार कर दिया था। ममता ने इस्तीफा नहीं दिया। 7 मई को पश्चिम बंगाल की 17वीं विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो गया है।

### सफल कॅरियर छोड़कर भारत आए थे अय्यासामी, हार के बाद हुए भावुक



**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में वासुदेवनल्लूर सीट पर भाजपा उम्मीदवार अनंतन अय्यासामी को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने राजनीति में आने के लिए अपना सफल टेक्नोलॉजी करियर और रियल एस्टेट बिजनेस भी छोड़ दिया था। अय्यासामी ने चुनाव हारने पर कहा- 'चुनाव के एक हफ्ते के पैसों ने चार साल की सच्ची सेवा को हरा दिया।' अय्यासामी ने एक्स पोस्ट में लिखा- 'चार साल पहले मैंने अमेरिका में अपनी 12 साल की बेटी से कहा था कि मैं सफल टेक्नोलॉजी करियर और रियल एस्टेट छोड़कर भारत लौट रहा हूं, क्योंकि मुझे जनसेवा करना है।

## उप्र में मंत्रिमंडल विस्तार आज, 6 मंत्री लेंगे शपथ



**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रहीं अटकलों पर विराम लग सकता है। सूत्रों के मुताबिक रविवार (10 मई) को यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। जो छह मंत्री आज शपथ ले सकते हैं उनके नाम भी सामने आए हैं। दरअसल, अभी उत्तर प्रदेश में 6 मंत्रियों की जगह खाली है। उत्तर प्रदेश में इस वक्त 54 मंत्री हैं। विस्तार के बाद कैबिनेट में कुल 60 मंत्री हो सकते हैं। योगी आदित्यनाथ कैबिनेट में विस्तार को लेकर चर्चाएं तेज हो गई है। इनमें कृष्णा पासवान, सपा की बागी विधायक पूजा पाल, मनोज पाण्डे, भूपेंद्र चौधरी, अशोक कटारिया और रोमी साहनी का नाम शामिल है। इन लोगों के नाम सामने आने के बाद अब मंत्रिमंडल विस्तार संभव माना जा रहा है।

## केदारनाथ: खराब मौसम के कारण 4000 बुकिंग रद्द

**देहरादून, जेएनएन।** केदारनाथ जाने के लिए हेली सेवाओं पर खराब मौसम के चलते बार-बार असर पड़ रहा है। अब तक 4 हजार से ज्यादा हेलिकॉप्टर बुकिंग रद्द कर दी गई। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उत्तराखंड सिविल एविएशन डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूकाडा) को सख्त निर्देश दिए हैं कि खराब मौसम में कोई भी उड़ान पहाड़ों पर ना जाए। डीजीसीए ने केदारनाथ यात्रा शुरू होने से दो महीने पहले ही हेली यात्रा संबंधित गाइडलाइन पर सख्ती से अमल करने के निर्देश दिए थे।

## हंता से डरने की जरूरत नहीं: एम्स प्रोफेसर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एम्स दिल्ली के मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर डॉक्टर नीरज निश्चल ने शनिवार को कहा कि हंतावायरस से डरने की जरूरत नहीं है, हमारे देश में अब तक कोई केस सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि हंतावायरस कोविड की तरह नहीं फैल सकता है। ये बीमारी पहले से थी, लेकिन गुरुवार को शिप एमवी होंडियस में मिले वायरस की वजह से अब ये चर्चा में है। लेकिन भारत में अभी इसका कोई खतरा नहीं है। एमवी होंडियस एक डच एक्सपेडिशन क्रूज शिप है, जो अंटार्कटिका इलाकों में यात्राएं कराता है, लेकिन मई 2026 में यह जहाज एक गंभीर स्वास्थ्य संकट की वजह से अंतरराष्ट्रीय चर्चा में आ गया।

## दावा: स्पेसक्राफ्ट से 4 फीट लंबे रहस्यमयी जीव उतरे, पहने थे स्पेस सूट

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका ने यूएफओ से जुड़ी फाइलों की पहली खेप जारी कर दी गई। ट्रंप प्रशासन ने सैकड़ों नए वीडियो, फोटो और पुराने सरकारी रिकॉर्ड सार्वजनिक किए। एफबीआई के डिक्लासिफाइड दस्तावेजों में कहा गया है कि 1960 के दशक में कुछ लोगों ने यूएफओ से छोटे कद के रहस्यमयी जीवों को बाहर निकलते देखने का दावा किया था। एफबीआई रिकॉर्ड में कहा गया, 'कुछ गवाहों ने दावा किया कि उन्होंने इन ऑब्जेक्ट्स से बाहर निकलने वाले क्रू मेंबर्स को देखा।' रिपोर्ट के मुताबिक इन जीवों की लंबाई करीब साढ़े तीन से चार फीट बताई गई। गवाहों ने कहा कि वे स्पेस सूट और हेलमेट जैसे कपड़े पहने हुए थे। एफबीआई के दस्तावेजों में कहा गया है कि 1965 में दुनिया भर में सबसे ज्यादा यूएफओ देखे जाने की घटनाएं दर्ज हुई थीं।

### चांद पर भी रहस्यमयी वस्तुएं दिखने का दावा

इन फाइलों में सबसे ज्यादा चर्चा नासा के अपोलो मिशन से जुड़ी तस्वीरों और अंतरिक्ष यात्रियों की बातचीत को लेकर हो रही है। जारी दस्तावेजों में नासा के अपोलो 12 और अपोलो 17 मिशन से जुड़ी तस्वीरें और बातचीत के रिकॉर्ड भी शामिल हैं। एक तस्वीर में चांद की सतह के ऊपर आसमान में तीन रहस्यमयी बिंदु दिखाई देने का दावा किया गया है। सबसे दिलचस्प हिस्सा अपोलो 17 मिशन का ट्रांसक्रिप्ट माना जा रहा है। इसमें अंतरिक्ष यात्री उड़ान के दौरान अंतरिक्ष यान के पास चमकती चीजें दिखने की बात करते सुनाई दे रहे हैं। एक ऑपरेटर ने मिशन कंट्रोल से कहा, 'कुछ चमकते कण या टुकड़े हमारे पास से गुजरते दिख रहे हैं।' इसके जवाब में दूसरे ऑपरेटर ने कहा, 'मेरी खिड़की के बाहर कई चमकती चीजें दिख रही हैं।


क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1594

**कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल**

ई मेल-mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन-0755-2553402 फैक्स-0755-2552406

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

निविदा सूचना क्रमांक-628/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 27/04/2026

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 15-05-2026 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_WRD_484944 | कार्यालय उपसंचालक मिट्टी एवं धातु परीक्षण प्रयोगशाला, हथाईखेड़ा भोपाल में विघुत मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | भोपाल | 3.84 |
| 2 | 2026_WRD_491438 | हँडिया शाखा नहर की आर.डी. 0 से 40 कि.मी. संचालन हेतु श्रमिकों का प्रदाय। | हरदा | 15.55 |
| 3 | 2026_WRD_493391 | लाईट मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग क्र. 03, भोपाल हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.42 |
| 4 | 2026_WRD_493647 | लाईट मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग हरदा हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | नर्मदापुरम् | 3.42 |
| 5 | 2026_WRD_493650 | नर्मदापुरम के विभिन्न जल संसाधन विभाग के कार्यालयों में डेजर्ट एयर कूलर एवं ए.सी. का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 1.54 |
| 6 | 2026_WRD_494630 | वि./या. भारी मशीनरी संभाग, सागर की शासकीय मशीनों के चालन हेतु 06 नग उच्च कुशल श्रमिक (चालकों) का प्रदाय। | सागर | 14.99 |
| 7 | 2026_WRD_494631 | वि./या. भारी मशीनरी संभाग, सागर की कर्मशाला सतना, शाहगढ एवं छतरपुर हेतु 04 नग अकुशल श्रमिक का प्रदाय। | सागर | 7.36 |
| 8 | 2026_WRD_494776 | उपसंभाग क्र. 2 पिपरिया हेतु श्रमिक का प्रदाय। | नर्मदापुरम् | 4.14 |
| 9 | 2026_WRD_494777 | चंदौरा बांध हेतु श्रमिक का प्रदाय। | नर्मदापुरम् | 8.27 |
| 10 | 2026_WRD_494778 | पारसडोह बांध हेतु श्रमिक का प्रदाय। | नर्मदापुरम् | 8.57 |
| 11 | 2026_WRD_494780 | उपसंभाग क्र. 4 बाडी हेतु श्रमिक का प्रदाय। | नर्मदापुरम् | 14.30 |
| 12 | 2026_WRD_494783 | उपसंभाग हरदा हेतु श्रमिक का प्रदाय। | नर्मदापुरम् | 8.27 |
| 13 | 2026_WRD_494909 | हरदा संभाग हेतु श्रमिकों का प्रदाय। | हरदा | 15.55 |
| 14 | 2026_WRD_495903 | उपसंभाग जावद के 28 नग स्टापडेमों के गेट खोलने एवं लगाने का कार्य। | नीमच | 5.36 |
| 15 | 2026_WRD_495904 | उपसंभाग रामपुरा के 12 नग स्टापडेमों के गेट खोलने एवं लगाने का कार्य। | नीमच | 3.18 |
| 16 | 2026_WRD_ 496401 | पन्ना जिले की लघु सिंचाई जलाशयों के 20 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.99 |
| 17 | 2026_WRD_496402 | पन्ना जिले के विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के विभिन्न आकार के 14 नग जलद्वारों की मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.89 |
| 18 | 2026_WRD_496403 | पन्ना जिले के विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के विभिन्न आकार के 10 नग जलद्वारों की मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 0.98 |
| 19 | 2026_WRD_496404 | देवेन्द्र नगर मध्यम जलाशय के शीर्ष जलद्वार सहित विभिन्न केनाल गेटों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 0.95 |
| 20 | 2026_WRD_ 496405 | पवई मध्यम बांध के डी.जी. रूम में आंतरिक विद्युतीकरण का कार्य। | सागर | 1.99 |
| 21 | 2026_WRD_496406 | लाईट, मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग पन्ना हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | सागर | 3.42 |
| 22 | 2026_WRD_496842 | सबलगढ़ संभाग हेतु 05 निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | मुरैना | 17.10 |
| 23 | 2026_WRD_496867 | उपसंभागीय सतना कार्यालय हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | रीवा | 3.42 |
| 24 | 2026_WRD_496869 | रीवा जिले के जलाशयों के जलद्वारों का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | रीवा | 1.69 |
| 25 | 2026_WRD_496870 | मऊगंज जिले के तालाबों एवं जलाशयों के स्लूस गेटों का वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य। (भाग 01) | रीवा | 2.54 |
| 26 | 2026_WRD_496872 | मऊगंज जिले के तालाबों एवं जलाशयों के स्लूस गेटों का वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य। (भाग 02) | रीवा | 1.27 |
| 27 | 2026_WRD_496873 | मैहर जिले के बांधों व जलाशयों के जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.90 |
| 28 | 2026_WRD_496875 | मैहर जिले के पुलघटा के जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.00 |
| 29 | 2026_WRD_496878 | सतना जिले के नागौद उपसंभाग के बांधों व जलाशयों के जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.30 |
| 30 | 2026_WRD_ 496879 | सतना सर्वेक्षण एवं कोठी उपसंभाग के बांधों व जलाशयों के जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.70 |
| 31 | 2026_WRD_496880 | सीधी जिले के लघु एवं मध्यम जलाशयों योजनाओं में स्थापित जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.50 |
| 32 | 2026_WRD_496893 | सिंगरौली जिले के लघु एवं मध्यम जलाशयों योजनाओं के जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.90 |
| 33 | 2026_WRD_496897 | उमरिया जिले के पाली विकासखंड के 12 नग जलाशयों के 16 नग जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.04 |
| 34 | 2026_WRD_496901 | उमरिया जिले के उमरिया विकासखंड के 08 नग जलाशयों के 11 नग जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.57 |
| 35 | 2026_WRD_496903 | अनूपपुर जिले के कोतमा विकासखंड के 09 नग जलाशयों के 10 नग जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 0.95 |
| 36 | 2026_WRD_496906 | अनूपपुर जिले के जैतहारी विकासखंड के 15 नग जलाशयों के 17 नग जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.65 |
| 37 | 2026_WRD_496956 | अटल सागर (मडीखेड़ा बांध) हेतु सशस्त्र गार्ड एवं अशस्त्र गार्ड और गेज रीडर एवं सफाई कर्मचारी का प्रदाय (द्वितीय आमंत्रण) | शिवपुरी | 16.91 |
| 38 | 2026_WRD_496957 | अनूपपुर जिले के राजेन्द्रग्राम विकासखंड के 26 नग जलाशयों के 32 नग जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.89 |
| 39 | 2026_WRD_496958 | शहडोल जिले के सोहागपुर विकासखंड के 18 नग जलाशयों के 23 नग जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.75 |
| 40 | 2026_WRD_496959 | शहडोल जिले के ब्योहारी विकासखंड के 11 नग जलाशयों के 15 नग जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.10 |
| 41 | 2026_WRD_496962 | शहडोल जिले के जयसिंहनगर विकासखंड के 13 नग जलाशयों के 17 नग जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 1.28 |
| 42 | 2026_WRD_496963 | शहडोल जिले के बुढार एवं गोहपारू विकासखंड के 30 नग जलाशयों के 34 नग जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव का कार्य। | रीवा | 2.78 |
| 43 | 2026_WRD_497436 | रामनगर, विक्रमपुर, फतेहाबाद तालाब एवं नहर एवं नयाखेड़ा तालाब का वार्षिक मरम्मत का कार्य। | अशोकनगर | 14.39 |
| 44 | 2026_WRD_497687 | बृजपुर बैराज के स्टॉपडेम के 4 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 3.53 |
| 45 | 2026_WRD_497688 | तिघरा बैराज के डेम शटर विभिन्न साईज के जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 9.30 |
| 46 | 2026_WRD_497689 | निम्बापुर बैराज के स्टॉपडेम के 3 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 2.65 |
| 47 | 2026_WRD_ 497690 | पालसूर बैराज के स्टॉपडेम के 10 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 8.82 |
| 48 | 2026_WRD_497692 | बरोड़ पिपलिया बैराज के स्टॉपडेम के 05 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 7.24 |
| 49 | 2026_WRD_497694 | पगरा बैराज के स्टॉपडेम के 07 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 2.34 |
| 50 | 2026_WRD_497697 | त्योंथर नहर परियोजना संभाग सिरमौर के क्रॉस रेगुलेटर 02 नग का प्रदाय एवं फिटिंग का कार्य। | भोपाल | 7.60 |
| 51 | 2026_WRD_497698 | विभिन्न जल संसाधन विभागों के टेंक के 20 नग जलद्वारों का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य। | भोपाल | 3.55 |
| 52 | 2026_WRD_ 497702 | विभिन्न जल संसाधन विभागों के जलद्वारों के लिये डब्लू डब्लू 90 हेड़ स्टॉक (63 ऍम ऍम डाया नट) के प्रदाय, कास्टिंग, मशीनिंग एवं असेम्बली का कार्य। | भोपाल | 9.45 |
| 53 | 2026_WRD_497704 | जलद्वारों के फेब्रीकेशन कार्य के लिए मिसलेनियस आइटम्स का प्रदाय कार्य। | भोपाल | 2.80 |
| 54 | 2026_WRD_497989 | सीवल बैराज के 4 नग जलद्वार का प्रदाय फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य। | भोपाल | 8.26 |
| 55 | 2026_WRD_498225 | खेरी वितरक नहर की दिगोधा मायनर एवं दिगोधा मायनर के चैन क्र. 68 से निकली सालेटैका मायनर का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 5.56 |
| 56 | 2026_WRD_498226 | खेरी वितरक नहर से निकलने वाली चिखला मायनर के चैन क्र. 0 से 186 का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 5.24 |
| 57 | 2026_WRD_498228 | वैनगंगा मुख्य नहर की निलजी माइनर नंबर 01, निलजी माइनर नंबर 02, लवादा मायनर, खमरिया मायनर, चंदपुरी मायनर का वार्षिक मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 4.51 |
| 58 | 2026_WRD_498229 | नहलेसरा मध्यम जलाशय की मुख्य नहर (चैन क्र. 240 से 403) की सफाई एवं केनाल बेड से सील्ट निकालने का कार्य। | बालाघाट | 4.21 |
| 59 | 2026_WRD_498233 | ढूटी बांयी तट नहर प्रणाली की बेनेगांव, वाराफीडर, दत्ता वितरक, वारामेन नहर, मुरकुडा, बड़गांव, दहेदी, कटगी, सिवनी, पाला एवं कोस्ते सब मायनरों की विभिन्न चैन क्रमांकों का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 8.42 |
| 60 | 2026_WRD_498234 | वारासिवनी शाखा नहर की रामपायली, रेगाझरी एवं मेंदीवाडा मायनर की विभिन्न चैन क्रमांकों की नहर तल में जमा मिट्टी निकालने व झाड़ियों की सफाई व पार्श्वों का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 7.25 |
| 61 | 2026_WRD_498236 | चिखला लघु जलाशय की मुख्य नहर से निकलने वाली चैन. क्रं 0 से 92 (आर.बी.सी.) दांयी केनाल के झाड़ियों की सफाई एवं नहर तल में जमा मिट्टी एवं क्षतिग्रस्त पार्श्वों का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 3.84 |
| 62 | 2026_WRD_498240 | वारासिवनी शाखा नहर की खरखड़ी नहर की खुरसीपार वितरक नहर की चैन क्रं 0 से 190 एवं खैरी वितरक नहर चैन क्रं 0 से 160 के मध्य की झाड़ियों की सफाई एवं मिट्टी निकालने का कार्य। | बालाघाट | 6.36 |
| 63 | 2026_WRD_498242 | खारी वितरक नहर डोकरबंदी नहर क्र. 1 मायनर, डोकरीबंदी नहर क्र. 2 मायनर, गोड़ेगांव मायनर के बिरसोला मायनर एवं बिरसोला मायनर की विभिन्न चैन क्रं. का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 4.21 |
| 64 | 2026_WRD_498243 | नवेगांव लघु जलाशय के वेस्टवियर का सुधार कार्य। | बालाघाट | 1.14 |
| 65 | 2026_WRD_498245 | जमुलिया मध्यम जलाशय की एल. बी. सी. मुख्य नहरों का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 4.18 |
| 66 | 2026_WRD_498247 | ढूटी बांयी तट नहर प्रणाली की मंगोलीकला वितरक नहर का मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 2.30 |
| 67 | 2026_WRD_498250 | मेंड़की शाखा नहर की झाड़गांव मायनर, थानेगांव मायनर नं. 01, मोहगांव मायनर एवं बिठली वितरक नहर सुधार एवं मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 3.19 |
| 68 | 2026_WRD_498251 | मेंड़की शाखा नहर की मेंड़की शाखा नहर, काशी मायनर, नीमगांव मायनर, दिनी मायनर नं. 01 एवं 02 लिंगमारा मायनर, नवेगांव वितरक, भानपुर मायनर का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | बालाघाट | 5.09 |
| | | | कुल योग | 347.65 |

**G-12589/26**

**मुख्य अभियंता ( प्रोक्योरमेंट )**

# फार्मर रजिस्ट्री के लिए 11 से 20 मई तक लगेंगे विशेष शिविर

## कलेक्टर ने शिविरों के आयोजन के संबंध में जारी किया आदेश




**मऊगंज जागरण।** मऊगंज जिले में फार्मर रजिस्ट्री सैचुरेशन की कार्यवाही को पूर्ण करने के लिए 11 मई से 20 मई तक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि एग्रीस्टैक पोर्टल के अनुसार जिले में फार्मर रजिस्ट्री और बकेट क्लेमिंग का कार्य अभी मात्र 26 प्रतिशत ही पूर्ण हो पाया है। जबकि ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री से लिंक भूमि के अनुपात में ही फसलों के आधार पर उर्वरक प्रदाय किया जाना है।

जारी आदेश में कलेक्टर ने कहा है कि किसानों की शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री और बकेट क्लेमिंग कार्य के लिए जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर 11 मई से 20 मई के बीच विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित शिविर से कम से कम एक दिन पूर्व किसानों को फार्मर आईडी बनवाने, छूटे खसरों को जोड़ने और आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में उपस्थित होने के लिए मुनादी कराई जाएगी। इन शिविरों के माध्यम से किसानों की फार्मर आईडी बनाई जाएगी और उनके सभी खसरों को इस आईडी से लिंक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग, पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों द्वारा किसानों के ई-टोकन बुकिंग का कार्य भी संपन्न किया जाएगा, जबकि सहकारिता विभाग द्वारा समिति स्तर पर सदस्यों की ई-टोकन बुकिंग सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने कहा है कि शिविर में आने वाले किसानों को अपने साथ आधार कार्ड, भूमि स्वामित्व प्रमाण (खसरा खतौनी), मोबाइल नंबर और समग्र आईडी लाना अनिवार्य होगा। यदि किसान की मृत्यु हो चुकी है, तो उस स्थिति में परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र और अन्य वारिसों का सहमति पत्र प्रस्तुत करना होगा। शिविरों के सफल संचालन के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को नोडल अधिकारी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संपूर्ण कार्य की प्रगति की जिम्मेदारी संबंधित तहसीलदारों की होगी, जिनका समन्वय कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि इन शिविरों की जानकारी प्रतिदिन निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराई जाए। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### 11 मई को यहाँ लगेंगे शिविर

फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए 11 मई को नईगढ़ी तहसील के उमरिया ब्यौहरियान, गेरूआरी सेगरान, जुड़मनिया एक, चिल्ल, पिपरा, खर्रा, अल्हौवा, जुड़मनिया दो, इटौरा और बहेरा कोठार में शिविर लगाए जाएंगे। इसी प्रकार मऊगंज तहसील के कधवार, धोरहा, सगरा, सीतापुर, उमरी माधव प्रसाद, डिघवार, सूजी, ऊधौपुरवा, गंज, मिसिरगवां और पिड़रिया सेंगर में फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए शिविर लगाए जाएंगे। वहीं हनुमना तहसील में गाड़ा, हाटा, पांती मिसरान, बन्ना जवाहर सिंह, खटखरी, कैलाशपुर, रमनगरी, दादर, हर्रई प्रताप सिंह और वामनगढ़ में फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा कृषि विस्तार अधिकारियों को किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए तैनात किया गया है।

# बुरे कर्मों को छोड़ने वाले शरणागत भक्त पर भगवान कृपा करते हैं



**आंचलिक डेस्क।** पटपरनाथ अमिल कोनी त्योंथर में प्रकृति के सुरम्य वातावरण में तमसा नदी के किनारे अत्यंत प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित आनन्द दायक जीवन की खोज विषय पर आयोजित भव्य रामकथा में तुलसी सम्मान एवं रामकिंकर भारत भूषण से सम्मानित पूर्व जिला न्यायधीश अरुण कुमार ने कहा कि वेदान्त का ब्रह्म केवल साक्षी होता है। वह प्रकाश की तरह किसी के अच्छे बुरे कर्मों से अप्रभावित रहता है। उक्त स्थिति में सृष्टि के संचालन में अच्छे बुरे कर्मों के अनुसार फल प्राप्त होता हैं, उसी अनुसार जीव पुण्य कर्म से सुखी और पाप कर्म से दुःखी होता है। कर्मफल से मुक्ति के लिए जीव को भगवान राम जी जो आनंद के महासागर है, उनकी कृपा चाहिए। भगवान राम जी की थोड़ी सी कृपा से भक्त सुख दुख के परे आनंद प्राप्त करता है। भगवान राम जी ने सुन्दरकाण्ड में विभीषण जी अपना स्वभाव व्यक्त करते हैं कि संसार का सबसे बड़ा अपराधी भी बुरे कर्मों से विरत होकर अहंकार, मोह, कपट छोड़कर शरण में आता है, तो उसे मैं तुरन्त साधु बना देता हूं। उन्होंने विभिन्न प्रसंगों मनमोहक संगीतमय व्याख्या कर बताया कि सनातन धर्म के शास्त्र चुनौती देते है, कि जीव को तभी शान्ति एवं आनंद मिलेगी जब वह कामनाओं को नियंत्रित कर परमात्मा के शरण में आएगा। सुमधुर भजनों के दौरान श्रोता गण मंत्रमुग्ध होकर श्रवण किए। समाज को नैतिक मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से अपने माता पिता के स्मृति में यह भव्य कार्यक्रम सोनभद्र उत्तर प्रदेश में पदस्थ जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेश सिंह भदौरिया द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता अरुणेंद्र तिवारी रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश से सम्मानित डॉ ओम प्रकाश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथि में महिला भाजपा नेत्री सरोज तिवारी, पूर्व अधिवक्ता संघ त्यौंथर अध्यक्ष बीएन शर्मा, कॉलेज व्यवस्थापक अर्जुन सिंह, अधिवक्ता कृष्ण तिवारी, क्षितिज मिश्रा, रमाशंकर मिश्रा, कौशलाधीश पाण्डेय सहित भारी संख्या में भक्त गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात भंडारा प्रसाद का वितरण हुआ।

# पश्चिम बंगाल में विकास, सुशासन और जनकल्याण के नये अध्याय की शुरुआत

**आंचलिक डेस्क।** भारतीय जनता पार्टी रीवा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता एवं मऊगंज भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्रा ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के शपथ लेने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नवीन के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल में विकास, सुशासन और जनकल्याण का एक नया अध्याय प्रारंभ किया है। पश्चिम बंगाल में नवगठित मंत्रिमंडल प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास को नई गति प्रदान करेगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ कार्य करते हुए पश्चिम बंगाल को प्रगति, समृद्धि और सुशासन के नए शिखरों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने सभी मंत्रियों के सफल, जनहितैषी एवं उज्ज्वल कार्यकाल की मंगलकामनाएं करते हुए आशा व्यक्त की कि नई सरकार प्रदेश में शांति, सुरक्षा एवं विकास को और अधिक मजबूत बनाएगी। वहीं भाजपा नेता बृजेश पांडे, योगेंद्र शुक्ला, उमाशंकर पटेल, विवेक गौतम, जगजीवन लाल साकेत, प्रबोद व्यास, शरद साहू, मनीष पाठक, राजेश सिंह, बृजेंद्र गौतम, शिवम द्विवेदी, गौरव पांडे, हेमलता सिंह, प्रेम प्रकाश पांडे, रमाशंकर गुप्त सहित भाजपा नेताओं ने पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने पर हर्ष व्यक्त किया है।

## नईगढ़ी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह सम्मेलन आज

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिला प्रशासन और सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 10 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। नईगढ़ी नगर परिषद के वार्ड क्रमांक आठ स्थित मौहई खेल मैदान में आयोजित होने वाले इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12.30 बजे से होगी। आयोजन के मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र होंगे। अध्यक्षता देवतालाब विधायक गिरीश गौतम करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल और भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा सम्मिलित होंगे।

# रीवा कलेक्टर की कार्यशैली से प्रशासन पर जनता का बढ़ा भरोसा : पंकज सिंह



**सेमरिया।** जिले की प्रशासनिक कार्यप्रणाली और विकास कार्यों को लेकर रीवा कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी की कार्यशैली की सराहना लगातार सामने आ रही है। इसी क्रम में सेमरिया के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं पूर्व प्रदेश प्रभारी पंकज सिंह ने कलेक्टर सूर्यवंशी की कार्यप्रणाली की खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि लंबे समय बाद रीवा जिले को एक ऐसा अधिकारी मिला है, जो ईमानदारी, कार्य के प्रति सजगता और पारदर्शी छवि के साथ प्रशासन चला रहे हैं। पंकज सिंह ने कहा कि कलेक्टर सूर्यवंशी ने पदभार ग्रहण करने के बाद से ही जिले में जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है। चाहे ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर सीधे जनता से संवाद करना हो या फिर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी, हर स्तर पर उनकी सक्रियता देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारी यदि संवेदनशील और ईमानदार हो तो शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर में बैठे हर व्यक्ति तक पहुंचना संभव हो जाता है और यही कार्य कलेक्टर सूर्यवंशी के नेतृत्व में रीवा जिले में दिखाई दे रहा है। वहीं श्री सिंह ने आगे कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में कलेक्टर द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनना और मौके पर ही समाधान के निर्देश देना उनकी कार्यशैली की विशेषता बन चुकी है। श्री सिंह ने कहा कि रीवा जिले के विकास के लिए यह एक सकारात्मक संकेत है, कि प्रशासन का मुखिया स्वयं फील्ड में जाकर स्थिति का मूल्यांकन कर रहा है। इससे न केवल जनता का भरोसा बढ़ा है बल्कि अधिकारियों में भी जवाबदेही की भावना मजबूत हुई है। वही पंकज सिंह ने उम्मीद जताई है कि अगर रीवा कलेक्टर की इसी तरह की कार्यशैली आगे भी जारी रहेगी तो निश्चित तौर पर रीवा विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

# श्रीमद्भागवत कथा साक्षात् भगवान का निजधाम है : डॉ विशुद्धानंद

## रमगढ़वा में श्रीमद् भागवत महापुराण दिव्य कथा का शुभारंभ



**जवा ब्यूरो।** तराई आंचल के ग्राम पंचायत रमगढ़वा सरपंच के निज निवास यशोदा कुंज में 8 मई को पाप-ताप हारिणी श्रीमद् भागवत महापुराण की दिव्य कथा का श्री गणेश हुआ। कथा व्यास डॉक्टर विशुद्धानंद ब्रह्मचारी महाराज रूद्रावर्त प्रयाग ने कथा श्रोता स्वामी नरसिंह दास के परम भक्त सनातन धर्मानुरागी वीतरागी संतस्वरूप महात्मा भगवान पाल सिंह एवं वहां पर उपस्थित श्रद्धालु श्रोता भक्तों को प्रथम दिवस महापुराण कथा महात्म सुनाते हुए कहा कि वेदों, पुराणों और महाभारत की रचना के बाद भी जब महर्षि वेदव्यास को शांति नहीं मिली, तब नारद मुनि की प्रेरणा से उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण की रचना की। श्रीमद् भागवत महापुराण वेदों का निगमकल्पतरु अमृत रूपी फल माना जाता है, जो शुकदेव जी के मुख से निकला है। जो श्रोता और वक्ता दोनों को गंगा के समान पवित्र करता है। श्रीमद् भागवत कथा साक्षात् भगवान् का निजधाम है, जो भक्त को सांसारिक दुखों से पार कर परम आनंद सच्चिदानंद की प्राप्ति कराती है। इसे सुनने से जन्म-जन्मांतर के पाप कट जाते हैं और मोक्ष मिलता है। इसे पंचम वेद भी कहा जाता है और यह सभी मतभेदों का समन्वय करने वाला महान ग्रंथ है। श्रीमद् भागवत महापुराण केवल एक कथा नहीं, बल्कि साक्षात् भगवान का स्वरूप है, जो कलियुग में कल्याण का सर्वोच्च मार्ग है। यह दिव्य कथा अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है, जिसे पाने के लिए स्वयं देवता स्वर्ग के अमृत का कलश लेकर आए थे, लेकिन शुकदेव जी ने इसे भक्ति के अधिकारी को ही देना उचित समझा। यह महापुराण 12 स्कंधों में विभक्त है, जिसमें सर्ग, विसर्ग, स्थान, पोषण, और आश्रय जैसे 10 प्रमुख विषयों का वर्णन है। महर्षि वेदव्यास ने इसे स्वयं को पूर्ण तृप्ति प्रदान करने के लिए रचा था। कथा विश्राम के पश्चात आरती एवं दिव्या प्रसाद वितरण किया गया।

### इन्होंने किया कथा का रसपान

आचार्य सुखीनंद मिश्रा, सरपंच ग्राम पंचायत रमगढ़वा एवं नरसिंह देव सिंह, बृहस्पति देव सिंह, हरिश्चंद्र देव सिंह सहित समस्त बघेल परिवार ने उपस्थित भक्त जनों का स्वागत-सत्कार एवं अभिनंदन किया तथा कथा में प्रतिदिन उपस्थिति हेतु निवेदन किया।

# शिक्षाविद सेवानिवृत्त प्राचार्य जगदीश प्रसाद द्विवेदी का देहावसान



**आंचालिक डेस्क।** मऊगंज जिले के ग्राम पंचायत वरहटा ग्राम सेमरिया के वरिष्ठ नागरिक और शिक्षाविद सेवानिवृत्त प्राचार्य त्रिवेणी प्रसाद द्विवेदी 92 वर्ष की उम्र में विगत दिनों दुखद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पूरे विधि विधान के साथ गृह ग्राम सिमरिया भारी भीड़ के बीच हिन्दू रीति-रिवाज के साथ किया गया। वो अपने पीछे एक पुत्र, 5 पुत्री, एवं नाती पोतों के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। श्री द्विवेदी के निधन पर रावेंद्र शर्मा, नितन शर्मा, विनोद शर्मा, राम जी श्याम जी, अनु द्विवेदी, धर्मेंद्र द्विवेदी, अमन तिवारी, उषा, सविता आदि सहित सैकड़ो लोगो ने श्रद्धांजलि व्यक्त की है।

# आस्था, संस्कार और श्रद्धा का अद्भुत संगम बना खंधो धाम



**गोविंदगढ़ ब्यूरो।** सभापति वन स्थायी समिति निर्मला संजीव द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं ग्राम वन समिति बांसा की देख रेख में कमलकिशोर द्विवेदी के द्वारा अपने सुपुत्र एवं भतीजे का विधि-विधान के साथ संस्कार सम्पन्न कराया गया। माता रानी की असीम कृपा और आशीर्वाद से यह शुभ संस्कार केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि खंधो धाम की बढ़ती हुई धार्मिक पहचान और सनातन संस्कृति के विस्तार का प्रतीक बन गया। जिस धाम में आज भक्ति, सेवा और संस्कार एक साथ आगे बढ़ रहे हैं, वहाँ माता रानी की कृपा निरंतर बरस रही है। इस अवसर पर निर्मला संजीव द्विवेदी ने कहा कि खंधो धाम अब केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि धार्मिक एवं सामाजिक संस्कारों की नई पहचान बनता जा रहा है। आगे ये भी कहा कि संगठन और सहयोग से खंधो धाम इसी प्रकार उन्नति, श्रद्धा और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ता रहें।

# हितग्राहियों से अगूंठा लगवाकर खाद्यान्न के लिए लगवा रहे चक्कर

## पूर्व शिकायतों पर विभाग मौन



**गुढ़ (नि. प्र)।** नगर परिषद गुढ़ में शासकीय निःशुल्क खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को लेकर लगातार शिकायतें सामने आने के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से बीपीएल हितग्राहियों में भारी नाराजगी व्याप्त है। संवाददाता से बात करते हुए गरीब परिवारों ने आरोप लगाया कि पूर्व में कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, जिसका खामियाजा आज भी आम हितग्राहियों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 से 13 तक खाद्यान्न वितरण करने वाले कोटेदार अनिल सैनी तथा वार्ड क्रमांक 1 से 7 तक के कोटेदार छोटेलाल उर्मालिया पर हितग्राहियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। संवाददाता को बताया गया है कि पहले हितग्राहियों को लंबी लाइन में खड़ा कर अंगूठा लगवाया जाता है और इसके बाद खाद्यान्न वितरण कई दिनों बाद किया जाता है। इस व्यवस्था के कारण मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले गरीब परिवारों को बार-बार दुकान के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। हितग्राहियों का कहना है कि राशन लेने के लिए उन्हें कई बार काम छोड़कर आना पड़ता है, जिससे उनकी रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। वहीं वितरण के दौरान तौल में गड़बड़ी और निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न दिए जाने की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारी केवल औपचारिकता निभाते रहे और अब तक किसी प्रकार की सख्त कार्रवाई नहीं हुई। इससे कोटेदारों के हौसले बुलंद हैं और गरीब हितग्राही लगातार परेशान हो रहे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा बीपीएल हितग्राहियों को समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए।

# ग्राम पंचायत ककरहा में सरपंच एवं सचिव पर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के आरोप

**त्योंथर ब्यूरो।** जनपद पंचायत त्योंथर अंतर्गत ग्राम पंचायत ककरहा में सरपंच एवं ग्राम पंचायत ककरहा में पदस्थ पंचायत सचिव और संबंधित उपयंत्री पर अनियमितता के आरोप लगे हैं। संवाददाता को ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित उपयंत्री के सरंक्षण में ग्राम पंचायत अंतर्गत कराए गए सभी निर्माण कार्यों में निर्धारित मापदंडों को दरकिनार करते हुए घटिया सामग्री का उपयोग करते हुए गुणवत्ताहीन निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों ने संवाददाता से आगे कहा कि निर्माण कार्य में सीमेंट, रेत एवं सरिया तथा अन्य निर्माण संबंधी सामग्री अत्यंत गुणवत्ताहीन है जिससे निर्माण कार्य ज्यादा दिन तक टिक नहीं पाएगा। ग्रामीणों ने आगे कहा कि निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार एवं अनियमितता में संबंधित उपयंत्री की मिली भगत से इनकार नहीं किया जा सकता है। ग्राम पंचायत वासियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया है कि यदि सभी निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तो मौके पर स्थल परीक्षण में निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग किया जाना पाया जाएगा और घटिया निर्माण पाया जाएगा। यदि उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी जो शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जाना पाया जाएगा। ग्रामीणों ने शासकीय राशि की दुरुपयोग की जांच की मांग की है साथ ही यह भी कहा है कि देखना यह होगा कि उच्चाधिकारी जांच करते भी है अथवा नहीं, जिसकी प्रतिक्षा की जाना चाहिए।

# जिला संयोजक के सरंक्षण में अदवांचल ग्रामीण छात्रावासों में व्यापक भ्रष्टाचार : आरोप

## नियम विरुद्ध 3 वर्षों से ऊपर कार्यरत है छात्रावास में अधीक्षक और अधीक्षकाएं

**हनुमना, नि.प्र.।** रीवा जिला से पृथक नवीन जिला मऊगंज के विकासखंड हनुमना के अदवांचल ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य रूप से पिपराही, जडकुड में संचालित छात्रावासों में अनियमितता के आरोप लगे हैं। संवाददाता को ग्रामीण बालक-बालिकाओं के अभिभावकों ने बताया कि छात्रावास के अधीक्षक एवं अधीक्षाकाएं आज शासन के नियम अनुरूप 3 वर्षों से ऊपर कार्यरत हैं और छात्रावासों का क्रियान्वयन में भारी अनियमितता हो चुकी है, इस समय तो छात्रावास में अवकाश चल रहा है, इसके पूर्व में बच्चों को शासन के अनुरूप बच्चों को सुविधायुक्त भोजन, कपड़े, तेल, साबुन आदि व्यवस्थाओं की मार छात्र और छात्राओं को झेलनी पड़ चुकी है, इन छात्रावास में अधीक्षक स्थानीय निवासी भी होने के कारण इनका विरोध ग्रामीण के बच्चे या अभिभावक करने में असमर्थ हैं विरोध करने पर भी इनके ऊपर जिला संयोजक का संरक्षण प्राप्त है समाचार प्रकाशित होने के बावजूद भी इन अधीक्षकों को अपने मूल पद पर क्यों नहीं भेजा जा रहा है ग्रामीणों ने यह मांग किया है कि नए सत्र में नए अधीक्षक एवं अधीक्षकाए छात्रावास में पदस्थ किया जाए जिस कारण छात्रावास के अधीक्षाकाएं या अधीक्षक के ऊपर कोई भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जाती और शासन के गाइडलाइन के अनुसार सभी छात्रावास में 3 साल ही नियमावली अधीक्षक कार्यरत हैं फिर भी ग्रामीण छात्रावास में 3 वर्षों से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी इन छात्रावास के अधीक्षक को उनके मूल पद में नहीं भेजा जा रहा है। अभिभावकों ने जिला अधिकारी मऊगंज एवं जिला संयोजक से यह मांग है कि ग्रामीण छात्रावास में 3 वर्षों से अधिक हो चुके कार्यरत अधीक्षक का स्थानांतरण कर मूल पद में किया जाए किया जाए एवं छात्रावास में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाए।

# साहित्य सृजन

## माँ इस धरा पर देवों के अवतार जैसी है



माँ की गोद अकेली सारे संसार जैसी है।।
माँ अंधियारे में दीपक का,
नित अटल विश्वास बनाती है।
टूटे सपनों के आँगन में,
फिर से प्राण जगाती है ।।
माँ मौन खड़ी हर पीड़ा में,
तूफानों में भी ठाल बनी।
संतानों पर पड़ने वाली, हर बुरी नजर का काल बनी।।
प्रसव पीड़ा का अनुभव कर पाना संभव नहीं।
माँ कष्ट सहने में सागर के आकार जैसी है।।
माँ इस धरा...
माँ सृष्टि का आधार प्रथम, जीवन का अर्थ सिखाती है।
हर गिरते पग को थाम सदा, माँ हमको मार्ग दिखाती है।।
माँ त्याग-तपस्या की भाषा, है जीवन की पावन वाणी।
अमंगल को भी मंगल कर दे, माँ संपूर्ण जगत की कल्याणी।।
चूल्हा, चौका, चखिया, बासन, सब कहते मिलकर।
माँ घर के कण-कण में, पावन संस्कार जैसी है।।
माँ इस धरा पर...
माँ निश्चल ममता की धारा, देती है निज पहचान हमें।
माँ के चरणों में मिल जाते, दुनिया के चारों धाम हमें ।।
माँ संबंध नहीं साधना है, सर्वशक्तिमान कहलाती है।
जब बाधा आती जीवन में माँ समाधान हो जाती है।।
कलम में नहीं सामर्थ्य, माँ की कहानी लिख सके।
माँ अनन्त आकाश के, अनन्त विस्तार जैसी है।।
माँ इस धरा पर...

**डॉ. जीवन एस. रजक, राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी एवं साहित्यकार**

## गज़ल



ज़िंदगी इक आस बनकर रह गयी ।
प्यास तो बस प्यास बनकर रह गयी
ख़्वाहिशों की मंज़िलों की चाह भी,
चाहतों की आस बनकर रह गयी ।
खोलकर दिल से मुहब्बत की मगर,
अब वही एहसास बनकर रह गयी ।
टूटते, गिरते, बिखरते इस तरह,
ज़िंदगी ये ह्रास बनकर रह गयी ।
मुस्कुराते मुस्कुराते कब हँसी, वेदना की दास बनकर रह गयी ।
प्रेम की मधुरम सरस आवाज़ भी, अनसुनी बकवास बनकर रह गयी
अब मुहब्बत भी अधूरे पन्नों पर, बस विरह में काश बनकर रह गयी ।
महफ़िलों की भीड़ से मिलकर स्वतः, अब शिकायत ह्रास बनकर रह गयी
ख़्वाब की ओढ़े चुनर ये 'रागिनी' रात की ही ख़ास बनकर गयी ।

**डॉ रागिनी सिंह परिहार, आजाद नगर रीवा**

## मानवतावाद



भारत का अगणित निनाद हो,
मानवता बस एक बाद हो ।
वसुधैव कुटुंबकम का नारा हो,
अनिमेष अटल सबसे प्यारा हो।
विश्व - बंधुता फिर से फैले,
सब की आंखों का तारा हो ।
शुभ मंगलमय देश हमारा,
यह धारा बस निर्विवाद हो।।
मानवता बस ...
फिर से वेद -ऋचाएं गूँजे, पंचतत्व अभिमंत्रित पूजें।
सूर्य ,चंद्रमा ,नवग्रह, उपग्रह , इनके ही उपमान को सूझें।
कर्म -प्रधान जगत हो मेरा , दंभ - द्वेष और ना विषाद हो ।।
मानवता बस ...
रामचरितमानस गीता हो , हर कन्या पावन सीता हो ।
हर बच्चा पुरुषोत्तम राम, जितेंद्रियों को अभिजीता हो ।
सब धर्मों के सार को समझें, वेद - वाक्य का सिंह नाद हो ।।
मानवता बस ...
एक है मालिक एक भगवान , हम मनु, शतरूपा की संतान।
क्यों आपस में सब लड़ बैठे, सबसे पहले हम इंसान ।
धीर- वीर - गंभीर बने हम , मुनिअगस्त और ऋषि कणाद हो।।
मानवता बस एक बाद हो।।

**प्रवीणा पाण्डेय, रीवा**

## रण क्षेत्र



सिंह सा तु नाद कर, युद्ध में प्रहार कर ।
क्रोध अपने वश में कर, शत्रु का संहार कर।।
कालिका भुजा में है, तू शक्ति का संचार कर।
मन को साध तन को साध, युद्ध में प्रहार कर ।।
जीवन है रण तेरा , मन भी शत्रु है यहां।
मित्रता का रंग ओढ़, शत्रु का चेहरा यहां।।
शत्रु की पहचान कर, शस्त्र का संधान कर।
रक्त में उबाल भर, युद्ध में प्रहार कर ।।
अर्जुन सी चेतना, एकलव्य सा तू धैर्य कर।
कर्ण सा विजय धनुष, अभिमन्यु सा तेज भर।।
मन को अपने साध कर ,मन में वीरता को भर ।
वीरों का रक्त याद कर, युद्ध में प्रहार कर।।

**अभय कुमार चौरसिया, महसांव रीवा**

## एक राह



उस राह मे ठुकराना ,
अपनों पे सितम ढाना,
जो जग मे अंधा हो,
उसे क्या -क्या समझाना,
झूठे की बगावत मे ,
अपनों को तड़पाना,
कुछ तुम तो जानो पल को,
क्यों आँखे रोई हैं ।

**प्रिन्सू अनिरुद्ध दुबे, रीवा**

## तुम मशहूर हो



तुम मशहूर हो जमाने में,
कुछ उनकी तरफ देखा करो
जिनकी सीढ़ी लगा के चढ़े,
उनकी भी कदर किया करो।
जिन हाथों ने राह दिखाई
उनका तो सम्मान रखा करो,
मंजिल पाकर यूँ रहबरों को,
कभी न तन्हा किया करो।
दौर -ए-दुनिया में आज लोग
अक्सर भूल जाते हैं अहसान ,
तुम मगर अपने किरदार को, यूँ न कभी सस्ता किया करो।
नाम ऊँचा तुम्हारा हो तो, किरदार भी बड़ा रखा करो,
कुर्सी शोहरत के इस मेले में, तुम इन्सान बने रहा करो।
तुम विश्वास हो इस धरा के, गिरेबां मे अपने झांका करो,
अपने चरित्र का पतन कर के, इतने घटिया न तुम बना करो।
वक्त की ठोकर लगे सबको ये भी याद तुम रखा करो ,
ऊँचाई में तुम रहकर भी धरती से रिश्ता रखा करो।

**रश्मि शुक्ला, पूर्व संयुक्त संचालक शिक्षा**

## कक्का



लड़िका खासा गोर है कक्का।
लेकिन दतनिपोर है कक्का।
नेताजी अब उचय न घर से,
का उनखे बरतोर है कक्का ?
गरीब के बिटिया पढ़ैं लाग ही,
गॉव भरे मा सोर है कक्का।
तुम्हरे घर मा घुप्प मचा है,
उनखे खूब अंजोर है कक्का।
बोट दिह तुम आसव जेखा,
पता चला व चोर है कक्का।

**प्रियांशु 'प्रिय', सतना**


भारत सरकार
सोमनाथ
सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥
सोमनाथ
विरासत के 75 साल
सोमनाथ भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है। 1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है।
75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ।
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है।
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
इस स्वर्णिम अवसर के साक्षी बनें
मुख्य गतिविधियां
कलश यात्रा | भजन संध्या | ॐकार मंत्र का जाप
सोमनाथ पुस्तिका में मंत्र लेखन | सोमनाथ से जुड़ी कथाओं का वाचन
श्री सोमनाथ मंदिर परिसर, प्रभास पाटन | 8 से 11 मई, 2026
"सोमनाथ आशा का वह गीत है जो हमें सिखाता है कि सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है।"
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी (अध्यक्ष, श्री सोमनाथ ट्रस्ट)
D- 11019/26
सोमनाथ की दिव्यता एवं भव्यता में दें योगदान और बनें गौरवशाली इतिहास का हिस्सा।
स्कैन करें।
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

## अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों से आवदेन पत्र आमंत्रित

**रीवा।** जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 में डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अन्तर्गत जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों से आवदेन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदक की उम्र 18 से 55 वर्ष के बीच हो, आवेदक आयकर दाता न हो, जिले का निवासी हो एवं जाति तथा निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिये।

## विषम वैश्विक परिस्थितियों में उर्वरकों की आपूर्ति जारी

**रीवा।** खरीफ फसलों की बोनी की तैयारी हेतु प्रदेश में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान स्थिति में लगभग 6.40 लाख मेट्रिक टन यूरिया, 1.57 लाख मेट्रिक टन डीएपी, 3.56 लाख मेट्रिक टन एनपीके इस प्रकार 5.13 लाख मेट्रिक टन डीएपी एनपीके तथा 3.50 लाख मेट्रिक टन एसएसपी खाद उपलब्ध है।

67 दुर्लभ प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बना सच्ची सहेली आयुर्वेदिक टॉनिक और टेबलेट्स कठिन समस्याओं में अति सहायक है।
24x7 Helpline: 77106 44444 • www.sachisaheli.in
सच्ची सहेली आयुर्वेदिक औषधीय टॉनिक
विशेष समस्याओं के लिए भरोसेमंद टॉनिक
Helps in: कठिन दर्द, चिड़चिड़ापन, थकान, कमजोरी, कमर कटना, इम्यूनिटी
Clinically Tested*

# मुंबई से लौटे युवक ने रहस्यमय तरीके से की सुसाइड

## 'तेरे घर के सामने हम अपनी जान देंगे'- रील वायरल करने के बाद फंदे से लटकती मिली लाश



**जागरण, रीवा।** मुंबई से लौटे युवक ने रहस्यमय तरीके से सुसाइड कर अपनी जान दे दी। फिल्मी गाने पर रील बनाने के बाद युवक ने यह आत्मघाती कदम उठाया। युवक का सुसाइड से पहले का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमे वह फ़िल्मी गाने के माध्यम से जान देने की बात कह रहा है। युवक का शव घर के कमरे में फंदे पर लटकता मिला है। घटना गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलचट में सामने आई। मिली जानकारी के मुताबिक राज खान पिता इस्लाम खान निवासी 22 वर्ष निवासी सिलचट ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक राज खान शुक्रवार की रात को ही मुंबई शहर से अपने गृह ग्राम सिलचट लौटा था। परिजनों ने बताया कि घर पहुंचने के बाद उसने सामान्य रूप से भोजन किया और अपने कमरे में सोने चला गया। शनिवार की सुबह जब परिजन उसे जगाने के लिए कमरे में गए तो वहां का दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए, राज का शव कमरे में फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। युवक का शव देकर परिजनों ने शोर शराबा किया जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और सूचना गुढ़ पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया जहां पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। गुढ़ पुलिस मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच कर रही है, बताया जा रहा है कि पुलिस युवक के फोन डिटेल चेक कर घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे साय 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

# शादी के 20 दिन बाद दूल्हे ने की आत्महत्या

### सरहंगों ने की थी मारपीट, सेमरिया थाना क्षेत्र के बरौं की घटना



**जागरण ,रीवा।** सेमरिया थाना क्षेत्र के बरौ गांव में शादी के 20 दिन बाद युवक के सुसाइड किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि गांव के कुछ सरहंग किस्म के युवकों ने उसके साथ पुरानी रंजिश में मारपीट की थी, जिसके बाद से वह डिप्रेशन में था। फिलहाल सेमरिया पुलिस अब पूरे मामले में मर्ग कायम कर जांच में लगी हुई है। घटना के संबंध परिजनों का आरोप है कि युवक के साथ गांव के सरहंगों ने पुरारी रंजिश में मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी, जिससे क्षुब्ध होकर उनके लड़के ने यह आत्मघाती कदम उठाया। परिजनों ने मारपीट करने वालों को घटना का जिम्मेदार ठहराते हुये पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के मुताबिक बरौं गांव निवासी दिव्यांशु सोधिया का विवाह 20 अप्रैल को हुआ था। बताया गया कि युवक रीवा से अपने गांव बरौं गया हुआ था। जहां सरहंगों ने पुरानी रंजिश में उसे घेरकर मारपीट की। युवक के साथ हो रही मारपीट की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे और बीच बचाव किये लेकिन आरोपी जाते जाते उसे जान से खत्म करने की धमकी दे गए। मृतक के परिजनों की मानें तो मारपीट की इस घटना से आहत युवक घर के कमरे के भीतर फंदे में झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में मातम छा गया और आक्रोशित परिजन मारपीट करने वालों को युवक की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुये कार्यवाही की मांग की है।

कमला नेहरू उच्च.माध्य.विद्यालय बाण सागर कालोनी, रीवा
प्रवेश प्रारंभ Nur. To 12th English Medium
32 वर्षों से संचालित विश्वास का प्रतीक
आवश्यकता है: अंग्रेजी - 2 पद, गणित - 2 पद, आर्ट - 2 पद, इंगलिश मीडियम प्राथमिक शिक्षक - 6 पद
इच्छुक अभ्यर्थी संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें कार्यालय समयः प्रातः 08 बजे से 02 बजे तक बायोडाटा जमा करें
इंगलिश मिडियम में योग्य अनुभवी शिक्षकों की आवश्यकता है।
संपर्क करें: 9755844900,7415156972,7000215923

SUDHA COLLEGE OF PHARMACY
(PCI Approved courses/PCI-10601)
B.Pharma 4- Years Course 60 Seats
D.Pharma 2- Years Course 60 Seats
Admission Fees Free
ADMISSION OPEN Session : 2026-27
Eligibility : 12th Passed (Math/Biology)
Note: Scholarship is also available for eligible candidate
For Admission and Query Call US: 9993204854, 9425818399
Add.: Sagra Gagahara Road Rewa (M.P.)
Email: sudhacollegeofpharmacy@gmail.com

# ड्यूटी थाने में, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में रिटायर्ड

## मऊगंज में सिस्टम की बड़ी लापरवाही, 2 महीने से बिना वेतन काम कर रहे एएसआई

**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले से सरकारी व्यवस्था की बड़ी लापरवाही का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पुलिस अधिकारी रोजाना थाने में ड्यूटी कर रहा है, अपराधों की विवेचना कर रहा है, हाजिरी लगा रहा है, लेकिन सरकारी कागजों में उसे रिटायर्ड घोषित कर दिया गया। हैरानी की बात यह है कि इस गलती के कारण पिछले दो महीने से उसका वेतन भी बंद है। मामला लौर थाना में पदस्थ एएसआई माने खान से जुड़ा है। माने खान लगातार अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। थाने में उनकी सुबह-शाम गणना हो रही है, कर्मचारी कोड भी एक्टिव है और वे नियमित रूप से विवेचना का कार्य कर रहे हैं। लेकिन विभागीय रिकॉर्ड में उन्हें फरवरी 2026 में ही सेवानिवृत्त दिखा दिया गया। जब लगातार दो महीने तक वेतन खाते में नहीं पहुंचा तो एएसआई माने खान ने कार्यालय जाकर जानकारी ली। वहां उन्हें बताया गया कि आप तो रिटायर्ड हो चुके हैं, इसलिए वेतन नहीं मिल रहा। यह सुनकर खुद पुलिस अधिकारी भी हैरान रह गए। जानकारी के मुताबिक उनकी वास्तविक रिटायरमेंट जुलाई 2026 में होनी थी, लेकिन ऑनलाइन फीडिंग में विभागीय त्रुटि या तकनीकी गड़बड़ी के चलते उन्हें समय से पहले ही रिटायर्ड दर्ज कर दिया गया। अब हालत यह है कि एक तरफ एएसआई माने खान पुलिस की जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ वेतन बंद होने से आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने पूरे मामले को लेकर मऊगंज पुलिस अधीक्षक के नाम पत्र लिखकर न्याय और वेतन बहाल करने की मांग की है। यह मामला सिर्फ एक कर्मचारी की परेशानी नहीं, बल्कि सरकारी सिस्टम की कार्यप्रणाली पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है कि आखिर ड्यूटी कर रहे कर्मचारी को रिकॉर्ड में रिटायर्ड कैसे कर दिया गया फिलहाल अब सुधार की बात कही जा रही है।

> ऑनलाइन फीडिंग में हुई त्रुटि के चलते डेट ऑफ बर्थ की गलत फीडिंग हो गई थी। जिसके चलते एएसआई रिटायर्ड दिख रहे थे और उनकी वेतन बंद थी, जुलाई में वो सेवानिवृत्त होंगे। त्रुटि सुधार कर ली गई है, मंगलवार तक उनका वेतन मिल जाएगा।
>
> **शचि पाठक**
> **एसडीओपी मऊगंज**

Minerva The Medicity A MULTI SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मिनर्वा द मेडिसिटी मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना कार्डियक सर्जरी पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

SAI PUBLIC SCHOOL
(Now affiliated with CBSE) CBSE Affiliation no- 1031496
Only school in Rewa offering JEE and NEET classes, Along with AI & Robotics
ADMISSION OPEN For Session 2026-27
From Nursery To Class XI
• SCIENCE • COMMERCE • HUMANITIES
8087027485, 8966994700
saipublicschool.rewa@gmail.com www.saipublicschool.co.in
Near Sadhu Shree Marriage Garden, Shardapuram, Rewa

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गड्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/- परामर्श क्लीनिकः शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

BBS MEMORIAL HR. SEC. SCHOOL AZAD NAGAR, REWA (M.P.)
BBS KIDS ZONE 9424777617
More than 50 student Scored 90% in Board Examination
मध्यप्रदेश टॉप 10 में निरंतर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
Vishesh, Priyanshi, Harshita 2025-26
NEET selected IIT selected
ADMISSION OPEN For Nursery to 12th
NO ADMISSION FEE

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम MD, DrNB (गैस्ट्रो)
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधा • एंडोस्कोपी • कोलोनोस्कोपी • फाइब्रोस्केन • ERCP
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

डॉ. अनुशा पाण्डेय एम.बी.बी.एस., एम.एस. (ऑब्स एण्ड गायनी) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, लेप्रोस्कोपिक सर्जन
संबंधित समस्याएँ: सफेद पानी जाना, मासिक में अनियमितता; मासिक के समय दर्द एवं अधिक रक्त स्त्राव; पेशाब का लीक होना, बदबू आना, जलन होना एवं पेशाब सम्बन्धी समस्या; बच्चा रोक थाम का उपाय; बाँझपन का इलाज; अंडाशय की गांठ के ऑपरेशन; बच्चेदानी के ऑपरेशन; बच्चेदानी के स्त्रीनी का इलाज; पॉलीसिस्टिक ओवरी डिजीज का इलाज; रजोनिवृति (Menopause) की समस्याएँ; नॉर्मल डिलिवरी एवं सिजेरियन डिलिवरी
परामर्श समयः सुबह 11:00 बजे से सायं 07:00 बजे तक प्रतिदिन
निःशुल्क परीक्षण कैम्प हर महीने की 15 तारीख को
मिलने का पता श्री समाधान सोनोग्राफी सेंटर कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम के सामने शॉप नं.-39, 39A समदड़िया मेडिकल मॉल-रीवा
8085813545

SHRI RAMKRISHNA COLLEGE OF PHARMACY
APPROVED BY: PCI NEW DELHI AND AFFILIATED TO RGPV BHOPAL (M.P.)
B.Pharma D.Pharma REGISTRATION OPEN Session 2026-27
6262084843, 9183484843
Campus -Deora, Airport road chorahata,Rewa (M.P)

मिनर्वा आई.वी.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर) (निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ: IUI, IVF, ICSI; फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET); एग फ्रीजिंग; एंब्रियो फ्रीजिंग; स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

विंध्य के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.पी.सी. द्विवेदी एम.एस. (नेत्र) सेवानिवृत्त एवं पूर्व विभागाध्यक्ष
का नया पता
समयः सुबह 10 बजे से 2 बजे तक जूनियर MIG-3 हेडगेवार नगर कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम के सामने, रीवा
आस्था मेडिकल स्टोर, ढेकहा तिराहा, रीवा
समयः शाम 5 बजे से 7 बजे तक
8966825155,7225925922,9179687302

100 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
प्रार्थना हॉस्पिटल & रिसर्च सेन्टर
24x7,ICU,NICU
• हड्डियो का निःशुल्क आपरेशन आयुष्मान से • प्लास्टिक सर्जरी निःशुल्क आपरेशन आयुष्मान से
मेडिसिन डॉ. संदीप पटेल MBBS, MD (मेडिसिन)
अनुभवी एवं प्रशिक्षित डॉक्टर एवं पैरामेडिकल टीम के साथ
सिजेरियन | नार्मल डिलिवरी बच्चेदानी का आपरेशन दूरबीन द्वारा
उपलब्ध विभाग: यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, कार्डियोलॉजी, सर्जरी (लेजर एवं लेप्रोस्कोपी), आर्थोपेडिक्स, गैस्ट्रोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, मेडिसिन, गायनी एवं आब्स, पिडियाट्रिक्स
आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क इलाज
मेडिक्लेम की सुविधा उपलब्ध
24/7 इमरजेंसी सुविधा
पी.टी.एस. न्यू बस स्टैंड रोड, फ्लाईओवर के बगल में, रीवा
संपर्क करें: 756690 8666, (07662) 469015

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com